डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

₹79500 10 ग्राम

₹976000 01 किलो

सेंसेक्स 73,730.23 +740.30

डॉलर 86.887 -0.374

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 06 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-141, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 पिता की मौत के 6 दिन बाद प्रियंका ने...

## एक नजर

### झारखंड को जल्द मिलेगा नेता प्रतिपक्ष पर्यवेक्षक नियुक्त

**रांची।** झारखंड को जल्द नेता प्रतिपक्ष मिल जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने झारखंड विधानसभा में भाजपा के विधायक दल के नेता के चयन के लिए 2 केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। दोनों पर्यवेक्षक जल्द ही झारखंड आएंगे और विधायकों से रायशुमारी करने के बाद विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। पर्यवेक्षकों के नाम भूपेंद्र यादव और डॉ के लक्ष्मण हैं। भूपेंद्र यादव केंद्रीय वन, पर्यावरण मंत्री हैं। डॉ के लक्ष्मण ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वह सांसद भी हैं। राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

### राहुल गांधी पर कोर्ट ने लगाया 200 रुपए का जुर्माना

**लखनऊ।** कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लखनऊ की अदालत में एक बार फिर बुधवार को पेश नहीं हुए। इससे कोर्ट नाराज हो गया और उन पर 200 रुपए का जुमार्ना लगाने के साथ ही अगली तारीख पर पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर भी नहीं पेश होने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। राहुल गांधी ने वीर सावरकर को लेकर बयान दिया था। इस बयान को समाज में वैमनस्यता फैलाने और घृणा फैलाने वाला बताते हुए राहुल गांधी के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की गई है। इसकी सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने हो रही है। अगली सुनवाई के लिए 14 मार्च की तारीख दी गई है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज कल




# अंतरराज्यीय समन्वय से विधि-व्यवस्था मजबूत होगी : उपायुक्त

## संयुक्त अभियान के तहत अवैध गतिविधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- संयुक्त अभियान से होगी अवैध गतिविधियों पर लगाम
- होली से पहले शराब और मादक पदार्थों पर विशेष छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय सर्किट हाउस में आज अंतरराज्यीय जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पलामू और औरंगाबाद जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अंतरराज्यीय समन्वय से विधि-व्यवस्था संधारण, अवैध गतिविधियों पर रोकथाम और पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब, स्प्रीट, मादक पदार्थों, आग्नेयास्त्रों, ओवरलोड और बिना चालान बालू-पत्थर परिवहन जैसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। **शेष पेज 11 पर**



### संयुक्त अभियान की रणनीति

- होली से पहले अवैध शराब और मादक पदार्थों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।
- पर्व-त्योहारों के दौरान निकलने वाले जुलूस के रूट का सत्यापन कर संवेदनशील स्थानों पर वीडियोग्राफी की जाएगी।
- सीमावर्ती जिलों में अवैध बालू और खनिज परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।
- माल ढुलाई पर जीएसटी भुगतान की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाएगी।
- नक्सली गतिविधियों की रोकथाम के लिए सतर्कता बढ़ाई जाएगी।

### सीमावर्ती जिलों में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश

अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी पर रोक। बिना चालान बालू और अन्य खनिजों की ढुलाई पर कड़ी कार्रवाई। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने और वीडियोग्राफी कराने का फैसला। नक्सली गतिविधियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता अभियान।

# उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया बड़गड़ प्रखंड का दौरा

- नक्सल मुक्त बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विकास कार्यों का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के सुदूरवर्ती नक्सल मुक्त बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने और स्थानीय लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से बरगढ़ प्रखंड के टेहरी पंचायत का दौरा किया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के टेहरी पंचायत सहित अन्य इलाकों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी विकास योजनाओं का लाभ मनरेगा, आवास योजना, सर्वजन पेंशन, केसीसी, वन अधिकार पट्टा, बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आधार सीडिंग, पेयजल और विद्युत जैसी योजनाओं के माध्यम से शत-प्रतिशत पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के पंचायतों में बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब इस क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने कहा कि पहले यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित था, लेकिन जिला प्रशासन, **शेष पेज 11 पर**



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवचयनित 49 प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा-

# सभी के सहयोग से राज्य का सर्वांगीण विकास संभव

- आईटीआई संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पाठ्यक्रम शामिल करने पर दिया जोर
- नौजवानों को हुनरमंद बनाने एवं रोजगार से जोड़ने के लिए उठाये जा रहे हैं कई कदम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 49 नव चयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड मंत्रालय में श्रम, प्रशिक्षण, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा किया गया था। मौक पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का यह कारवां बढ़ता रहेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।



### जिम्मेदारियों से भरे एक नए सफर की हो रही शुरूआत

**मुख्यमंत्री ने नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। वहीं कहा कि आज से सरकार की एक अभिन्न अंग के रूप में जिम्मेदारियों से भरे नए सफर की आप शुरूआत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आप प्रशिक्षण देकर युवाओं के हुनर को इस तरह से निखारेंगे कि उन्हें रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। वे अपने हुनर तथा क्षमता की बदौलत देश -विदेश में मान सम्मान और गर्व के साथ कार्य कर अपने परिवार और राज्य का नाम आगे बढ़ाएंगे।**

**हुनर अनमोल होता है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हुनर का कोई मोल नहीं होता है। हुनर तो अनमोल है। अगर आपके पास हुनर हो तो आपको रोजगार के लिए दौड़ने की जरूरत नहीं है। रोजगार खुद आपके दरवाजे पर आएगा, क्योंकि हुनरमंद को हर कोई अपने साथ जोड़कर रखना चाहता है। यही वजह है कि हमारी सरकार राज्य के नौजवानों के कौशल विकास के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। अब नौजवानों के प्रशिक्षण के लिए टेक्नोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है, क्योंकि तकनीक के जरिए ही आज के युवा आगे बढ़ सकेंगे।

**प्रशिक्षण में नई- नई तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर :** ुख्यमंत्री ने कहा कि आज तेजी से तकनीकें बदल रही हैं। **शेष पेज 11 पर**

### एक-एक कड़ी को जोड़ने का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने मुलाकात कर पठन- पाठन एवं प्रशिक्षण को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। इसी बात को संज्ञान में लेकर आईटीआई संस्थानों को मजबूत और संसाधनयुक्त बनाने का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है । यह हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा है और आने वाले दिनों में इसमें कई और कड़ियां जुड़ेंगी। हमारी कोशिश है कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में रोजगार को लेकर नौजवानों की चिंताएं दूर हों।

# गढ़वा में दिनदहाड़े 2.5 लाख की लूट पीड़ित ने लुटेरे को धर दबोचा



- स्थानीय लोगों ने पकड़े गए लुटेरे की जमकर धुनाई, पुलिस कर रही जांच

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के मेन रोड स्थित जवाहर भोजनालय के पास सोमवार को दो अज्ञात लुटेरों ने एक राहगीर से 2.5 लाख रुपये लूट लिए। हालांकि, लुटेरों की योजना नाकाम हो गई जब पीड़ित ने साहस दिखाते हुए एक लुटेरे को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने पकड़े गए आरोपी की जमकर धुनाई की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लुटेरे को गिरफ्तार कर थाने भेज दिया।

**पीड़ित ने बहादुरी दिखाकर लुटेरे को पकड़ा :** लूट के बाद भी दिलीप चौधरी ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना लुटेरों की बाइक के पिछले हिस्से को पकड़ लिया। लुटेरे बाइक की रफ्तार बढ़ाने लगे, जिससे दिलीप **शेष पेज 11 पर**

### कैसे हुई लूट?

मिली जानकारी के अनुसार, पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव निवासी दिलीप चौधरी छत्तीसगढ़ जाने के लिए गढ़वा आए थे। रंका मोड़ के पास टेंपो से उतरकर बस स्टैंड की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और बहाने से मोबाइल मांगा। जैसे ही दिलीप चौधरी ने मोबाइल दिया, लुटेरों ने उनके गले में टंगा बैग छीन लिया, जिसमें 2.5 लाख रुपये थे, और बाइक भगाने लगे।

# सारंडा में नक्सलियों का आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ के तीन जवान घायल

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है। यह घटना बुधवार को जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र के बलीबा में हुई है। इस विस्फोट में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें से दो जवान को मामूली, जबकि एक जवान को ज्यादा चोट लगी है। घायल जवानों को एयरलिफ्ट करने के लिए रांची से हेलीकॉप्टर चाईबासा भेज दिया गया है।



**सर्च अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट :** जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ का 197 बटालियन सर्च अभियान चला रहा था। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया। इसमें सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए। घायल जवानों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया जा रहा है। जहां विस्फोट हुआ है, वह क्षेत्र नक्सल प्रभावित माना जाता है। मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनात की गयी है।

**नक्सलियों के खिलाफ लगातार जारी है अभियान :** नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, **शेष पेज 11 पर**

## कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव विधानसभा में रहे मुखर, कहा

# अभियंताओं पर करें कार्रवाई नहीं तो बैठेंगे धरने पर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जुड़े 100 करोड़ के गबन मामले पर सवाल किया। इसके बाद विभागीय मंत्री और सदन के सदस्यों के बीच जमकर खींचतान हुई। विधायक प्रदीप ने सवाल किया कि स्वर्णरेखा परियोजना के अधीन शीर्ष कार्य प्रमंडल में फर्जी खाता खोलकर करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी का मामला वित्त विभाग की जांच रिपोर्ट में आया है। रांची और लोहरदगा में कार्यपालक अभियंता ने एल एंड टी कंपनी की जगह रोकड़पाल के खाते में बिल भुगतान कर बंदरबांट किया है। इस मामले में मुख्य अभियंता प्रभात कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर समेत अन्य अभियंताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।



जवाब में प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि चलते सत्र में जांच कर सभा को अवगत कराया जाएगा। इस पर सत्ता पक्ष की ओर से स्टीफन मरांडी ने कहा कि कार्यपालक अभियंता को बचाने की साजिश चल रही है। स्टीफन मरांडी का साथ देते हुए रामेश्वर उरांव ने कहा कि कार्रवाई को तीन तरीके से पेश किया जाता है। पहला फंसा दो, दूसरा धंसा दो और तीसरा दूध का दूध और पानी का पानी कर दो। उन्होंने कहा कि इस मामले में धंसा दो **शेष पेज 11 पर**

## प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों से लूट पर सर्वोच्च न्यायालय का कड़ा रूख

# केंद्र व राज्य सरकार इस पर स्पष्ट नीति बनाए, ताकि मरीज का शोषण ना हो

- अस्पताल अपनी ही फामेर्सी से दवा खरीदने पर मजबूर करते हैं
- ट्रांसप्लांट के नाम भी मरीजों को लूटा जाता है
- सरकारी अस्पताल में भर्ती होने का औसत खर्च 4452 रू.होता है, जबकि प्राइवेट अस्पताल में 31854 रू. होता है
- कई मामलों में प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों में खर्च का अंतर 200 तक का हो जाता है

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने भुक्तभोगी सिद्धार्थ डालमिया की एक याचिका जिसमें है कि प्राइवेट अस्पतालों में किसी बीमारी का उपचार कराने पर बहुत ज्यादा खर्च आ रहा है , कंगाली की हालत हो जा रही है , सो इसके लिए कुछ किया जाना चाहिए , पर सुनवाई करते हुए निजी अस्पतालों को लेकर एक अहम आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र व राज्य सरकारों से इस पर स्पष्ट नीति बनाने को कहा है, ताकि मरीज का शोषण ना हो, यह राज्य की जिम्मेदारी है।सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान इस बात को स्वीकार किया है कि कई बार निजी अस्पताल अपनी ही फामेर्सी से दवा खरीदने पर मजबूर किया जाता है, वहीं ट्रांसप्लांट के नाम भी मरीजों को लूटा जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया है कि जो भी नीति बने, उसमें बैलेंस रहना चाहिए। तर्क दिया गया है कि कई राज्य प्राइवेट अस्पताल पर निर्भर हैं, ऐसे में उनका निवेश ना रुक जाए, इसका भी ध्यान रखना होगा। एनएसओ के मुताबिक सरकारी अस्पताल में भर्ती होने का औसत खर्च 4452 रू. रहता है, जबकि प्राइवेट अस्पताल में यही आंकड़ा 31854 रू. रहता है। कुछ मामलों में प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में खर्च का अंतर 200% तक का हो जाता है।



## इंडिया

# टूट रहे विवाह प्री वेडिंग शूट से

भारत में विवाह किसी भी परिवार का चाहे वह अमीर हो या गरीब सबसे बड़ा आयोजन होता है जो सामान्यतः जीवन में एक ही बार होने के कारण ऐतिहासिक होता है इसी लिए इसके लिए वर्षों की तैयारी और क्षमता से अधिक खर्च कर लोग इसे एक दिन का सही राजसी रूप देने का प्रयास करते हैं। यह पैसेवालों के लिए वैभव और पुराने रईसों के लिए शक्ति प्रदर्शन के अवसर में बदल गया है जिसमें देखादेखी या प्रतिष्ठा के नाम पर खेत बेचकर बंधक रखकर भी दिखावा करने वाले लोगों की संख्या बहुत है ।आजकल इसमें नई नई बुराइयां बढ़ती जा रही हैं जो फिल्में देखकर या पश्चिमी संस्कृति की नकल करने के कारण बढ़ी हैं।इसमें विवाह के वैदिक या संस्कार गौण होते जा रहे हैं और अपने को मॉडर्न या अल्ट्रामॉर्डन साबित करने की होड़ में फूहड़ता की सारी सीमाएं लांघी जा रही हैं। इन चोंचलों में वरमाला के समय दुल्हन के हाथों शराब पीना या डांस करना से लेकर दुल्हन का राइफल से हवाई फायर करना तक शामिल है। इसके लिए तैनात वीडियोग्राफर और कैमरामैन वर वधु को ऐसे घेर लेते हैं कि उनकी झलक के लिए इकट्ठे रिश्तेदार मुंह ताकते रह जाते हैं।यही हाल विवाह के समय के सात फेरों, कन्यादान और पाणिग्रहण संस्कार का है जो औपचारिकता बनते जा रहे हैं। सबसे वीभत्स काम विवाह पूर्व कन्या और वर का फिल्मों की तरह प्री वेडिंग शूटिंग है जिसमें शूट की हुई फिल्में देखकर पार्टी के समय मेहमानों के मुंह खुले के खुले रह जाते हैं और कई बार घरवालों को भी शर्मिंदा होना पड़ता है जब नई बहुरानी बड़ी स्क्रीन पर बिकनी पहने डांस करती या दूल्हे राजा को चूमा चाटी करती दिखती है।हाल ही में असम में ऐसी शूटिंग के बाद सगाई टूट गई क्योंकि वर वधु ने शराब पीकर न सिर्फ सारी सीमाएं लांघ दीं थीं बल्कि अपने पूर्व के अंतरंग संबंधों के राज से पर्दा उठा दिया था। इन घटनाओं से आहत कई संपन्न परिवारों ने इस पर रोक लगानी की है। समाज भी जागृत हुआ है भोपाल में जैन, सिंधी और गुजराती समूहों ने विवाह पूर्व फोटोशूट और विवाह के दौरान पुरुष कोरियोग्राफरों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है क्योंकि वे 'परंपराओं का उल्लंघन करते हैं' और 'संबंधों को तोड़ते हैं' और 'परिवारों के लिए शर्मिंदगी' हैं। भोपाल के सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष कहते हैं, 'यह पैसे खर्च करने की बात नहीं है, बल्कि अश्लीलता फैलाने की बात है।' 'शूटिंग के दौरान, सगाई करने वाले जोड़े को अजीबोगरीब पोज में फोटो खिंचवाते हैं, वह भी शादी से पहले। कई बार सगाई टूट जाती है और परिवारों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।' अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने देश भर में प्री-वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगा दिया है। छत्तीसगढ़ समेत देशभर में अब शादी से पहले कपल फोटो-वीडियो शूट नहीं कराएंगे। रायपुर में संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि, इससे कई रिश्ते पहले ही टूट रहे और वैवाहिक संबंध में भी दरारें आ रही हैं। लाखों में होता है वेडिंग और प्री-वेडिंग का पैकेज

कई फोटो स्टूडियो या फोटोग्राफर, वेडिंग और प्री-वेडिंग मिलाकर भी पैकेज देते हैं। इसमें कम से कम 5 से 6 दिनों का काम होता है। इस पैकेज के लिए कम से कम 1 लाख से लेकर 2.5 लाख तक आता है। इस पैकेज में फोटो, वीडियो और ड्रोन जैसे शूट शामिल रहते हैं। इसमें फोटोग्राफर के साथ प्री-वेडिंग से लेकर पूरी शादी का कॉन्ट्रैक्ट रहता है। इसके लिए अलग-अलग लोकेशन के हिसाब से यह खर्च और भी बढ़ता है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



# शहीद महिमानंद की वीरता पर पूरे देश को गर्व

## नक्सली हमले में शहीद हवलदार महिमानंद शुक्ला को सीआरपीएफ डीजी ने दी श्रद्धांजलि, परिजनों को सौंपा सहायता पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान शहीद हुए सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल महिमानंद शुक्ला की वीरता को सलाम करने के लिए सीआरपीएफ के पुलिस महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह बुधवार को उनके पैतृक गांव कमलकेड़िया पहुंचे। उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और खुद सलामी देकर उनकी शहादत को नमन किया। डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने शहीद की पत्नी प्रिया देवी, बेटे आदित्य शुक्ला और बेटी अनुष्का शुक्ला से मुलाकात की। बातचीत के दौरान डीजी ने कहा कि महिमानंद शुक्ला ने देश के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरा सीआरपीएफ परिवार शहीद के परिवार के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने परिजनों को सहायता पत्र सौंपते हुए कहा कि किसी भी तरह की जरूरत हो, तो वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं।

इस दौरान शहीद की पत्नी की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। डीजी ने उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि आपका परिवार अकेला नहीं है, पूरा देश आपके साथ है। उन्होंने यह भी कहा कि महिमानंद शुक्ला की वीरता और साहस को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।

### शहादत की पूरी गाथा

महिमानंद शुक्ला 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सल विरोधी अभियान पर तैनात थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत रायपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की कड़ी मेहनत के बावजूद 20 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी शहादत की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव पहुंची, पूरा गांव शोक में डूब गया। अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। गांव के लोगों ने महिमानंद शुक्ला की वीरता को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया है, वह कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### डीजी ने परिजनों को दिया भरोसा

डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि महिमानंद शुक्ला की शहादत पर न केवल सीआरपीएफ बल्कि पूरा देश गर्व करता है। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, और नक्सलियों के खिलाफ हमारी लड़ाई और भी मजबूत होगी। उन्होंने परिजनों को अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर भी दिया और कहा कि किसी भी जरूरत पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के साथ आईजी साकेत कुमार सिंह, पलामू आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाई एस रमेश, एसपी रिष्मा रमेशन, उपविकास आयुक्त साबिर अहमद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा, अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी करकेट्टा और लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा : नगर भ्रमण में उमड़े श्रद्धालु

**पांकी।** बसडीहा स्थित सोनरे नदी तट पर भगवान भास्कर के मंदिर निर्माण के बाद भव्य प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कार्यक्रम के चौथे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण में भाग लिया। यह शोभायात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर तेतराई के मंदिरों, कपूर्री ठाकुर चौक, अंबेडकर चौक और श्री राम जानकी मंदिर से होते हुए वापस यज्ञ स्थल पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, राजेंद्र पांडे, बलराम पांडे, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, मुखिया प्रद्युम्न सिंह, विद्यासागर पांडे और अमित कुमार चौहान सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। महायज्ञ का आयोजन अयोध्या से आए विजय प्रपन्न जी महाराज, ज्योतिषाचार्य अवध बिहारी मिश्रा और पंडित महावीर पांडे के सानिध्य में हो रहा है। 6 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा, देव पूजन और प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

## न्यूज बॉक्स

### पांकी में सड़क दुर्घटना, दो की मौत, तीन घायल

**पांकी।** बुधवार देर शाम सरैया में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हुरलौंग गांव से चार पहिया वाहन में सवार लोग शादी समारोह में पांकी जा रहे थे। इसी दौरान चालक का नियंत्रण खोने से वाहन पेड़ से टकरा गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी पहुंचाया गया। डॉक्टर रियाज अनवर ने दो लोगों को मृत घोषित किया, जिनकी पहचान नंदेश भुइयां और अवधेश भुइयां (चचेरे भाई, हुरलौंग निवासी) के रूप में हुई। गंभीर रूप से घायल राकेश भुइयां, काशी भुइयां और चालक धर्मेंद्र कुमार को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### जेएनवी जपला पलामू-02 में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**हुसैनाबाद।** बुधवार को लांगरकोट स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू-02 सह पीएम श्री विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय के विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पलामू सह विद्यालय के चेयरमैन के प्रतिनिधि एसडीएम गौरांग महतो ने की, जबकि संचालन विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी ने किया। बैठक में सीनियर शिक्षक राणा तब्बसुम, उप प्रमुख इंदु देवी, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. बिनेश कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि पप्पू पटेल, उतिमा कुमारी और रविकांत पांडेय समेत कई अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विद्यालय के आधारभूत संरचना सुधार पर विस्तृत चर्चा हुई। विद्यालय गेट से मुख्य सड़क तक लाइट पोल लगाने, बच्चों के लिए आउटडोर ओपन जिम, मुरली पहाड़ी क्षेत्र में बाउंड्री लाइन निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, 2000 लीटर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, शुद्ध पेयजल के लिए मिनार, विद्यालय परिसर में सौंदर्यीकरण के लिए पौधारोपण और तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव पारित किए गए। एसडीएम गौरांग महतो ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। बच्चों ने कुछ छोटी मगर महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिस पर एसडीएम ने प्राचार्य को त्वरित समाधान निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद होने से शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा। इस अवसर पर अनुमंडल अस्पताल के बीपीएम विभूति प्रसाद गुप्ता, लाइब्रेरियन आशमुनि कुमार, शिक्षक अभिषेक सिंह, मीना सर, नीतिनी पांडेय, सुनील कुमार समेत अन्य शिक्षक और विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक में शौचालय उपयोग पर जोर

**हैदरनगर/मोहम्मदगंज।** स्वच्छता जागरूकता को लेकर ग्राम जल स्वच्छता समिति की गतिविधियां तेज हो गई हैं। हैदरनगर की जलसहियाएं स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। बुधवार को कुकही पंचायत सचिवालय में आयोजित समिति की बैठक में शौचालय उपयोग की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया गया। चर्चा में कहा गया कि शौचालय के नियमित उपयोग से महिलाओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव होगा और गर्भस्थ शिशु भी स्वस्थ जन्म लेंगे। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि के मार्गदर्शन में जलसहियाओं को मोबाइल खरीदने और 2023-24 के बकाया मानदेय का भुगतान किया गया, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। बैठक में यह निर्णय हुआ कि प्रत्येक बुधवार और शनिवार को विभिन्न पंचायतों में बैठक आयोजित की जाएगी। कुकही के अलावा बिलासपुर और चौकड़ी पंचायतों में भी जलसहियाओं ने हाथ धुलाई, शौचालय उपयोग और शुद्ध पेयजल पर जागरूकता अभियान शुरू किया है। प्रमुख जलसहियाओं में दमयंती देवी, रीता, संजू देवी और संगीता देवी शामिल रहीं।

## एक नजर

### व्यवसायी पुत्र का हृदयाघात से निधन, शहर में शोक की लहर

**हरिहरगंज।** मेन बाजार स्थित जय मां दुर्गा वस्त्रालय के प्रोपराइटर बसंत शौंडिक उर्फ भिखारी शौंडिक के ज्येष्ठ पुत्र अविनाश शौंडिक (36 वर्ष) का मंगलवार की रात हृदयाघात से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, उन्हें हृदय संबंधी समस्या के चलते पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 27 फरवरी को उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। लेकिन मंगलवार की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद दोबारा अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार को जब उनका पार्थिव शरीर हरिहरगंज पहुंचा, तो पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। बटाने नदी शहरी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, संरक्षक भोला गुप्ता, बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, गणेश शौंडिक, राबर्ट गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, सन्नी गुप्ता समेत कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की।

### अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष बने कृष्णा बैठा

**हुसैनाबाद।** डालटनगंज कचहरी परिसर में स्थित पेंशनर भवन में बुधवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ की पलामू जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया और समाज के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा ने की, जबकि संचालन नागमनी रजक ने किया। चुनाव प्रक्रिया पर्यवेक्षक राज कुमार रजक और युवा प्रदेश अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक अशर्फी बैठा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। कृष्णा बैठा को जिला अध्यक्ष, लड्डू रजक को उपाध्यक्ष, अजय कुमार रजक को सचिव और सुनील कुमार रजक को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

## श्री हरिहरात्मक महायज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकली



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** श्री हरिहरात्मक सप्त दिवसीय महायज्ञ एवं हरिहर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। रथ, घोड़े और बैंड-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर जिजोई नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरा गया। महायज्ञ के मुख्य संरक्षक रामदास साहू ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक विचारधारा विकसित होती है। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज प्रसाद, सचिव शैलेश प्रसाद और कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**महायज्ञ कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा:**

- 8 मार्च: रात्रि भक्ति जागरण
- 9 मार्च: नगर भ्रमण और भक्ति संध्या, जिसमें प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव शामिल होंगी
- 10 मार्च: मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और रात्रि भक्ति जागरण
- 5-10 मार्च: संध्या 5:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक प्रवचन

## पथरा पंचायत में आधुनिक कृषि व पंचायती राज सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन

▸ **महिला सशक्तिकरण और जैविक खेती पर विशेषज्ञों ने रखे विचार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में प्रदान संस्था रांची की टीम द्वारा आधुनिक कृषि, उन्नत तकनीक, पंचायती राज सशक्तिकरण और मनरेगा योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आई महिलाओं का सम्मान किया गया और उन्हें कृषि तथा पंचायत स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। मुखिया संघ के अध्यक्ष नरेश पासवान ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को माला पहनाकर एवं कॉपी-कलम देकर सम्मानित किया। उन्होंने जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें जैविक खेती अपनानी चाहिए। बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी से पंचायतों के विकास कार्यों में गुणवत्ता आएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। भूपेश कुमार भूमापक ने बताया कि प्रदान संस्था पिछले 40 वर्षों से भारत के विभिन्न राज्यों में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य कृषि तकनीक का विस्तार कर गरीबी और भूखमरी को समाप्त करना है। इसके साथ ही, महिला सशक्तीकरण, शिशु स्वास्थ्य और किसान विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने जल संसाधन के प्रबंधन और जैविक खेती की गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में माधुरी देवी, सरिता कुमारी, चंपा देवी, रूबी देवी, हिरामणी देवी, शायरा बानो, उषा देवी, प्यारी साहू, गायत्री देवी, मुनीता उरांव, रीता कुमारी, आशा तोपनो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## रीवर वैली स्कूल में 31 मार्च तक विशेष एडमिशन ऑफर

**मोहम्मदगंज।** संडे मार्केट के पास स्थित रीवर वैली स्कूल में 31 मार्च तक मात्र 100 में एडमिशन लिया जा सकता है। स्कूल के प्रिंसिपल बसंत शर्मा ने बताया कि 2023 में स्थापित यह स्कूल नर्सरी से 5वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। सीबीएसई और एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई के साथ कंप्यूटर शिक्षा भी उपलब्ध है। कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं और इंग्लिश कन्वर्सेशन क्लास की भी व्यवस्था है।

### पांकी में आधुनिक बस स्टैंड की मांग, सरकार ने किया इनकार

## विधानसभा में विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने उठाया सवाल, सरकार ने दी सफाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को पांकी क्षेत्र में परिवहन से जुड़ी समस्याओं पर विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या पांकी से प्रतिदिन कई बसें और यात्री वाहन रांची, गढ़वा, गया, चतरा, डाल्टनगंज, हजारीबाग और वाराणसी सहित विभिन्न स्थानों के लिए संचालित होते हैं। इस पर सरकार ने स्वीकार किया कि पांकी से इन रूटों पर यात्री वाहनों का नियमित संचालन होता है। इसके बाद, विधायक ने पूछा कि क्या पांकी में अब तक आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे



यात्रियों और वाहन चालकों को असुविधा हो रही है? इस पर भी सरकार ने सहमति जताई। हालांकि, कफरी चौक के पास बसों के संचालन से जाम लगने की बात को सरकार ने अस्वीकार कर दिया। आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण को लेकर सरकार से जब समयसीमा पूछी गई, तो सरकार ने स्पष्ट किया कि झारखंड नगर विकास एवं आवास विभाग केवल अधिसूचित नगर निकाय क्षेत्रों में बस स्टैंड का निर्माण करता है। चूंकि पांकी प्रखंड इस श्रेणी में नहीं आता, इसलिए वर्तमान में वहां बस स्टैंड बनाने की कोई योजना नहीं है। विधायक डॉ. मेहता ने सरकार के इस जवाब पर असंतोष जताते हुए कहा कि पांकी क्षेत्र में एक आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण अति आवश्यक है। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की, ताकि यात्रियों और वाहन चालकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**सराहनीय पहल**

### हुसैनाबाद शिविर में 175 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग और उपकरण

## दिव्यांगजनों को मिला सहारा, क्षेत्र में खुशी का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के अमन चैन मोहल्ला परिसर में बुधवार को निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और पलामू दिव्यांग संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 175 दिव्यांगों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ सुनील वर्मा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी निखिल कुमार सिंह, अशोक मेहता, सेवानिवृत्त शिक्षक रंजीत सिंह, पलामू जिला संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, सचिव रामपुकार सिंह और महावीर विकलांग सहायता समिति के डॉ. रामकृष्ण साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 40 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, 40 को व्हीलचेयर, 75 को बैसाखी और 20 दृष्टिहीनों को ब्लाइंड स्टिक वितरित किए गए। इसके अलावा, जरूरतमंद दिव्यांगों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार अन्य उपकरण भी प्रदान किए गए। बीडीओ सुनील वर्मा ने कहा कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता और समाज को इस दिशा में आगे आकर सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी निखिल कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तरह के शिविरों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर दिव्यांगों की मदद करनी चाहिए ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। शिविर में दिव्यांग संघ हुसैनाबाद के प्रखंड अध्यक्ष विध्यांचल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष उमेश मेहता, समाजसेवी विजय कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और स्थानीय लोग मौजूद थे।



## ओबीसी ट्रिपल टेस्ट की जांच के लिए पलामू पहुंचा पिछड़ा वर्ग आयोग

# वार्डों का भौतिक सत्यापन कर परखा जाएगा सर्वे की सच्चाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर झारखंड सरकार द्वारा कराए गए ओबीसी ट्रिपल टेस्ट की जांच के लिए झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम पलामू पहुंची। आयोग के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. संजय सिंह और सांख्यिकी विशेषज्ञ विनोद कुमार ने स्थानीय परिषद में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जांच प्रक्रिया की जानकारी दी।



डॉ. संजय सिंह ने बताया कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कराए गए ट्रिपल टेस्ट की जिला स्तर पर रिपोर्ट मिलने के बाद आयोग इसकी सत्यता की जांच कर रहा है। इस दौरान कई जिलों से मिली शिकायतों के आधार पर अब तक पांच जिलों की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि पलामू जिले में बुधवार से सत्यापन शुरू किया गया। विश्रामपुर नगर परिषद में हुए सर्वेक्षण की समीक्षा के दौरान पूर्व वार्ड पार्षदों व जनप्रतिनिधियों से जानकारी ली गई। साथ ही, सूची में शामिल नामों का मिलान कर भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक के निरीक्षण में विश्रामपुर नगर परिषद में कोई त्रुटि नहीं मिली है।

सांख्यिकी विशेषज्ञ विनोद कुमार ने जानकारी दी कि गुरुवार से मेदनीनगर निगम के 35 वार्डों में ओबीसी आरक्षण को लेकर हुए सर्वे की जांच की जाएगी। इस दौरान स्थानीय लोगों से मिलकर वस्तुस्थिति का आकलन भी किया जाएगा।

### 70% सत्यापन कार्य पूरा, मामूली त्रुटियों पर कार्रवाई जारी

डॉ. संजय सिंह ने बताया कि सभी जिलों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, और 70% सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है। कई नगर निकायों में मामूली त्रुटियां, जैसे अन्य वर्गों के लोगों के नाम ओबीसी सूची में होना या वार्ड संख्या में बदलाव, सामने आई हैं। आयोग इन त्रुटियों पर त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक सुधार कर रहा है।

## अवैध खनन रोकने की मांग जनता मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**खनन नियमों के उल्लंघन और पर्यावरण को नुकसान का लगाया आरोप**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनता मजदूर संघ के पलामू प्रमंडलीय संयोजक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पलामू उपायुक्त और जिला खनन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पलामू जिला के पांकी प्रखंड अंतर्गत आसेहार सौरव स्टोन माइंस में माइंस एक्ट, सेफ्टी एक्ट, प्रदूषण एक्ट और माइनिंग नियमों का उल्लंघन कर उत्खनन किया जा रहा है। माइंस संचालक कुमार सौरव द्वारा तय सीमा से अधिक खनन किया जा चुका है, और अब भी उत्खनन जारी है, जो गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

**सुरक्षा मानकों और पर्यावरण संरक्षण नियमों की अनदेखी :** संघ ने आरोप लगाया कि माइंस में बिना चालान पत्थर धुलाई का कार्य हो रहा है, जिससे खनन अधिनियम 1977 और पर्यावरण संरक्षण नियम 1986 के मानकों का उल्लंघन हो रहा है। धूल उत्सर्जन रोकने के लिए जरूरी उपायों को नजरअंदाज किया गया है, जिससे श्रमिकों, किसानों और पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा, सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत प्रभावित किसानों और श्रमिकों को राहत और सामुदायिक विकास योजनाओं से वंचित रखा गया है। माइंस संचालक द्वारा एक भी वृक्षारोपण नहीं किया गया, जिससे पर्यावरण असंतुलन बढ़ रहा है।

**15 दिन में कार्रवाई नहीं तो उच्च न्यायालय में याचिका :** संघ ने जिला प्रशासन से 15 दिनों के भीतर उच्च स्तरीय जांच कर अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है। अन्यथा 20 मार्च 2025 को झारखंड उच्च न्यायालय और संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष न्याय की गुहार लगाई जाएगी।इस अवसर पर रंजीत पासवान, विवेक कुमार सिंह, अशोक चौहान, भीमसेन सहित अन्य संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने पर प्रधानाध्यापक ने दिया जोर



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने केवालटोला, रजवाडीह की अभिवंचित बस्ती का भ्रमण कर अभिभावकों को 'अभिभावक-शिक्षक बैठक' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान शिक्षक विजय कुमार ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक एक प्रभावी मंच है, जहां शैक्षिक संवाद, सुझाव संग्रहण और आवश्यक सुधार की पहल की जा सकती है। भ्रमण के दौरान उन्होंने देखा कि कुछ अभिभावक बच्चों को घर की देखभाल का जिम्मा देकर काम पर चले जाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने इसे बच्चों के साथ गैर-इरादतन नाइंसाफी बताया और कहा कि अभिभावकों को यह समझना होगा कि घर संभालने से ज्यादा जरूरी विद्यालय जाना है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि वह जल्द ही केवालटोला का पुनः भ्रमण करेंगे और अभिभावकों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कोविड-19 के दौरान भी यहां 'पढ़बे करब टोला कक्षा अभियान' चलाया था, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।

### टीबी मरीजों की पहचान के लिए सक्रिय खोज अभियान जारी

**मेदिनीनगर।** क्षय रोग (टीबी) के मरीजों की पहचान के लिए सक्रिय केस खोज अभियान 21 फरवरी से शुरू किया गया है, जो 17 मार्च तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम घर-घर जाकर टीबी के लक्षणों की जांच कर रही है। अभियान के दौरान प्रत्येक टीम में दो स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) शामिल हैं, जो घर-घर जाकर लोगों से पूछताछ कर रहे हैं कि क्या किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से बुखार, खांसी, बलगम में खून आना, वजन कम होना या शाम के समय अत्यधिक पसीना आने जैसी समस्याएं हैं। यदि किसी में ये लक्षण पाए जाते हैं, तो बलगम का सैंपल लेकर माइक्रोस्कोपी, ट्रूनेट या सीबी-नेट टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है। एक टीम एक दिन में अधिकतम 30 घरों का दौरा कर सकती है। प्रत्येक घर के सर्वेक्षण के लिए टीम को 14 रुपये प्रति घर के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से टीबी के संभावित मरीजों की जल्द पहचान कर उन्हें उचित इलाज देना है, ताकि इस संक्रामक बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। स्थानीय प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और टीबी से संबंधित किसी भी लक्षण की जानकारी तुरंत दें।

### सदर थाना प्रभारी ने तीन दुकानों को हटवाया, राहगीरों को होगी सुविधा

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया गोदाम चौक के पास सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। चाट-चाउमिन, चाय और मिठाई की दुकानों के कारण राहगीरों और वाहनों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की शिकायत पर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन दुकानों को हटवा दिया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि वे सड़क या रास्ते में दुकान लगाकर अतिक्रमण करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया और राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि गोदाम चौक के पास सड़क किनारे दुकानें होने के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी थीं, साथ ही रामजानकी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी होती थी। सुआ पंचायत मुखिया दुलारी देवी को इस समस्या की लगातार शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद उन्होंने सदर थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग की। रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष टाइगर कुमार, नेहरू प्रसाद साव, उप मुखिया समेत कई ग्रामीणों ने प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि अब आवागमन में किसी को दिक्कत नहीं होगी।

### दधीचि दिवस पर आनंदमर्गियों ने रखा उपवास, कीर्तन के साथ किया समापन

**मेदिनीनगर।** बुधवार को आनंदमार्गियों ने नई मोहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में छह घंटे के बाबा नाम केवलम कीर्तन के साथ दधीचि दिवस मनाया और 12 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। वरिष्ठ मार्गी बैद्यनाथ जी ने बताया कि 5 मार्च 1967 को कम्युनिस्ट गुटों ने आनंदमार्ग प्रचारक संघ के केंद्रीय कार्यालय, आनंद नगर पर हमला किया था। हमलावरों का उद्देश्य संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी की हत्या कर आनंदमार्ग को समाप्त करना था। इस हमले में पांच आध्यात्मिक धर्मरक्षक झ आचार्य अभेदानन्द अवधूत, आचार्य सच्चिदानन्द अवधूत, भरत कुमार, प्रभाष कुमार और अवधेश कुमार की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इन्हीं पांच बलिदानियों की स्मृति में आनंदमार्गी हर वर्ष दधीचि दिवस मनाते हैं और 12 घंटे का निर्जला उपवास रखकर पाप शक्तियों के विरुद्ध विरोध प्रकट करते हैं।

कीर्तन और भजन के साथ समापन : कार्यक्रम में भुक्ति प्रधान महेश्वर देव, वरिष्ठ आनंदमार्गी विश्वनाथ, अखिलेश, रामस्वरूप, गोपाल, प्रदीप, सोनू, सरोज, मणि, दीपक, चंदू, शारदा समेत अन्य आनंदमार्गी उपस्थित रहे। सभी ने कीर्तन और भजन के माध्यम से सामूहिक साधना कर धर्मरक्षकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पड़वा मोड़ पर सड़क मरम्मत यात्रियों को मिली राहत

**● स्थानीय पहल से सुलझी वर्षों पुरानी समस्या**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के सीआईटी सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के संयुक्त महासचिव बीएम पांडेय ने समाजसेवा की मिसाल कायम करते हुए पड़वा मोड़ की जर्जर सड़क की मरम्मत करवाई। लंबे समय से इस सड़क में बने गड्ढों के कारण स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी परेशानी हो रही थी। कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर बीएम पांडेय ने निजी खर्च पर सड़क की मरम्मत करवाई, जिससे यातायात सुगम हो गया और लोगों को राहत मिली। इस पहल के लिए स्थानीय लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क आम जनता के लिए महत्वपूर्ण है और इसकी मरम्मत से यात्रियों को सुरक्षित और सहज आवागमन का लाभ मिलेगा।

## विधानसभा में आलोक चौरसिया का सवाल

# जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरा, सड़क जाम और जल संकट का समाधान कब?

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने सड़क जाम, पेयजल आपूर्ति और अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। सदन में बुधवार को ध्यानाकर्षण के दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार से सवाल पूछे।



विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पानी का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे आमजन को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या पंपू कल और शिवाला घाट रामजानकी मंदिर के पास आरसीसी बियर के निर्माण से जलस्तर में सुधार होगा और सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है?

इसके अलावा, विधायक ने मेदिनीनगर के रेड़मा चौक पर आए दिन लगने वाले भारी जाम की समस्या को उठाते हुए कहा कि चारों तरफ से गाड़ियों की लंबी कतारें लगती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बन रहे नेशनल हाईवे से जाम की समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि बड़ी गाड़ियां तो बाईपास से निकल जाएंगी, लेकिन छोटे वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे समस्या जस की तस बनी रहेगी।

विधायक चौरसिया ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट में इन गंभीर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है, जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार जनहित के प्रति संवेदनशील नहीं है। उन्होंने सरकार से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की।

### भंडरिया में 7 मार्च को किसान प्रदर्शनी का आयोजन

**भंडरिया।** भंडरिया पंचायत भवन प्रांगण में 7 मार्च को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय के एटीएम शशिकांत शर्मा ने जानकारी दी कि इस मेले में किसान अपनी उपजाई हुई फसलों की प्रदर्शनी लगाएंगे। चयनित किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण गढ़वा के परियोजना निदेशक के निदेर्शानुसार यह मेला 2024-25 में आत्मा समिति सहायता अनुदान योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर सकें और कृषि तकनीकों की नई जानकारी प्राप्त कर सकें। इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

## 24 मार्च को झारखंड विधानसभा का घेराव करेंगे आंदोलनकारी

# राजकीय मान-सम्मान व पेंशन बढ़ाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पलामू प्रमंडल की बैठक पलामू क्लब में हुई, जिसमें आंदोलनकारियों के सम्मान और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 मार्च को झारखंड विधानसभा का घेराव किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने सरकार से राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, बेटियों के रोजगार की गारंटी, नियोजन नीति में प्राथमिकता और जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की। इसके अलावा, आंदोलनकारियों को 50-50 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की मांग भी प्रमुख रही।

मोर्चा के संस्थापक और प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि पलामू संघर्ष की धरती रही है और यहां से एक बार फिर नव क्रांति की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान से यह राज्य बना है, अब सरकार को उनकी आवाज बनकर दायित्व निभाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि दक्षिणी छोटानागपुर की रोजलिन तिर्की ने आंदोलनकारियों को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने अस्तित्व और अधिकारों के लिए हर हाल में लड़ाई जारी रखनी होगी।

केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने राज्य सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि 25 वर्षों में भी आंदोलनकारियों को उनका हक नहीं मिला। उन्होंने घोषणा की कि 24 मार्च को हजारों की संख्या में आंदोलनकारी लाल और हरे झंडे के साथ रांची कूच करेंगे और विधानसभा घेराव करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार, विकास शुक्ला, मुरारी पांडेय, चंद्रधन मेहता, चंदधन सिंह चेरो, बिलांचना किंडो, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, विश्वनाथ गुप्ता, अनिल मनोहर, दाउद केरकेट्टा, शंखनाथ सिंह, भरदुल रामनाथ गंजु, शांति देवी, संजय महतो, प्रदीप सिन्हा, वीरेंद्र चंदेल, नंदलाल मेहता, सुजंती बिजय चौरसिया, नरेश यादव और प्रमोद सोनी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर मंडलीय अध्यक्ष बलकिशुन उरांव ने की और संचालन लातेहार जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर ने किया।

### छत्तीसगढ़-पलामू पुलिस की संयुक्त कार्रवाई : अपहृत नाबालिग समेत चार लड़कियां बरामद

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ और पलामू पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चार लड़कियों को बरामद किया गया, जिनमें तीन नाबालिग हैं। इसके अलावा, तीन लड़कों को भी हिरासत में लिया गया है। सभी लड़कियां छत्तीसगढ़ की रहने वाली हैं और पलामू के एक आर्केस्ट्रा ग्रुप से जुड़ी हुई थीं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में एक नाबालिग लड़की की मां ने बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि नाबालिग लड़की पलामू के मेदिनीनगर में है। इस सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ पुलिस ने पलामू पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। इस दौरान अपहृत लड़की समेत तीन अन्य लड़कियों को भी बरामद किया गया। इसके अलावा, मौके से तीन लड़कों को भी हिरासत में लिया गया, जो पलामू के नावाजयपुर स्थित एक आर्केस्ट्रा ग्रुप से जुड़े हुए हैं। इनमें से दो लड़के नावाजयपुर के, जबकि एक गढ़वा के डंडा का रहने वाला है। ये सभी हाल ही में रांची में एक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम प्रस्तुत करने के बाद मेदिनीनगर के एक घर में रुके थे। मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस और टाउन पुलिस ने सभी को बरामद कर लिया है और पूरे मामले में आगे की छानबीन जारी है।

## आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, तैयारी पूरी

**● न्यायालय में लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों के त्वरित निपटारे पर जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि 8 मार्च (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत सुबह 10:30 बजे से कोर्ट कार्य अवधि तक चलेगी, जिसमें न्यायालय में लंबित और प्री-लिटिगेशन (न्यायालय में जाने से पूर्व) मामलों का निपटारा किया जाएगा। सचिव ने बताया कि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर मामले निपटाने के लिए विभिन्न पीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत में विशेष रूप से सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले, दीवानी मामले, विवाहोत्तर प्रताड़ना, राजस्व न्यायालय में लंबित विवाद, उपभोक्ता संरक्षण फोरम के केस, ट्रैफिक चालान, बैंक ऋण, बीमा दावा, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा, पारिवारिक विवाद और सर्विस मैटर से जुड़े मामलों का निपटारा किया जाएगा।



### लोक अदालत में शामिल होने से पक्षकारों को होगा लाभ

श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में विवादों का निपटारा होने से समय और धन की बचत होती है, साथ ही दोनों पक्षों के बीच हमेशा के लिए समझौता हो जाता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का शीघ्र समाधान कराएं। लोक अदालत त्वरित और सुलभ न्याय प्राप्त करने का एक बेहतरीन मंच है, जिससे लोग अब तेजी से जुड़ रहे हैं।

### मेराल गोदाम प्रबंधक पर खाद्यान्न गबन का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मेराल (गढ़वा)।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर मेराल के सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक दीपक चंचल पर 2765.84 क्विंटल खाद्यान्न (चावल, गेहूं) के गबन का आरोप लगा है। सरकारी अनुमान के अनुसार, इस खाद्यान्न की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। इस संबंध में सीओ सह प्रभारी एमओ यशवंत नायक ने मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया कि 4 मार्च को उपायुक्त द्वारा सूचित किया गया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा 21 मार्च को मेराल गोदाम की जांच की गई थी। जांच के दौरान गोदाम में उक्त मात्रा में खाद्यान्न की कमी पाई गई। स्पष्टीकरण मांगे जाने पर भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने के कारण प्रथम दृष्टया गबन का मामला बनता है। मेराल थाना पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत और केस के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक चेतन कुमार सिंह ने गोदाम पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## छतरपुर में आज लगेगा कैंप कार्यालय, समस्याओं का होगा समाधान

# समस्याओं का त्वरित समाधान ही हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। पहला कैंप कार्यालय 27 फरवरी 2025 को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जबकि दूसरा कैंप कार्यालय 6 मार्च 2025 को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगेगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी कैंप कार्यालय में मौजूद रहें और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। यदि किसी समस्या का तत्काल समाधान संभव नहीं होगा, तो तय समय सीमा के भीतर समाधान कर संबंधित व्यक्ति को सूचित किया जाएगा।



उपायुक्त ने कहा कि कैंप कार्यालय के आयोजन से जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों के नजदीक रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जिससे लोगों को जिला मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनके समय एवं पैसे दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि कैंप कार्यालय के दौरान विकास योजनाओं की भी समीक्षा की जाएगी, जिससे अनुमंडल क्षेत्र में चल रही योजनाओं की प्रगति का आकलन और भौतिक सत्यापन संभव हो सकेगा।

प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में और चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जाएगा, लेकिन मार्च माह में द्वितीय गुरुवार को अवकाश होने के कारण 6 मार्च को ही कैंप कार्यालय आयोजित किया जा रहा है।

उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे कैंप कार्यालय में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। इस दौरान भूमि विवाद निपटारा, वन भूमि और सरकारी भूमि हस्तांतरण, बिजली बिल और पेयजल समस्याओं का समाधान जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी योजनाओं का लाभ भी आमजन को दिया जाएगा।

# एबीवीपी ने कुलपति से की मुलाकात, शैक्षणिक सुधार की मांग

**● सात सूत्री मांग पत्र सौंपकर परीक्षाओं व छात्र संघ चुनाव पर दिया जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) पलामू के प्रतिनिधिमंडल ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को नियमित करने, लंबित परीक्षाओं को समय पर कराने, डिग्री प्रमाण पत्र और प्रवास प्रमाण पत्र को अंतिम सेमेस्टर के अंक पत्र के साथ उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा, नई शिक्षा नीति की विस्तृत जानकारी के लिए सेमिनार के आयोजन, छात्र संघ चुनाव और दीक्षांत समारोह कराने, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (वोकेशनल कोर्स) और शोध कार्यों को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों की कमी को दूर करने की मांग रखी गई। विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि नए कुलपति के आने से विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुधार की उम्मीदें हैं। उन्होंने आशा जताई कि सत्र नियमित होंगे और प्रवेश, परीक्षा तथा परिणाम की स्थिति में सुधार आएगा। प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की कुलपति के साथ बैठक सकारात्मक रही और विश्वविद्यालय से जुड़े कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विद्यार्थी परिषद ने कुलपति को आश्वस्त किया कि वे विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक और शैक्षणिक माहौल स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान प्रदेश छात्रावास प्रमुख रमाशंकर पासवान, जिला संयोजक नीतीश दुबे, नगर मंत्री बिपिन यादव, उत्कर्ष तिवारी, कौशल मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 70 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच, डॉ. अरशद अंसारी बोले : समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** डॉ. यासीन अंसारी फाउंडेशन के तत्वावधान में मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल में 15वें निःशुल्क पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 70 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. अरशद अंसारी ने कहा कि मानव सेवा और समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने बताया कि हर महीने इस तरह के निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है, जिससे हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। शिविर में अशफाक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, आमना खातून, आशिया प्रवीण, रकीब अंसारी, कैफ अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने बड़गड़ प्रखंड में की समीक्षा बैठक योजनाओं के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

### मनरेगा, आवास एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में 5 मार्च 2025 को बड़गड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निबंधित जॉब कार्डधारकों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने, सोशल ऑडिट में आए मुद्दों के समाधान और स्कीम कम्पलीशन पर जोर दिया। साथ ही, जिन लाभुकों को आवास योजना की पहली किस्त मिल चुकी है, उन्हें मनरेगा से मजदूरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बागवानी योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अपूर्ण योजनाओं को तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के बाद उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत संचालित कुआं, बागवानी और डोभा योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी (दक्षिणी वन प्रमंडल) एबिन बेन्नी एब्राह्म, अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप सिंह, बीडीओ बड़गड़ अमित कुमार, सीओ बड़गड़ राकेश भूषण सिंह, जिला नियोजन सह कौशल पदाधिकारी नीरज कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम विमलेश शुक्ला सहित अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी



**श्री बंशीधर नगर।** आगामी 19-20 मार्च को आयोजित होने वाले श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियों को लेकर अनुमंडल प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्धा और एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने समारोह स्थल गोसाईबाग मैदान और श्री बंशीधर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान परिसर में बनी अनधिकृत झोपड़ियां, गिट्टी, बालू और बांस हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बड़ी गाड़ियों के लिए वैकल्पिक बाईपास रोड का भी निरीक्षण किया गया। 9 मार्च को अनुमंडल कार्यालय सभागार में अधिकारियों, मंदिर ट्रस्ट, नगर पंचायत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक होगी, जिसमें महोत्सव की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### मुखिया व बीपीएम ने किया मध्य विद्यालय सिंहपुर का निरीक्षण, मिली कई खामियां



**केतार।** मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह और बीपीएम रवि कुमार वैद ने बुधवार को मध्य विद्यालय सिंहपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सफाई, मध्यान्ह भोजन, रसोईघर और उपस्थिति पंजी की जांच की गई। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि बच्चों को पोशाक, जूते और कीट का वितरण नहीं किया गया है, जबकि विभाग को शत-प्रतिशत वितरण की रिपोर्ट भेजी गई है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाया। बीपीएम रवि कुमार वैद ने विद्यालय प्रभारी राजेंद्र राम को जल्द से जल्द सुधार के निर्देश दिए और वंचित बच्चों को पोशाक वितरित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान शिक्षक रामकुमार राम, धनंजय तिवारी, अनुज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### धुरकी पुलिस ने चलाया सख्त वाहन चेकिंग अभियान



**धुरकी।** पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों पर यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए कड़ाई से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, अधूरे दस्तावेजों और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चलाए जा रहे मोटरसाइकिलों को जब्त कर चालान काटा गया। थाने के एएसआई अजय कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले चेतावनी देकर छोड़ा गया था, लेकिन अब सख्ती बरती जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में भय का माहौल बन गया है, और लोग अब यातायात नियमों के प्रति अधिक सतर्क हो रहे हैं।

### सहायक अध्यापक पर रसोइया से पैर पकड़कर माफी मंगवाने का आरोप

**रमना।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहियार खुर्द की रसोइया ममता कुंवर ने सहायक अध्यापक संजीव कुमार देव पर छुआछूत और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। उनकी लिखित शिकायत रमना थाना को दी गई है, जिसमें कहा गया कि एमडीएम (मिड-डे मील) के चावल और दाल की मात्रा कम होने के संदेह पर वे पुनः नाप-तौल कर रही थीं। इसी दौरान संयोजिका रिंकी देवी ने इसकी सूचना शिक्षक को दी, जिन्होंने गुस्से में आकर मग छीनकर फेंक दिया और रसोइया को हटवाने की धमकी दी। रसोइया का आरोप है कि इस विवाद के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बुलाई गई, जिसमें उन्हें कहा गया कि 'तुमने चावल कैसे छू लिया? हमारे पैरों में गिरकर माफी मांगो, नहीं तो रसोईया के पद से हटा देंगे।' विवश होकर ममता कुंवर ने प्रधान शिक्षिका श्रद्धा और समिति के सदस्यों के सामने सहायक अध्यापक से माफी मांगी। इस मामले में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष और प्रधान शिक्षिका ने भी माफी मांगने की पुष्टि की।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल

**गढ़वा।** मेराल थानांतर्गत तरके गांव निवासी शमीम खान का पुत्र 20 वर्षीय रजाक खान व मंजूर खान का पुत्र 22 वर्षीय फरियाद खान मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से अटौला गांव की तरफ जा रहे थे। उसी बीच सामने से एक कुत्ता सामने आ गया। उसे बचाने में उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

## कॉफी विद एसडीएम : दिव्यांगजनों की समस्याओं को सुना



### दिव्यांगों से जुड़े रचनात्मक सुझाव

बैठक में कई दिव्यांगजनों ने सुझाव भी दिए। सोनपुरवा के देवेंद्र पांडे ने स्थानीय व्यापारियों व संवेदकों से दिव्यांगों को रोजगार देने की अपील करने की बात कही। नगर उंटारी के कमलेश बिहारी और दृष्टिबाधित मंसूर अंसारी ने दिव्यांग-अनुकूल शौचालय की सरकारी सहायता की मांग रखी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम ₹कॉफी विद एसडीएम₹ के तहत विभिन्न प्रखंडों के दिव्यांगजनों को आमंत्रित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। कार्यक्रम में 71 दिव्यांगजन शामिल हुए, जिन्होंने अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं को साझा किया। एसडीएम ने मैत्रीपूर्ण वातावरण में सभी से संवाद किया और दिव्यांग कल्याण की दिशा में प्रशासन से उनकी अपेक्षाएँ जानीं। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए और बाकी मामलों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी :** कार्यक्रम में समाज कल्याण, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने दिव्यांगता प्रमाणपत्र, पेंशन, रेलवे रियायत, आई-कार्ड, सहायक यंत्र (व्हीलचेयर, हियरिंग एड) और अन्य सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी।

**ट्राई साइकिल, स्वरोजगार, आवास व राशन कार्ड की मांग प्रमुख :** दिव्यांगजनों ने मुख्य रूप से ट्राई साइकिल, स्वरोजगार सहायता, आवास और राशन कार्ड से जुड़ी परेशानियाँ रखीं। जन्मजात मूक-बधिर चंदन ठाकुर ने आवास की जरूरत बताई, सत्येंद्र नाम ने राशन कार्ड में समस्या जताई, और सुनीता कुमारी-कैलाश कुमार ने ट्राई साइकिल की मांग की। एसडीएम ने सभी शिकायतों को दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही।

**सम्मान व आत्मीयता का अनुभव :** एसडीएम ने सभी दिव्यांगजनों को सम्मानस्वरूप अंगवस्त्र भेंट किए और उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने व आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दिव्यांगजनों ने कहा कि 'कॉफी विद एसडीएम' केवल संवाद का मंच नहीं, बल्कि सम्मान और अपनापन देने वाला यादगार पल रहा। अंत में एसडीएम ने दिव्यांग हेल्पलाइन 14456 की जानकारी दी और जरूरत पड़ने पर इस नंबर पर सहायता लेने की अपील की।

## रंका में 40 टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण




### ▶ लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सौजन्य से 40 टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुड़, चना, बादाम, तेल और अन्य पोषक सामग्री वाले फूड बास्केट प्रदान किए गए, ताकि मरीजों की रिकवरी दर तेज हो सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। कोई भी गैर-सरकारी संस्था, सरकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि या आम नागरिक टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी मदद कर सकते हैं। इस मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश पाल, संतोष कश्यप, देवेंद्र गुप्ता, रविंद्र कश्यप, जिला यक्ष्मा प्रभाग के डीपीसी डॉ. पुरुषेश्वर मिश्र, विश्वास कुमार शर्मा, खालिद अनवर, सुमन कच्छप सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित



**◀ ग्रामीण साक्षरता को लेकर अधिकारियों ने की रणनीति तैयार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को बीडीओ रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में असाक्षरों के सर्वेक्षण, उपलब्धियों और आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन प्रकाश, प्रखंड समन्वयक, बीआरपी, सीआरपी, शिक्षक एवं जिला संसाधन समूह के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में यह सहमति बनी कि कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी संसाधनों और डिजिटल उपकरणों का अधिक उपयोग किया जाए। बीडीओ रवींद्र कुमार ने कहा कि 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि साक्षरता अभियान के लिए निगरानी व्यवस्था और फीडबैक प्रणाली मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में बीआरपी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, पंकज कुमार, शिक्षक राजीव रंजन द्विवेदी, दिनेश कुमार ठाकुर, जिला संसाधन समूह के सदस्य अरविंद कुमार गुप्ता, श्यामराज गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## थाना प्रभारियों को दिए निर्देश, रमजान और होली के दौरान बढ़ेगी सुरक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सत्येंद्र नारायण सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक कर सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रमजान और होली पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त तेज करने, चौक-चौराहों पर विशेष नजर रखने और अपराध नियंत्रण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बढ़ती वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चेकिंग अभियान तेज करने को कहा गया। बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, रमना थाना प्रभारी कमलेश महतो, बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी और हरिहरपुर ओपी प्रभारी सैफुल्लाह अंसारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सहिजना देवी मंडप में देवी संघ अखाड़ा के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बुधवार को सहिजना देवी मंडप के प्रांगण में देवी संघ अखाड़ा द्वारा आगामी रामनवमी पूजा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा की सफलता के लिए संगठन ने एक टीम का गठन किया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए पंकज कुशवाहा, उपाध्यक्ष पद के लिए सोनू पाल, मिथुन चंद्रवंशी और सुमन चंद्रवंशी को चुना गया। सचिव पद पर शशिकांत दुबे, लक्ष्मण उपाध्याय, और उप सचिव पद पर जितेंद्र मेहता, अभिषेक कुमार, नवनीत दुबे, अतुल तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। वहीं, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, सह कोषाध्यक्ष रवि रंजन कुमार और मीडिया प्रभारी प्रकाश पंडित बनाए गए। पूजा-पाठ के लिए उमेश्वर पांडे, जजमान रामदेव राम, सत्यनारायण सिंह और कमलकांत अमन तिवारी को चुना गया। संगठन के सदस्य के रूप में अनंत कुमार, रुपेश मेहता, रामप्रवेश मेहता, पवन, मनोज, रवि, विपुल, सनी, अमर, आनंद, प्रांजल, गौतम, अंकित, निलेश, हरि ओम दुबे, राजीव दुबे, सत्यम पाठक, अक्षय, सक्षम, ओमप्रकाश मेहता, राजेंद्र मेहता आदि का नाम शामिल है। संगठन के संरक्षकों में बृजमोहन प्रसाद, जितेंद्र सिंह, नवीन पाठक, कृष्ण पाल, प्रणव कुमार, दीपक पाठक, सत्यनारायण सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, नीरज पाठक, अंबिका मेहता, राजकुमार महतो, लालमोहन मेहता, अजय मेहता, शंकर मेहता, रामनाथ पाल, गुड्डू तिवारी, पंकज दुबे, विकास दुबे, विनत तिवारी, संजीव तिवारी, रूपेश मेहता, नीरज दुबे, रंजन भारद्वाज, नंदलाल तिवारी शामिल हैं।

### टेंपो पलटने से छह स्कूली छात्र घायल, चालक मौके से फरार

**भवनाथपुर।** खरौंधी मुख्य मार्ग पर मकरी के बड़का आहर के पास एक टेंपो पलटने से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छह छात्र और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घटना सुबह 8:45 बजे की है, जब टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। घायलों में दीपांजल कुमारी, काजल कुमारी, आंचल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अंशु गुप्ता, पीयूष कुमार और अवधेश बैठा शामिल हैं।

## प्रतियोगिता

## मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग में खेले गए रोमांचक मुकाबले

## सुंडीपुर और गमहरिया ने दर्ज की जीत, आलोक तिवारी व पप्पू बने मैन ऑफ द मैच



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुर्भुजी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच कधवन और गमहरिया के बीच हुआ, जिसमें गमहरिया की टीम ने 8.2 ओवर में 1 विकेट खोकर जीत दर्ज की। इस मैच में गमहरिया के आलोक तिवारी ने 43 रनों की शानदार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। दूसरा मुकाबला सुडीपुर और सोनडीहा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुडीपुर की टीम ने 10 ओवर में 87 रन बनाए। जवाब में सोनडीहा की टीम 6.4 ओवर में 43 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले सुडीपुर के पप्पू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता पंकज सिंह, अध्यक्ष बिट्टू सिंह, श्याम बिहारी राम, गौतम पाल, रविंद्र सोनी, मदन पटेल, हेमंत मेहता, चंदन पासवान, अभिमन्यु सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय, नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 27/2024–25 (2nd Call)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 17.03.2025 को अपराह्ण 03.00 बजे से कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के सभागार में की जायेगी।

1. बंदोबस्ती कर्ता का नाम – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 05.03.2025 से 15.03.2025 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार रू0) प्रति आवेदन शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है।
3. अवोदन जमा करने की तिथि – दिनांक 05.03.2025 से 15.03.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है।

**डाक बन्दोबस्ती की जाने वाली सैरातों की विवरणी :–**

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि | डाक शुल्क (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | • रेहला हाट (शुक्र बाजार) की बंदोबस्ती<br>• रेहला थाना चौक से रेलवे स्टे शन अन्तर्गत अस्थायी फुटपाथ वि क्रेता, दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल एवं अन्य दुकान सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकानों की बंदोबस्ती<br>• सनातन विद्या निकेतन, रेहला से महाबीर चौक होते हुए बी0 मोड के अन्तर्गत अस्थायी फुटपाथ विक्रेता, दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल एवं अन्य दुकान सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकानों की बंदोबस्ती। | 300000.00 | 30000.00 | 1000.00 |
| 02 | • पंचमुखी मदिर, बिश्रामपुर हाट (बुधवार एवं रविवार) की बंदोबस्ती<br>• बिश्रामपुर हाट (डेली मार्केट) अंतर्गत सोरडीहा पुल से भारतीय स्टेट बैंक, बिश्रामपुर, गाँधी चौक, बिश्रामपुर से होते हुए पाण्डु रोड (ब्लॉक मोड, बिश्रामपुर) तक अस्थायी फुटपाथ विक्रेता, दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल एवं अन्य दुकान सब्जी दु कान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकानों की बंदोबस्ती। | 225000.00 | 22500.00 | 1000.00 |

डाक में भाग लेने के इच्छुक डाकवक्ता कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति एवं डाक शुल्क की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, बिश्रामपुर में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति एवं डाक शुल्क की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर परिषद्, बिश्रामपुर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, / https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Notices.aspx पर देखी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR.NO.347812 District(24-25):D



## जिला-गढ़वा
### निलाम पत्र पदाधिकारी (खनन) -सह- उप निदेशक खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर

**सूचना**

निलाम पत्र पदाधिकारी (खनन) –सह– उप निदेशक खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर द्वारा खनिज संबंधित निम्नलिखित बकायादारों के विरूद्ध सरकारी राजस्व की भुगतान नही होने के फलस्वरूप कुर्की वारंट निर्गत किया गया है :–

| कम सं० | प्रोसेस संख्या | देनदार का नाम एवं पता | मुकदमा संख्या | राशि | संबंधित थाना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 237/22.11.2024 | मो० ताज खान, पिता मो० नवाज खान, ग्राम–प्रतापपुर, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 27/1990–1991 | 22435.00 | गढ़वा |
| 2 | 191/30.10.2024 | मो० जैनुल शेख, पिता मो० शेख अल्लामुद्दीन खान, ग्राम–कुद्धे खुर्द, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 20/1990–1991 | 12964.00 | गढ़वा |
| 3 | 190/30.10.2024 | मो० नसरूद्दीन खान, पिता मो० ताज खान, ग्राम–प्रतापपुर, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 21/1990–1991 | 16156.00 | गढ़वा |
| 4 | 189/30.10.2024 | मो० युसूफ खान, पिता मो० सरीफ खान, ग्राम–प्रतापपुर, पोस्ट–बेलचम्पा, थाना+जिला–गढ़वा। | 23/1990–1991 | 18549.00 | गढ़वा |
| 5 | 188/30.10.2024 | श्री कमल कुमार चौधरी, पिता स्व० बाबुल चौधरी, रानी सती मंदिर, रातु रोड़, राँची। | 33/1990–1991 | 518451.00 | रातू, राँची |
| 6 | 180/30.10.2024 | श्री राम कृष्ण पाण्डेय, पिता श्री काशी पाण्डेय, ग्राम–पिपरा कला, पो०+थाना+जिला–गढ़वा। | 113/1993–1994 | 25310.00 | गढ़वा |
| 7 | 179/30.10.2024 | श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव, पिता श्री इन्द्रदेव प्रसाद यादव, ग्राम–मकरी, धंगरडीहा टोला, पो०+थाना – भवनाथपुर ,जिला–गढ़वा। | 32/1993–1994 | 143326.00 | भवनाथपुर |
| 8 | 52/19.02.2025 | श्री विषुनी सिंह, पिता स्व० बनवारी सिंह, ग्राम–हलिवन्ता खुर्द, पो०–हलिवन्ता कला, थाना–नगर उटारी, जिला–गढ़वा। | 35/1994–1995 | 158639.00 | नगर उटारी |
| 9 | 54/19.02.2025 | श्री अनिल कुमार सिंह, पिता श्री सिताराम सिंह, ग्राम+पो०–सोनपुरवा, थाना+जिला–गढ़वा। | 03/1994–1995 | 97188.00 | गढ़वा |
| 10 | 62/19.02.2025 | श्री बिजय सिंह, पिता श्री मुनर सिंह, ग्राम+पो०–मोखे, थाना–मझिआंव, जिला–गढ़वा। | 08/2002–2003 | 109824.00 | मझिआंव |
| 11 | 69/19.02.2025 | श्री ददन सिंह, पिता श्री मुन्द्रिका सिंह, ग्राम+पो० – मोखे, थाना–मझिआंव, जिला–गढ़वा एवं अन्य। | 09/2002–2003 | 143590.00 | मझिआंव |
| 12 | 61/19.02.2025 | श्री बुधन यादव, पिता श्री मंगी यादव, ग्राम–महबनिया, पो०–महबनिया, थाना–नगर उटारी, जिला–गढ़वा। | 13/2002–2003 | 62086.00 | नगर उटारी |
| 13 | 60/19.02.2025 | मो० रशीद, पिता मो० नुर मोहम्मद, ग्राम–धांगरडीह, पो०–सोह, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा। | 15/2002–2003 | 12163.00 | गढ़वा |
| 14 | 59/19.02.2025 | श्री अनिल तिवारी, पिता श्री खखन तिवारी, ग्राम–गिजनी, पो०–बेलहार, थाना+जिला–गढ़वा। | 17/2002–2003 | 33252.00 | गढ़वा |
| 15 | 58/19.02.2025 | श्री सुरेष भुईया, पिता श्री नकछेदी भुईया, ग्राम–महुलिया, पो०–सोह, थाना+जिला–गढ़वा। | 22/2002–2003 | 9067.00 | गढ़वा |

अतः उपरोक्त बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि वे अविलम्ब बकाये राशि का Online भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी, (खनन) पलामू अंचल के न्यायालय को सूचित करें।

नीलाम पत्र पदाधिकारी, (खनन)
पलामू अंचल, मेदिनीनगर

PR 347844 Urban Development (24-25)_D

# टंडवा हुंबी जंगल में 15 कट्ठा में लगी अफीम की फसल नष्ट

**पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, अन्य इलाकों में भी सर्च ऑपरेशन जारी**



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी है। बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर हुंबी गांव में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने करीब 15 कट्ठा में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया।

पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि अवैध खेती को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य इलाकों में भी सर्च अभियान जारी रहेगा और जहां भी अवैध फसल मिलेगी, उसे नष्ट किया जाएगा।

# चंदवा में जंगली हाथियों का आतंक वृद्ध को कुचलकर मार डाला

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत के मरमर गांव में मंगलवार देर शाम जंगली हाथियों ने 72 वर्षीय टकलू गंझु को कुचलकर मार डाला। मृतक के पुत्र विनय गंझु ने बताया कि उनके पिता शौच के लिए जंगल गए थे, देर तक नहीं लौटने पर परिवार और ग्रामीणों ने खोजबीन की। घर से कुछ दूरी पर उनका शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद रेंजर नंदकुमार महतो के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक के परिजनों को तत्काल 40 हजार रुपये मुआवजा दिया गया और आगे सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने वन विभाग की लापरवाही को घटना का कारण बताया और हाथियों को भगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।



## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा की लापरवाही पर जताई नाराजगी



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बालूमाथ प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय व उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरेगड़ा का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, भोजन, पेयजल व स्वच्छता की स्थिति देखी। पंचायत सचिवालय में आमजन की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उप स्वास्थ्य केंद्र और जन वितरण प्रणाली केंद्र की जांच कर स्वास्थ्य सुविधाओं और राशन वितरण की गुणवत्ता का आकलन किया। बालूमाथ प्रखंड में मनरेगा और अबुआ आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाएं शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने छात्राओं के बीच साइकिल वितरण भी किया। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत माला परियोजना की समीक्षा बैठक मार्च तक पूरा होगा मुआवजा भुगतान

**उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का जल्द समाधान करने के दिए निर्देश**



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में भारत माला परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड़ा और सिमरिया क्षेत्र के अंचल अधिकारियों से भूमि अधिग्रहण से जुड़ी जानकारी ली गई।

जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने बताया कि अब तक 125.66 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष 157.57 करोड़ रुपये मार्च के अंत तक मुआवजा राशि के रूप में वितरित कर दी जाएगी।

उपायुक्त रमेश घोलप ने निर्देश दिया कि सभी अंचल अधिकारी लंबित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (एलपीसी) के मामलों का निपटारा कर भू अर्जन कार्यालय को जल्द भेजें। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम और अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

# गोवा में भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया गया




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के जालिम खुर्द पंचायत के गोवा ग्राम में भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। जिला मंत्री बबन मांझी के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। बबन मांझी ने बताया कि यह संगठन किसानों द्वारा संचालित गैर-राजनीतिक राष्ट्रवादी संगठन है, जिसकी स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा में दत्तोपंत ठेंगड़ी ने की थी। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने, मोटे अनाज उगाने और अपनी उपज का सही मूल्य सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में सरजू प्रसाद, मनबहार सिंह, नरेश सिंह, दीपक सिंह, गिरधारी सिंह, अमरेश सिंह, मंजू देवी, सुनैना देवी, मालती देवी सहित कई किसान उपस्थित रहे।


## कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

### आम सूचना

#### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के द्वारा शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ लोगों से अपील है कि अपने – अपने घरों एवं दुकानों में डस्टबीन रखें। संग्रहित कुड़ा–कचरा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के रिक्शा वाहन को दें। घरों में नियमित कुड़ेदान का प्रयोग करें, साथ ही होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, भवन नक्शा एवं अन्य कर का भुगतान समय पर करें।

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अन्तर्गत सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत खुले में शौच करना, पेशाब करना, कचड़ा फेंकना एवं आम रास्ता, सरकारी जमीन में अतिक्रमण करना दंडनीय अपराध है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर निम्नलिखित जुर्माने का प्रावधान किया गया है :–

| क्र0 | वर्ग | जुर्माने की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | आवासीय भवन द्वारा खुले में कचरा फेकने पर | 50.00 |
| 2 | दुकान द्वारा खुले में कचड़ा फेकने पर | 250.00 |
| 3 | होटल मालिक द्वारा खुले में कचड़ा फेकने पर | 500.00 |
| 4 | औद्योगिक/प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा फेकने पर | 1500.00 |
| 5 | चाट/फास्टफूड/आइस्क्रीम/गन्ने का रस/सब्जी/फल आदि व्यवसायी द्वारा खुले में कचरा फेकने पर | 50.00 |
| 6 | सार्वजनिक स्थल पर खुले में पेशाब करने पर | 25.00 |
| 7 | खुले में शौच करने पर | 500.00 |
| 8 | निजी ट्रैक्टर द्वारा सब्जी, कचड़ा, गोबर, इत्यादि परिवहन करते हुए सड़को पर सामग्री बिखेरने एवं गंदगी फैलाने पर | 250.00 |
| 9 | अपने मकान का गंदा पानी का निकासी आम सड़को पर करने पर | 1500.00 |
| 10 | खाली सरकारी जमीन आम रास्ता एवं मकान के सामने गाय, भैस, बकरी, घोडा, कुता, भेड़ आदि पालतू जानवरो से गंदगी फैलाने पर | 100.00 |
| 11 | शादी – विवाह स्थल के बाहर कचरा फैलाने पर | 1000.00 |

PR 347849 (Rural Development) 24-25 (D)

प्रशासक,
नगर पंचायत,
श्री बंशीधर नगर।


# प्रगतिशील किसानों को मिला सर्टिफिकेट और बैग

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गई खेती से जुड़ी जानकारी**



नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** आत्मा राज्य सहाय अनुदान अंतर्गत जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान 30-30 महिला और पुरुष किसानों को सर्टिफिकेट और बैग वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि प्रशिक्षण का असली उद्देश्य इसे व्यवहार में लाना है। इसके बाद प्रशिक्षणार्थियों को प्रगतिशील किसान कुमार शुभम सिंह के फार्म हाउस ले जाया गया, जहां उन्हें समेकित कृषि प्रणाली, बत्तख और मुर्गी पालन, बागवानी, मत्स्य पालन और सब्जी उत्पादन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रमोद कुमार, तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार और सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार ने भी प्राकृतिक खेती और सिंचाई प्रणाली पर जानकारी साझा की।

# मुखिया पर वंशावली बनाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप

**पीड़ितों ने डीसी और एसपी से की शिकायत, कार्रवाई की मांग**

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के पीरी पंचायत के मुखिया उमेश राम पर वंशावली बनाने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। अमगांवा निवासी सकलदीप साव, प्रमोद कुमार और तुलसी साव ने सिमरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ितों का आरोप है कि मुखिया ने वंशावली बनाने के लिए 25,000 रुपये मांगे थे और रिश्वत नहीं देने पर इसे रद्द कर दिया। साथ ही हरिजन उत्पीड़न अधिनियम के तहत मुकदमा करने की धमकी दी।

मुखिया उमेश राम ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता भ्रामक जानकारी देकर वंशावली बनवा चुके थे, जिसे बाद में निरस्त किया गया। उन्होंने किसी भी तरह की रिश्वत मांगने या धमकी देने से इनकार किया।

# बड़े भाई की प्रथम पुण्यतिथि पर डीटीओ ने दिया समाजसेवा का संदेश

**बाल आश्रय गृह में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री व मिठाइयों का वितरण किया**



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के केश्वर आहर स्थित बाल आश्रय गृह में बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) सुरेंद्र कुमार पहुंचे और बच्चों के बीच मिठाइयां व पाठ्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम उनके बड़े भाई स्व. चिरंजीवी कुमार की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया है।

स्व. चिरंजीवी कुमार अमेरिका स्थित ओरेकल कंपनी में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत थे और पिछले वर्ष उनका निधन हो गया था। उन्होंने हमेशा समाज के असहाय लोगों की मदद के लिए कार्य करने की सोच रखी थी। उनके इसी विचार को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से डीटीओ सुरेंद्र कुमार लगातार जरूरतमंदों की सहायता में जुटे रहते हैं। उन्होंने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की कि वे समय-समय पर इन संस्थानों में आकर जरूरतमंदों की मदद करें और दूसरों को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करें।

इस कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार सिन्हा, दिनेश लोहरा, रजनीकांत पांडेय, अभिषेक कुमार, नरेंद्र कुमार यादव, अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह समेत बाल आश्रय गृह के कर्मी और दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

# महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं : पूनम देवी



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत आयोजित वायलर कुक्कुट पालन कार्यक्रम में कहा कि इस योजना से महिलाएं मुर्गी व बत्तख पालन कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। सरकार मामूली अंशदान पर इस योजना का लाभ दे रही है। कार्यक्रम में लाभुकों में टेमकी की मानो देवी, मोंगर की अमृता देवी, तरवाडीह के इजराइल अंसारी और जंगलदगा की प्रतिमा देवी को वायलर चूजे, मुर्गी दाना, दवाइयां और बर्तन वितरित किए गए। मौके पर पशु शल्य चिकित्सक डॉ. रविनंदन, बीएएसओ डॉ. हरेंद्र पाल भगत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

सतबरवा थाना कांड सं0–100/2024, दिनांक 25.08.2024, धारा–308 बी0एन0एस0, 25(1–बी0)ए0/26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथ0 अभियुक्त अखिलेश यादव उर्फ अखिलेश जी पे0 गुली यादव ग्राम हुटाई थाना पांकी जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर :– 9431706239
थाना प्रभारी, सतबरवा :– 6207146741

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 347858 Police (24-25)_D


# एएनएम और सीएचओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर अस्पताल के मीटिंग हॉल में एएनएम और सीएचओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हुआ। टेरीजहॉम की राज्य प्रतिनिधि आकांक्षा प्रिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की बीमारियों के इलाज के लिए एआईएमएनसीआई रिलेक्सेशन एप्लीकेशन के उपयोग की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं को बच्चों को बीमारियों से बचाने और पोषण से जुड़ी जानकारियां दी गईं। यह प्रशिक्षण लातेहार, चंदवा, बरवाडीह और मनिका प्रखंड में सिविल सर्जन डॉ. अवशेष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। मौके पर जिला समन्वयक आरिफ हुसैन, बीपीएम अजय भारती और एमपीडब्ल्यू पप्पू कुमार उपस्थित रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

### ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 17/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 05.03.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/100/2024-25 | हंटरगंज | डुमरी कला | देवरीया | छठ रोड से स्कुल होते हुए देवलाल यादव के घर तक PCC पथ निर्माण | 41,75,300.00 | इकतालीस लाख पचहत्तर हजार तीन सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.03.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 347879 Rural Work Department(24-25).D



## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001704), OFFICE OF THE GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-IV, MEDININAGAR
Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand
e-mail : gmtzdal@gmail.com

### Short E- Tender Notice

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| S. No. | e-NIT No. | Name of Work | EMD | Tender Fee including GST @18% |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 493/PR/JUSNL/2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Daltonganj for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 31,400/- | Rs. 5,900/- |
| 2 | 494/PR/JUSNL/2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Latehar for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 30,500/- | Rs. 5,900/- |
| 3 | 495/PR/JUSNL/2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Garhwa Road for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 30,700/- | Rs. 5,900/- |
| 4 | 496/PR/JUSNL/2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Japla for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 31,100/- | Rs. 5,900/- |
| 5 | 497/PR/JUSNL/2024-25 | Annual maintenance work of 132/33kV Grid Sub Station, Meral for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 23,300/- | Rs. 2,950/- |
| 6 | 498/PR/JUSNL/2024-25 | Annual maintenance work of 220/132kV Grid Sub Station, Bhagodih for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 39,500/- | Rs. 5,900/- |
| 7 | 499/PR/JUSNL/2024-25 | Annual maintenance work of 220 kV & 132 kV part including 02 nos. 220/132 kV, 150 MVA ICTs at 400/220/132 kV GSS Latehar for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 | Rs. 72,200/- | Rs. 5,900/- |

1. Start date time for download of tender paper : **07/03/2025 at 02:00 PM.**
2. Last date and time for upload of tender : **21/03/2025 upto 03:00 PM.**
3. Due date and time of opening of part-I : **22/03/2025 at 12:30 PM.**
4. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
5. The bids will be received through electronic tendering mode only.
6. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
7. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
8. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Trans. Zone-IV)
(Medininagar)

PR 347898 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

## लोहरदगा में शिवप्रसाद साहू मेमोरियल इंटर स्टेट टी 20 टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

# यह स्टेडियम खिलाड़ियों की नर्सरी : शत्रुघ्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के बीएस कॉलेज स्टेडियम में बुधवार को स्व शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट पूरी तरह आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया गया। जहां खिलाड़ियों के चौकों-छक्कों पर चेयरलीडर्स ने ठुमके लगाकर माहौल में जोश व उत्साह भर दिया। आयोजन में खिलाड़ियों, दर्शकों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा स्टेडियम उत्साह से भर गया। बुधवार शाम करीब 4 बजे टूर्नामेंट के प्रतिभागी टीम के खिलाड़ियों से सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मिलकर परिचय लिया और गर्मजोशी से उनका उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन मैच दिल्ली बनाम हरियाणा के टीम के बीच खेली गई। जिसमें दिल्ली के टीम विजय रही। दूसरे प्रतियोगिता में झारखंड बनाम बिहार की टीम ने खेला जिसमें झारखंड के टीम विजय रही। इस पर्व मैदान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दोनों टीम के कप्तान के बीच सिक्का उछलकर टॉस किया।



### समापन में हरभजन व सुरेश रैना की टीम के बीच मुकाबला

स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 टूर्नामेंट के पहले दिन 5 मार्च को हरियाणा बनाम न्यू दिल्ली की टीम एवं जेएससीए बनाम बिहार की टीम के बीच टूर्नामेंट हुआ जबकि 6 मार्च को मुंबई बनाम उड़ीसा एवं लोहरदगा बनाम कोलकाता की टीम के बीच मुकाबला होगा 8 मार्च को समापन के दौरान भारतीय टीम के खिलाड़ी रहे सुरेश रैना बनाम हरभजन सिंह के टीम के बीच टी20 का रोचक मुकाबला होगा।

उनके साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सिने स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को देखने के लिए लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने हाथ जोड़कर दर्शकों का अभिवादन किया। युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने वाला भाषण दिया। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि लोहरदगा की धरती सिर्फ खेल का मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के खिलाड़ियों की नर्सरी है। यहां के युवा खिलाड़ियों में जबरदस्त प्रतिभा और ऊर्जा है, जिसे सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले तो यह स्टेडियम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार कर सकता है। उन्होंने आयोजन समिति और स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू परिवार को इस शानदार टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देते हुए युवाओं से मेहनत और अनुशासन के साथ अपने सपनों को पूरा करने की अपील की। अंत में उन्होंने अपने मशहूर अंदाज में कहा, अगर कोई तुम्हारे सपनों के बीच आए, तो उससे बस एक ही बात कहना खामोश। उनकी इस बात पर पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। टूर्नामेंट के पहले दिन दिल्ली और हरियाणा के बीच पहला मुकाबला खेला गया। जबकि दूसरा मैच झारखंड और बिहार के बीच हुआ। दोनों ही मैच रोमांचक रहे और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। पूरे टूर्नामेंट का आयोजन भव्य तरीके से किया जा रहा है, जिसमें आठ मार्च तक कई और रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि, इस तरह के भव्य आयोजनों से युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

इस टूर्नामेंट से न केवल क्रिकेट के प्रति लोगों की रुचि बढ़ेगी, बल्कि झारखंड और अन्य राज्यों के युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। आने वाले दिनों में इस टूर्नामेंट में और भी बड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे खेल प्रेमियों की दिलचस्पी और बढ़ेगी। लोहरदगा का यह ऐतिहासिक आयोजन क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार टूर्नामेंट बनकर उभरेगा। इस मौके पर एसपी हारिस बिन जमा, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आयोजन समिति के हर्षित साहू, दुर्गेश साहू, आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, हाजी जबरुल अंसारी, कांग्रेस के डॉअजय नाथ शाहदेव, निशिथ जायसवाल, हाजी अफसर कुरैशी, उदय गुप्ता संदीप गुप्ता, संजय बर्मन समेत बड़ी संख्या में खेल खिलाड़ी और खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सांसद सुखदेव भगत को जेएनवी के प्राचार्य ने विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के जोगना में स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के प्रचार्य द्वारा स्थानीय सांसद से मुलाकात कर विद्यालय की स्थिति से अवगत कराया गया। वही प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर अप्रैल माह में विद्यालय में होने वाले बाल संसद सत्र में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया है। और प्रचार्य श्री झा ने संसद को अप्रैल 15 से 30 अप्रैल तक विद्यालय में आने का अनुरोध करते हुए।बच्चो को सांसद सत्र की जानकारी साझा कराने के लिये अपील किया गया है। इस के अलावा सांसद द्वारा प्राचार्य से विद्यालय की शिक्षा और पठन पाठन कि जानकारी ली गई।साथ ही प्रचार्य से पठन पाठन के अलावे विद्यालय के किसी अन्य चीजों की समस्याओं के बारे में बताने के लिये कहा गया। जिसे प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने कहा कि पठन पाठन कार्य के लिए विद्यालय में दो कमरा की आवश्यकता है। तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं का पेयजल की समस्या दूर नहीं हो पा रहा है। जिसे सुन संसद भगत ने कहा कि समस्या संज्ञान में आ गया है। उपायुक्त से बात कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

### आंगनबाड़ी केंद्र में लगा समरसेबल तार हुआ चोरी, पीने के पानी की हुई समस्या

**कुडू - लोहरदगा।** कूडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार टांड़ जामडी रोड में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्र से समरसेबल तार चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। सेविका ज्योति रेखा ने बताया कि रविवार के मध्य रात्रि में समरसेबल मशीन में लगे तार को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। सुबह पहुंचने पर देखा कि समरसेबल से छत पर लगी टंकी तक का तार जमीन खोदकर गायब कर दिया गया है। हालांकि समरसेबल अभी सुरक्षित है। लेकिन जिस प्रकार से भिड़ भाड़ वाली जगह से चोरों ने तार को जमीन से खोदकर निकालने का काम किया है भविष्य में समरसेबल की भी सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। ज्योति रेखा ने तार चोरी की सूचना विभाग को दी है।

### सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम-2025 से संबंधित जिला समन्वय समिति की बैठक



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम-2025 से संबंधित जिला समन्वय समिति की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग को विद्यालय स्तर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए समन्वय बनाते हुए लक्ष्य पूर्ण करने, समाज कल्याण विभाग को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर शेष लक्ष्य पूर्ण करने के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के माध्यम से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। कुडू व कैरो प्रखण्ड के छूटे हुए गांवों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दवा खिलाने के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिया गया। बैठक में सौ फीसदी दवा खिलाने का कार्यक्रम में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई और शेष लक्ष्य को जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया गया. बैठक में सिविल सर्जन-सह-भीबीडी पदाधिकारी डॉ शंभूनाथ चौधरी, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कार्यक्रम समन्वयक, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

### अनीमिया से होनेवाली बीमारियों व बचाव के बारे में बताया गया

**कैरो/लोहरदगा।** राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह में बुधवार को अनीमिया नियंत्रण से संबधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए अनीमिया से होनेवाले बीमारियों एवम् बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने कहा कि बच्चों में आयरन की कमी से होनेवाली बीमारियों में एक अनीमिया है, जो बच्चों को पढ़ाई में मन न लगना, कमजोरी महसूस करना,इसके कारण अन्य बीमारियों से ग्रसित होना, आँख और नाखून पीले दिखना आदि इसके मुख्य पहचान है। जिसका मुख्य कारण पौष्टिक एवम् आयरनयुक्त आहार की कमी है। ऐसे में विद्यालय से मिलनेवाली नीली एवम् गुलाबी गोली आहार में इस कमी को पुरा करती है। अतः उम्र के अनुसार पिंक गोली प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे एवम् नीला गोली उच्च एवम् माध्यमिक कक्षाओं के बच्चों को दी जाती है, जिसका सेवन प्रत्येक बुधवार को आवश्य करें और अनीमिया को दूर भगाए।मौके पर प्रधानध्यापक के नेतृत्व में प्रत्येक बुधवार को आयरन गोली के सेवन हेतु विद्यालय परिवार को शपथ भी दिलाई गई।

### युवक ने घर मे रस्सी के सहारे फांसी लगा किया आत्महत्या

**सेन्हा।** एकागुड़ी सेमरटोली ग्राम में अपने खपरैल घर मे युवक ने नायलॉन रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है की सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी सेमरटोली ग्राम निवासी मंगरा उरांव का 32 वर्षीय पुत्र सचिन उरांव घर मे अकेले था। जिसे वह अपने खपरैल घर में लगा हुआ बांस का बल्ली में नायलॉन रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया वही मृतक की पत्नी दीपा उरांव ने बताया कि हम नहाने जा रहे हैं। बोल के घर के सामने पानी टँकी में नहाने गये चले गये। नहा कर जब घर लौटे तो देखे घर का दरवाजा दोनों तरफ अंदर सड़ बंद था। जिसे काफी आवाज देने पर मेरा पति घर का दरवाजा नही खोला तो घर के किनारे दीवाल का छोटा सा छेद से बच्चा लोग को घर के अंदर घुसा के दरवाजा खुलवाये जिसे दरवाजा खोल कर अंदर देखे तो सचिन उरांव फांसी का फंदा में झूला हुआ था।

## पीडीजे ने किया मंडल कारा का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा ने मंडल कारा लोहरदगा का निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं सिविल कोर्ट निबंधक अमित कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। पीडीजे का यह दौरा उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार एवं झालसा द्वारा दी गई गाईडलाइन के अनुसार किया गया। जेल में बंद विभिन्न बंदियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया की जेल में खानपान, स्वास्थ्य सुविधाएं, रखरखाव, सफाई सही है कि नहीं। उन्होंने मौके पर कई कैदियों से बातचीत कर उनके समस्याओं को जाना। मौके पर जेल अधीक्षक सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं जेलर सुबोध कुमार भी उपस्थित रहे। विभिन्न बंदियों ने अपनी समस्याओं को रखा। इसके पश्चात एलएडीसीएस के मुख्य अधिवक्ता नसीम अंसारी को पीडीजे ने निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि हर बंदी को उसके केस की जानकारी होनी चाहिए, यह सुनिश्चित किया जाए। महिला बंदियों से मुलाकात कर पीडीजे ने उनकी स्थिति की जानकारी ली। अभी मंडल कारा लोहरदगा में कुल 249 बंदी संसीमित हैं।

### होली त्योहार को लेकर भंडरा थाना में शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा थाना परिसर में बुधवार को होली त्योहार को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि रंगों का त्योहार में जिस तरह कई रंग आपस मिलकर एक रंग में मिल जाते है। इसी प्रकार हम सभी को आपसी मनमुटाव को भूलते हुए मिलकर एक साथ आपसी सौहार्द के साथ त्योहार का आनंद उठाना है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पूरी तरह से सजग है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि भंडरा प्रखंड की पहचान आपसी एकता और भाईचारा के रुप में होती है। भंडरा थाना में योगदान के एक वर्ष हो गए है। जिसमें सभी धर्म के लोगों में एक दूसरे के धर्म के प्रति आदर का भाव देखने को मिला है। जिसे बरकार रखना है। उन्होंने शांति समिति बैठक में पहुंचे बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से क्षेत्र में त्योहार के दौरान होने वाले कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कही है। साथ ही होली त्योहार के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश किया जाता है, तो वैसे व्यक्ति पर सख्त रुप से कनूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**भंडरा।** मुख्य पथ सेन्हा व भंडरा थाना क्षेत्र के सीमांत महिला कालेज के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बता दें कि जिले के कैरो थाना क्षेत्र निवासी सुकरा उरांव के पुत्र विकास उरांव (25 वर्ष) अपने दोस्त रंथू उरांव उरांव के पुत्र करमा उरांव (22 वर्ष) के साथ बरही बाजार कर अपने अपाची मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसे विकास उरांव को गंभीर चोटें आई है। जबकि करमा उरांव को मामूली चोटें आई है।

### ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक संपन्न

## गाड़ियों का परिचालन शुरू नहीं होने पर एसोसिएशन करेगा जोरदार आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक आज बक्शी डीपा में संपन्न हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि पिछले तीन दिनों से घाघरा प्रखंड के विमरला रोड में कुछ लोगों के द्वारा जोर जबरदस्ती करके विमरला माइंस में चलने वाले 127 ट्रकों को खड़ा कर दिया गया है ,जिसकी सूचना भी जिला प्रशासन को दी गई थी और तीन दिनों से लगातार प्रशासन को लिखित देने के बाद भी पुलिस प्रशासन, अंचलाधिकारी या वरीय जिला पदाधिकारियों के द्वारा गाड़ियों का परिचालन शुरू नहीं कराया गया ,इस संदर्भ में एसोसिएशन के माननीय संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू जी से मुलाकात कर सारी वस्तु स्थिति से उनको अवगत कराया गया ,आज की



बैठक में एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है कि दिनांक 6/ 3/2025 तक अगर विमरला ट्रकों का परिचालन जिला प्रशासन शुरू नहीं कराती है तो संगठन बाध्य होकर नेतरहाट रोड आदर मोड़ के समीप जाम करेगी और लगभग 1500 ट्रक जो ऊपर पाट में चलते हैं उन सभी ट्रकों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा, एसोसिएशन ने साफ विरोध दर्ज कराया है कि जिला प्रशासन की मौन स्वीकृति के कारण कुछ लोग सड़क पर उतरकर दादागिरी कर रहे हैं और ट्रक ड्राइवरो के साथ गाली गलौज एवं कुछ लोड गाड़ियों का माल भी गिरा दिया गया हैं, जिसकी लिखित शिकायत भी घाघरा थाना में की गई है जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है आज की बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन के सचिव रहमान अंसारी, झारखंड पठारी बॉक्साइट चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, धर्मेंद्र कुमार, रोहित अग्रवाल, अभय सिंह सहित सैकड़ो ओनर उपस्थित थे।

### हाथियों के भय से पोढ़हा गडरपो के ग्रामीण रतजगी करने को विवश

**भंडरा।** भंडरा के पोडहा और गडरपो के ग्रामीण हाथियों के भय से विगत रात रात्रि जागरण कर रात बिताने को विवश हुए। जानकारी के मुताबिक विगत रात शाम करीब सात बजे हाथियों का झुंड पोडहा गांव पहुंच गया। गांव के तरिंगन टोली में हाथियों के इस झुंड को देखते ही लोग घरों से निकल कर हाथियों को भगाने में जुट गये।


झारखण्ड सरकार
जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू
धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना हेतु
आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 148/मत्स्य/राँची, दिनांक 29/01/2025 के आलोक में पलामू जिले के सभी जनजातीय समुदाय के सदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रयोजित योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना" नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारम्भ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रयोजित–प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिषरण के माध्यम से बुनियादी ढाँचे स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल गाँवों में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

**धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना** के ही कुछ कम्पोनेन्ट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के समान है। इस योजना के तहत जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resoures (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90प्रतिशत (केन्द्रांश60% : राज्यांश40%) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रक्रिया प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के समान हो जिला स्तर पर DLC एवं SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की आधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से पलामू जिला के 12 प्रखण्डों के कुल 91 आकांक्षी गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्हीं गाँवों के जनजातीय लोगो से स्वीकार किया जाएगा।

पलामू जिलान्तर्गत चिन्हित/आकांक्षी गाँवों की सूची इस प्रकार है :–

| DISTRICT | BLOCK | PANCHAYAT | VILLAGE |
|---|---|---|---|
| PALAMU | BISHRAMPUR | BAGHMANWAN | Gharatia |
| PALAMU | BISHRAMPUR | GHANSIDAG | Jamari |
| PALAMU | CHAINPUR | BHABHANDI | Chenrabar |
| PALAMU | CHAINPUR | KARSO | Pachlewa |
| PALAMU | CHAINPUR | SEMRA | Khura Khurd |
| PALAMU | CHAINPUR | SALATUA | Bahera |
| PALAMU | CHAINPUR | BUDHIBIR | Jainagra |
| PALAMU | CHAINPUR | BHARGAONA | Kurka |
| PALAMU | CHAINPUR | AWSANE | Khapia |
| PALAMU | CHAINPUR | BASARIYA KALA | Sokra |
| PALAMU | CHAINPUR | BASARIYA KALA | Alagdiha |
| PALAMU | CHAINPUR | AWSANE | Duba |
| PALAMU | CHHATARPUR | PINDRAHI | Pindrahi |
| PALAMU | CHHATARPUR | PINDRAHI | Khendhora Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | KAWAL | Kurkuta |
| PALAMU | CHHATARPUR | RUDWA | Okraha |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Sahi |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Kekri Kalan |
| PALAMU | CHHATARPUR | CHERAI(1) | Kekri Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | MURUMDAG | Jaura |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Bisaipur |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Chilho Khurd |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Hulsam |
| PALAMU | CHHATARPUR | HULSUM | Chuchrumanr |
| PALAMU | CHHATARPUR | HUTTUKDAG | Hutukdag |
| PALAMU | LESLIGANJ | DABARA | Erua |
| PALAMU | LESLIGANJ | DABARA | Kubua |
| PALAMU | LESLIGANJ | PURNADIH | Urhulia |
| PALAMU | LESLIGANJ | JURU | Turkadih |
| PALAMU | MANATU | RANGEYA | Tanrwa |
| PALAMU | MANATU | PADAMA | Tetardih |
| PALAMU | MANATU | BANSHIKHURD | Bhitkila |
| PALAMU | MANATU | RANGEYA | Surgiya |
| PALAMU | MANATU | DUMARI | Kedal |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Chukru |
| PALAMU | MEDININAGAR | SUA | Sua |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Ganke |
| PALAMU | MEDININAGAR | KAUDIYA | Jorkat |
| PALAMU | MEDININAGAR | JHABAR | Pirhia |
| PALAMU | MEDININAGAR | JHABAR | Kundelwa |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Tamdaga |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Sohdag Kalan |
| PALAMU | NAWA BAZAR | KUMBHI KALAN | Mahugain |
| PALAMU | NAWA BAZAR | SOHDAGKHURD | Rajdiria |
| PALAMU | NAWDIHA BAZAR | KARKATA | Nawadih. |
| PALAMU | NAWDIHA BAZAR | DAGRA | Ratnag |
| PALAMU | PANKI | ASEHAR | Kusri |
| PALAMU | PANKI | MADAN | Ahirgurha |
| PALAMU | PANKI | KARAR | Parsotimpur |
| PALAMU | PANKI | MADAN | Surjaun. |
| PALAMU | PANKI | HOTAI | Mahugain |
| PALAMU | PANKI | RATANPUR | Bihra |
| PALAMU | PANKI | RATANPUR | Irgu |
| PALAMU | PANKI | TAL | Khajuri |
| PALAMU | PANKI | TAL | Matuli |
| PALAMU | PANKI | TAL | Abun |
| PALAMU | PATAN | MERAL | Jhari Nimia |
| PALAMU | PATAN | MERAL | Siki Kalan |
| PALAMU | PATAN | SEMARI | Kisaini |
| PALAMU | PATAN | LOINGA | Angra |
| PALAMU | PATAN | NAWAKHAS | Pokharia |
| PALAMU | PATAN | NAWAKHAS | Kosiara |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Tisibar |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Rol |
| PALAMU | PATAN | RUNDIDIH | Khajuri |
| PALAMU | PATAN | KASWAKHAR | Homia |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Sarhauwa |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Hisra |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Gore |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Karma |
| PALAMU | RAMGARH | CHORHAT | Chorhat |
| PALAMU | RAMGARH | CHORHAT | Kundpani |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Musurmu |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Uldanda |
| PALAMU | RAMGARH | ULDANDA | Banalat |
| PALAMU | RAMGARH | NAWADIH | Nawadih |
| PALAMU | RAMGARH | HUTAR | Chando Alias(Mayapur) |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Ulman. |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Kokaru |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Chungra Bansdih |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Pinrhe |
| PALAMU | RAMGARH | BASDIH KHURD | Muru |
| PALAMU | SATBARWA | RABADA | Rabda |
| PALAMU | SATBARWA | PONCHI | Nalumanr |
| PALAMU | SATBARWA | DULSULMA | Dulsulma |
| PALAMU | SATBARWA | DULSULMA | Murma |
| PALAMU | SATBARWA | GHUTUA | Ekta |
| PALAMU | SATBARWA | REWARATU | Daruna |
| PALAMU | SATBARWA | GHUTUA | Sohri |
| PALAMU | SATBARWA | REWARATU | Chanpi |
| PALAMU | UNTARI ROAD | LUMBA SATBAHINI | Gaurletwa |

"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना" अन्तर्गत योजनाएँ निम्नांकित है :–

| क्र0 | योजना का नाम | | इकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदान 90प्रतिशत (लाख में) | लाभुक अंशदान (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 2 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया मछली पालन आदि के लिए इनपुट (नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 3 | बायोफ्लॉक तालाब का निर्माण (4 लाखरू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1हे0 में | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 4 | मध्यम आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 5 | 04मी0 व्यास एवं 1 मी0 ऊँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बॉयोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 6 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (100घनमीटर क्षमता का 01टैंक) | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 7 | 04मी0 व्यास एवं 1 मी0 ऊँचाई के 07 टैंक वाले छोटे बॉयोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 8 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | सं0 में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 9 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन। | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 10 | इनसुलेटेड वाहन। | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 11 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | सं0 में | 0.75 | 0.675 | 0.075 |
| 12 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा) | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 13 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 14 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 15 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | सं0 में | 100.00 | 90.00 | 10.00 |

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज :–

1. संलग्न किये गये आवश्यक दस्तावेज भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र(L.P.C), जाति प्रमाण–पत्र (ST), मत्स्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित हो तो प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (D.P.R) स्वंय के खर्च से बनवा कर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना उरोक्त दस्तावेज के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं बिना कारण बताए आवेदनों को रद् समझा जाएगा।
2. एक आवेदक एक ही योजना हेतु आवेदन कर सकते है। योजनओं का दोहरीकरण नहीं किया जाएगा।
3. अंशदान लगाकर कर कार्य करने से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. यह प्रारम्भिक चरण है इस योजना अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात ही कार्य रूप दिया जायेगा।
5. योजनाओं के क्रियान्वयन में नियम एवं शर्ते भी लागू है जिसकी जानकारी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से विस्तृत रूप में प्राप्त की जा सकती है।
6. आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25/03/2025 है।

नोट :– पलामू जिला के उपरोक्त पंचायत में चिन्हित गाँवों की सूची में से ही अनुसूचित जनजाति सामुदाय के ग्रामीण ही जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन कर सकते है।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
पलामू

PR 347876 (District)24-25*D

# पोढापाट टोले में सोलर पावर ग्रिड की स्थापना, 21 घरों को किया रोशन

*दूरस्थ गांवों में ऊर्जा क्रांति, जेबीवीएनएल और ज्रेडा की पहल से ग्रामीणों को मिली रोशनी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा प्रखंड अंतर्गत आदर पंचायत के पोढापाठ टोले (पीवीटीजी टोला) में सौर ऊर्जा से बिजली आपूर्ति शुरू कर 21 घरों को रोशन किया गया। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के तत्वावधान में ज्रेडा द्वारा यह महत्वपूर्ण परियोजना सफलतापूर्वक पूरी की गई। 10 'हस्र क्षमता की इस सौर ऊर्जा परियोजना के तहत प्रत्येक घर को 500 वॉट बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे ग्रामीणों को घरेलू जरूरतों के लिए निर्बाध बिजली मिल सकेगी। इस पहल से न केवल गांव के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**दूरदराज के गांवों तक बिजली पहुंचाने की पहल :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले के उन क्षेत्रों में सौर ऊर्जा से बिजली पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जहां पारंपरिक बिजली आपूर्ति संभव नहीं थी। इसी क्रम में पोढापाठ टोले में सोलर पावर ग्रिड की स्थापना की गई, जिससे ग्रामीणों को ऊर्जा सुविधा मिल सके और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

**स्थानीय लोगों ने जताया आभार :** ग्रामवासियों ने इस पहल के प्रति खुशी जाहिर की और सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। परियोजना के अंतर्गत इंपैनल्ड कंपनी आगामी पाँच वर्षों तक सोलर सिस्टम का रखरखाव करेगी, जिससे इसकी प्रभावशीलता और दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित हो सके। यह पहल न केवल ऊर्जा के स्थायी विकल्प को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हो रही है।

## तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, अनियंत्रित बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का खामियाजा एक युवक को गंभीर चोटों के रूप में भुगतना पड़ा। चैनपुर थाना क्षेत्र के बेन्दोरा पंचायत अंतर्गत छतरपुर चट्टान के पास मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई, जिससे बाइक सवार शंकर नायक (36), पिता जनक नायक, निवासी पोड़ा गांव, लोदाम (छत्तीसगढ़) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर बाइक को कब्जे में लिया और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक– 279 दिनांक–28.02.2025 (PR 347472 Lohardaga (24-25)*D के द्वारा निकाली गई अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2024–25 का कार्य अवधि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 अंकित है, उक्त अवधि को संसोधित करते हुए अप्रैल 2025 से मार्च 2028 तक संशोधित किया जाता है। शेष शर्तें यथावत् रहेगा।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 347835 Lohardaga(24-25).D


# न्यूज बॉक्स

## सड़क दुर्घटना में प्लस टू हाई स्कूल भरनो के आदेशपाल की मौत

**भरनो (गुमला)।** प्लस टू हाई स्कूल, भरनो के आदेशपाल कुशल तुरी (20 वर्ष), निवासी सेरका, बिशुनपुर की मंगलवार को सिसई के सकरौली गाँव, एनएच-23 पर सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुशल तुरी मंगलवार को स्कूल से छुट्टी के बाद बाइक से अपने गांव सेरका लौट रहे थे। इसी दौरान सकरौली गाँव के पास तेज रफ्तार में उनकी बाइक एक कार से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत सिसई रेफरल अस्पताल पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि दो महीने पहले भी तेज रफ्तार के कारण वे बाइक से गिरकर अपना हाथ तोड़ चुके थे।

**शोक सभा में शिक्षकों व छात्रों ने दी श्रद्धांजलि :** बुधवार को प्लस टू हाई स्कूल, भरनो में प्राचार्या वरदानी टोप्पो की अगुवाई में शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों व छात्रों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्कूल परिवार ने इस असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

## चैनपुर प्रखंड में साइकिल वितरण 134 स्कूली बच्चों को दिया गया

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड परिसर में कल्याण विभाग और बीआरसी के द्वारा को आयोजित एक समारोह में कुल 134 साइकिलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शुशील दीपक मिंज, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हुलास प्रसाद और अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।साइकिलों का वितरण स्कूली बच्चों के लिए किया गया, जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा, सरकार की इस पहल से बच्चों को साइकिलें मिल रही हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में और भी मदद मिलेगी।प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने अपने संबोधन में कहा कि यह वितरण बच्चों के विकास और शिक्षा के प्रति उनकी प्रेरणा को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, साइकिल मिलने से बच्चे स्कूल आसानी से पहुंच सकेंगे और उनकी पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हुलास प्रसाद ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि सरकार का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा, ये साइकिलें न केवल परिवहन का साधन हैं, बल्कि यह बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक कदम है। इस कार्यक्रम ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ-साथ उनके माता-पिता में भी खुशी का माहौल पैदा किया। सभी उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ कार्रवाई दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के ग्रामीणों में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ संबंधित अधिकारियों ने सख्त कदम उठाया है। झारखंड बुजली वितरण निगम लि. रांची द्वारा जारी पत्रांक 56/आपतो के अनुसार, एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था, जिसमें तकनीकी सहायक प्रदीप विश्वकर्मा, मानव दिवस कर्मी अभय कुमार तिवारी, रामेश्वर साहु, मोड्ड एनामुल अंसारी और अन्य कर्मी शामिल थे।इस अभियान के तहत, टोंगो ग्राम के कातिंग पंचायत के निवासियों में से कुल दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिन व्यक्तियों पर अवैध विद्युत ऊर्जा चोरी के आरोप लगे हैं, उनमें सुबोध एक्का, अजय बड़ा, लिबीन बड़ा, अरुण बड़ा, इग्नोसियुस तिर्की, विजय लाकड़ा, प्रदीप खलखो, बिनोद बड़ा, सिप्रियन एक्का और जोन मिंज शामिल हैं। इन सभी पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की गई है, और कुल क्षतिपूर्ति राशि 93,208 रुपये निर्धारित की गई है।चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी को उचित कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है। हरि उरांव, सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गुमला ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई का उद्देश्य अवैध विद्युत चोरी पर लगाम लगाना और संबंधित लोगों को कानून के दायरे में लाना है। उन्होंने कहा, आगे भी इस प्रकार की छापेमारी जारी रहेगी ताकि विद्युत चोरी को रोका जा सके और समाज में जागरूकता फैलाई जा सके।इस कार्रवाई का उद्देश्य ग्रामीणों में यह संदेश देना है कि विद्युत चोरी को लेकर कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं सकता है, और सभी को विधिक दायरे में रहकर ही विद्युत उपयोग करना चाहिए।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण कार्यशाला कुपोषण दूर करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा

**भरनो (गुमला)।** बाल विकास परियोजना के तत्वावधान और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को भरनो प्रखंड कार्यालय के सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक दिवसीय पोषण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड की 46 आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में टाटा स्टील फाउंडेशन के रौनक कुमार ने मानसी परियोजना के लक्ष्य और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सेविकाओं को कुपोषित बच्चों की पहचान करने और कुपोषण दूर करने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, यदि कोई बच्चा अत्यधिक कुपोषित हो, तो उसे तत्काल एमटीसी (मल्टीपल थेरेपी सेंटर) भेजने की सलाह दी गई। इस दौरान स्तनपान और ऊपरी आहार के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया, जिससे बच्चों के स्वस्थ विकास को सुनिश्चित किया जा सके। कार्यशाला में प्रशिक्षक रौनक कुमार और बिपिन कुमार सिंह ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भरनो में 9 मार्च को लगेगा वार्षिक फागुन मेला, डाक की प्रक्रिया पूरी

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय परिसर में लगने वाला वार्षिक फागुन मेला इस वर्ष 9 मार्च 2025 (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर अंचल कार्यालय, भरनो द्वारा डाक की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बुधवार को अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर की अध्यक्षता में डाक प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें डाक वक्ता के रूप में शिव कुमार केशरी, अभिषेक गुप्ता, अफजल खान, कृष्णा उरांव, बसंत कुमार केशरी और गुलफान खान उपस्थित थे। डाक की शुरूआत न्यूनतम ?14,715 से की गई, जिसके तीन दौर के बाद शिव कुमार केशरी ने ?15,650 की सर्वोच्च बोली लगाकर डाक अपने नाम की। इस अवसर पर अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर ने प्रखंड के सभी आमजन और इच्छुक व्यक्तियों से भविष्य में भी डाक प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की।

### महिला बाल विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों की संख्या, आधार सत्यापन, वजन माप, गृह भ्रमण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, कुपोषण उपचार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका/सहायिका की रिक्तियां और आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा अद्यतन करने और सभी बच्चों के आधार कार्ड अपलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने गृह भ्रमण को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया कि वे गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दें और उनका लाभ दिलाएं।

उपायुक्त ने मातृ वंदना योजना, किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के प्रति महिलाओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सीडीपीओ को लक्ष्य निर्धारित कर मातृ वंदना योजना के अधिकतम पात्र लाभुकों को जोड़ने की जिम्मेदारी दी।

बैठक में सेविका/सहायिका के चयन में तेजी लाने, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मत, नवीनीकरण और शौचालय, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सभी प्रखंडों के सीडीपीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। साथ ही, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे।

इस बैठक के माध्यम से प्रशासन ने महिला एवं बाल विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया, जिससे जरूरतमंद लाभुकों को समय पर सहायता मिल सके।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चैनपुर थाना के जवानों को सहिया ने खिलाई दवा

**चैनपुर।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चैनपुर थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय सहिया ने चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को फाइलेरिया की दवा खिलाई और साथ ही थाना के सभी जवानों को इसके फायदे के बारे में बताया। इस अवसर पर स्वस्थ कुर्मी ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्होंने जवानों और उपस्थित स्थानीय लोगों को इस दवा के सेवन के महत्व पर जोर दिया। सहिया ने कहा, ₹इस दवा का नियमित सेवन करने से फलेरिया को नियंत्रित किया जा सकता है। मैं सभी से अपील करती हूं कि वे समय पर दवा का सेवन करें और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। चैनपुर थाना प्रभारी श्री कुंदन चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ऐसे कार्यक्रम लोगों में जागरूकता फैलाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें मिलकर इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई लड़नी है और सभी को इसके बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत एसएसबी कैंप के सभी जवानों और स्थानीय समुदाय को फलेरिया के प्रति जागरूक करने और दवा वितरित करने का कार्य किया गया। इस पहल ने न केवल जवानों में जागरूकता पैदा की, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति सजगता को भी बढ़ावा दिया।

### जमीन विवाद को लेकर बनारी में नवयुवक संघ का रोड जाम

# मंदिर की जमीन पर कब्जे का आरोप

*बिशुनपुर में निजी जमीन को धार्मिक रूप देने का विवाद, प्रशासन ने दिया न्यायिक प्रक्रिया का आश्वासन*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी में जमीन विवाद को लेकर बुधवार सुबह नवयुवक संघ ने सड़क जाम कर दिया। एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद अंचलाधिकारी शेखर वर्मा और थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जाम हटवाया।

बनारी स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे की जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नवयुवक संघ का दावा है कि यह जमीन मंदिर का हिस्सा है, जिसे पूर्वजों ने दान पत्र के माध्यम से मंदिर को दिया था। लेकिन, नागेश्वर पाल सिंह के परिवार ने इस जमीन को निजी संपत्ति बताते हुए अरविंद कुमार साहू को बेच दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अशोक उरांव और नवयुवक संघ के विवेक साहू ने अंचलाधिकारी से मांग की कि इस जमीन के दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को रद्द कर इसे मंदिर के नाम दर्ज किया जाए। इस पर अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दाखिल-खारिज एक न्यायिक प्रक्रिया है और दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर कागजात प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। सबूतों के आधार पर उचित फैसला लिया जाएगा।

**भूमि स्वामित्व पर अलग-अलग दावे :** रूपेश्वर पाल सिंह का कहना है कि उनके पूर्वजों ने मंदिर निर्माण के लिए मौखिक रूप से दो डिसमिल जमीन दी थी, लेकिन नवयुवक संघ अब उनकी बची हुई जमीन पर भी कब्जा करने की साजिश रच रहा है। इसी कारण उन्होंने यह जमीन अरविंद कुमार साहू को बेच दी।

वहीं, खरीदार अरविंद कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने 4 मई 2023 को तीन डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। लेकिन, जब नवयुवक संघ को इसकी जानकारी हुई तो 3 फरवरी 2024 की रात को वहां बजरंगबली की मूर्ति स्थापित कर दी गई, जिससे जमीन को धार्मिक स्वरूप दिया जा सके। इस मामले को लेकर थाना में शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद 6 फरवरी को दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ। लेकिन, जब अरविंद ने उस समझौते के आधार पर अपने हिस्से की घेराबंदी शुरू की तो 17 मार्च 2024 को संघ के लोगों ने घेरा तोड़ दिया और उन पर झूठा एसटी/एससी एक्ट का केस कर दिया, जो बाद में फर्जी साबित हुआ।

**85 वर्षीय रूपेश्वर पाल सिंह ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार :** रूपेश्वर पाल सिंह ने आरोप लगाया कि नवयुवक संघ उनके अचल संपत्ति को हड़पने की साजिश कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए कहा कि किसी भी जमीन को जबरन धार्मिक स्थल में तब्दील करना गलत है। फिलहाल, प्रशासन ने दोनों पक्षों को कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिसके बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत निर्णय लिया जाएगा।

## काटिंग पंचायत भवन में पंचायती समन्वय समिति की बैठक

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के काटिंग पंचायत भवन में पंचायती समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। बैठक का संचालन पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज ने किया, जिन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से बताया।बैठक में वन विभाग के अधिकारी ने भी अपने विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों को वन संरक्षण, वृक्षारोपण और वन्य जीवों के संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिससे ग्रामीणों को अपने आसपास के पर्यावरण की सुरक्षा का महत्व समझ में आए।

### चैनपुर में महिला दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हो रही है तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के अनुमंडल पुस्तकालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने की, जिसमें मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बंधु तिर्की, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेंगे। बैठक में 13 मार्च, दिन गुरुवार को बरवे मैदान में महिला दिवस समारोह मनाने की योजना पर चर्चा की गई। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि इस विशेष अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से नगर भ्रमण की योजना बनाई गई, जो चैनपुर प्रखंड परिसर से थाना रोड होते हुए बरवे मैदान तक जाएगी। मुखिया माधुरा मिंज और शोभा देवी ने समारोह की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी से समारोह में भाग लेने की अपील की। बैठक में पंचायत समिति सदस्य शान्त बड़ा, आशा लकड़ा, अल्बर्ट तिग्गा समेत कई अन्य स्थानीय नेता और समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किए और विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यशालाएं और महिलाओं के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे उन्हें प्रेरित किया जा सके। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में समानता की भावना को भी मजबूत करेगा। चैनपुर प्रखंड में महिला दिवस समारोह की तैयारी ने स्थानीय समुदाय में उत्साह का माहौल बना दिया है। सभी लोग इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, और उम्मीद है कि यह आयोजन महिलाओं के सशक्तीकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।समारोह की तैयारियों को लेकर स्थानीय प्रशासन और आयोजकों द्वारा व्यापक योजना बनाई जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यक्रम सफल और प्रभावी हो। चैनपुर प्रखंड की महिलाएं इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं, जिससे उन्हें अपने अधिकारों और उपलब्धियों को पहचानने का अवसर मिल सके।



## नाराज होकर पत्नी गई मायके, सदमे में पति ने लगाई फांसी

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के जिलिंगसिरा निवासी 25 वर्ष सतनाम उरांव अपने घर के अपने कमरे में दुपट्टा के सहारे कंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता मंगल उरांव बताया कि दो दिन पूर्व मेरा पुत्र सतनाम एवं उसकी पत्नी में कुछ विवाद हुआ था जिसके बाद उसकी पत्नी दो दिन पूर्व अपने मां के घर चली गई और वापस नहीं आई।वही मंगल उराव ने बताया कि जब खेत से मेरी बड़ी बहू दीपरानी ने मंगलवार को शाम 4 बजे घर वापस आई तो देखा की सतनाम उराव अपने कमरे में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा लिया है जिसकी सूचना तुरंत अपने ससुर मंगल उरांव को दी जिसके बाद घटना की सूचना तुरंत घाघरा थाना को दी सूचना पाकर घाघरा पुलिस के एएसाई मुतुजयन मिश्रा अपने दल बाल के साथ घटना स्थल पहुंचे एवम पुलिस के निगरानी में शव को उतार कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हेतु गुमला सदर हॉस्पिटल भेजा दिया।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।**
**(भू–अर्जन शाखा)**

**SCHEDULE**

Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling Reconstruction of Duari To Roll Road in the district of CHATRA of the State of JHARKHAND.

State: Jharkhand | District : Chatra

| S.No. | Survey / Plot No. | Type of Land | Nature of Land | Acquisition Area (in Acre.) | Acquisition Area (in Hectare) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk : Gidhour | | | | | |
| Village : Duwari (71) | | | | | |
| 1 | 878 | Raiyati | Tand-I | 0.1893 | 0.0766 |
| 2 | 879 | Raiyati | Tand-I | 0.505 | 0.2044 |
| 3 | 880 | Raiyati | - | 0.0175 | 0.0071 |
| 4 | 886 | Raiyati | Tand-I | 0.0972 | 0.0393 |
| 5 | 887 | - | - | 0.3615 | 0.1463 |
| 6 | 980 | Raiyati | - | 0.0119 | 0.0048 |
| 7 | 981 | Raiyati | Parti Kadim | 0.473 | 0.1914 |
| 8 | 982 | GM Khas | Parti Kadim | 0.0011 | 0.0004 |
| 9 | 983 | Raiyati | Tand-III | 0.3871 | 0.1567 |
| 10 | 988 | Raiyati | - | 0.152 | 0.0615 |
| 11 | 990 | Raiyati | - | 0.5825 | 0.2357 |
| 12 | 991 | - | - | 0.1779 | 0.0720 |
| 13 | 992 | GM Khas | GM Khas | 0.0172 | 0.0070 |
| 14 | 2322 | GM Khas | GM Khas | 3.3838 | 1.3694 |
| 15 | 2391 | GM Khas | GM Khas | 1.6786 | 0.6793 |
| 16 | 2546 | - | - | 0.1968 | 0.0796 |
| 17 | 2548 | Raiyati | Dhan Khet-III | 0.0068 | 0.0028 |
| 18 | 2562 | Raiyati | - | 0.0189 | 0.0076 |
| 19 | 2563 | Raiyati | - | 0.0275 | 0.0111 |
| 20 | 2564 | Raiyati | - | 0.0361 | 0.0146 |
| 21 | 2590 | Raiyati | - | 0.0189 | 0.0076 |
| 22 | 2593 | Raiyati | - | 0.0241 | 0.0098 |
| 23 | 2597 | Raiyati | Dhan Khet-III | 0.0167 | 0.0068 |
| 24 | 2598 | Raiyati | - | 0.0539 | 0.0218 |
| 25 | 2599 | Raiyati | - | 0.018 | 0.0073 |
| 26 | 2600 | GM Aam Rasta | Rasta | 0.48 | 0.1943 |
| 27 | 2601 | Raiyati | Dhan Khet-III | 0.0103 | 0.0042 |
| 28 | 2602 | Raiyati | - | 0.0175 | 0.0071 |
| 29 | 2606 | - | - | 0.0489 | 0.0198 |
| 30 | 2649 | Raiyati | Dhan Khet-III | 0.016 | 0.0065 |
| 31 | 2651 | Raiyati | Dhan Khet-III | 0.02 | 0.0081 |
| 32 | 2652 | - | - | 0.0292 | 0.0118 |
| 33 | 2653 | Raiyati | Tand-III | 0.0258 | 0.0104 |
| 34 | 2654 | - | - | 0.1365 | 0.0552 |
| 35 | 2655 | Raiyati | Tand-III | 0.0080 | 0.0032 |
| 36 | 2656 | Raiyati | Tand-III | 0.0080 | 0.0032 |
| 37 | 2664 | Raiyati | Tand-III | 0.012 | 0.0049 |
| 38 | 2665 | Raiyati | Tand-I | 0.01 | 0.0040 |
| 39 | 2666 | Raiyati | Tand-I | 0.022 | 0.0089 |
| 40 | 2667 | Raiyati | Tand-I | 0.008 | 0.0032 |
| 41 | 2670 | - | - | 0.006 | 0.0024 |
| 42 | 2671 | - | - | 0.01 | 0.0040 |
| 43 | 2672 | Raiyati | Tand-III | 0.016 | 0.0065 |
| 44 | 2673 | Raiyati | Tand-III | 0.0519 | 0.0210 |
| 45 | 2674 | - | - | 0.0413 | 0.0167 |
| 46 | 2683 | Raiyati | Tand-III | 0.0241 | 0.0098 |
| 47 | 2684 | - | - | 0.0161 | 0.0065 |
| 48 | 2685 | - | - | 0.0137 | 0.0055 |
| 49 | 2702 | - | - | 0.0774 | 0.0313 |
| 50 | 3005 | GM Khas | - | 0.0596 | 0.0241 |
| 51 | 3008 | - | - | 0.0722 | 0.0293 |
| 52 | 3009 | Raiyati | - | 0.0964 | 0.0390 |
| 53 | 3010 | Raiyati | - | 0.1836 | 0.0743 |
| 54 | 3011 | Raiyati | - | 0.055 | 0.0223 |
| 55 | 3012 | Raiyati | - | 0.0309 | 0.0125 |
| 56 | 3017 | Raiyati | - | 0.0447 | 0.0181 |
| 57 | 3018 | Raiyati | - | 0.0596 | 0.0241 |
| 58 | 3019 | Raiyati | - | 0.055 | 0.0223 |
| 59 | 3020 | Raiyati | - | 0.0378 | 0.0153 |
| 60 | 3028 | Raiyati | - | 0.0929 | 0.0376 |
| 61 | 3029 | Raiyati | - | 0.055 | 0.0223 |
| 62 | 3030 | Raiyati | - | 0.0436 | 0.0176 |
| 63 | 3031 | Raiyati | - | 0.0883 | 0.0357 |
| 64 | 3032 | Raiyati | - | 0.086 | 0.0348 |
| 65 | - | - | - | 0.1165 | 0.0471 |
| 66 | 3037 | Raiyati | - | 0.1084 | 0.0439 |
| 67 | 3038 | Raiyati | Parti Kadim | 0.0286 | 0.0116 |
| 68 | 3048 | Raiyati | - | 0.0792 | 0.0321 |
| 69 | 3050 | Raiyati | - | 0.0998 | 0.0404 |
| 70 | 3052 | Raiyati | - | 0.0447 | 0.0181 |
| 71 | 3053 | Raiyati | - | 0.086 | 0.0348 |
| 72 | 3064 | GM Khas | GM Khas | 0.8264 | 0.3344 |
| 73 | 3079 | - | - | 0.0025 | 0.0010 |
| 74 | 3080 | Raiyati | Tand-III | 0.0068 | 0.0028 |
| 75 | 3081 | - | - | 0.0137 | 0.0055 |
| 76 | 3082 | - | - | 0.0137 | 0.0055 |
| 77 | 3083 | GM Khas | Parti Kadim | 0.0126 | 0.0051 |
| 78 | 3088 | GM Khas | Parti Kadim | 0.0051 | 0.0021 |
| 79 | 3092 | Raiyati | Tand-III | 0.0198 | 0.0080 |
| 80 | 3093 | Raiyati | - | 0.0073 | 0.0030 |
| 81 | 3094 | Raiyati | - | 0.0245 | 0.0099 |
| 82 | 3098 | Raiyati | - | 0.0154 | 0.0062 |
| 83 | 3099 | GM Khas | Parti Kadim | 0.0143 | 0.0058 |
| 84 | 3101 | - | - | 0.0198 | 0.0080 |
| 85 | 3102 | Raiyati | - | 0.0268 | 0.0108 |
| 86 | 3105 | Raiyati | - | 0.0119 | 0.0048 |
| 87 | 3106 | Raiyati | - | 0.0137 | 0.0055 |
| 88 | 3108 | Raiyati | Tand-III | 0.0189 | 0.0076 |
| 89 | 3109 | Raiyati | Tand-III | 0.0205 | 0.0083 |
| 90 | 3110 | Raiyati | Tand-III | 0.0261 | 0.0106 |
| 91 | 3111 | Raiyati | Tand-III | 0.0234 | 0.0095 |
| 92 | 3112 | Raiyati | - | 0.0161 | 0.0065 |
| 93 | 3113 | Raiyati | Tand-III | 0.012 | 0.0049 |
| 94 | 3116 | Raiyati | Tand-III | 0.0421 | 0.0170 |
| 95 | 3165 | Raiyati | - | 0.0223 | 0.0090 |
| 96 | 3166 | Raiyati | - | 0.0068 | 0.0028 |
| 97 | 3170 | Raiyati | Tand-III | 0.0051 | 0.0021 |
| 98 | 3171 | - | - | 0.0144 | 0.0058 |
| 99 | 3172 | GM Khas | - | 0.0034 | 0.0014 |
| 100 | 3173 | - | - | 0.0068 | 0.0028 |
| 101 | 3178 | Raiyati | Tand-I | 0.0192 | 0.0078 |
| 102 | 4192 | Raiyati | Makan Sahan | 0.0161 | 0.0065 |
| 103 | 4193 | - | - | 0.0103 | 0.0042 |
| 104 | 4194 | - | - | 0.0241 | 0.0098 |
| 105 | 4197 | - | - | 0.0258 | 0.0104 |
| 106 | 4199 | - | - | 0.0189 | 0.0076 |
| 107 | 4200 | - | - | 0.012 | 0.0049 |
| 108 | 4201 | - | - | 0.012 | 0.0049 |
| 109 | 4202 | Raiyati | Tand-III | 0.0144 | 0.0058 |
| 110 | 4203 | Raiyati | Tand-III | 0.008 | 0.0032 |
| 111 | 4205 | Raiyati | Tand-III | 0.0080 | 0.0032 |
| 112 | 4206 | Raiyati | Tand-III | 0.0309 | 0.0125 |
| 113 | 4207 | - | - | 0.0086 | 0.0035 |
| 114 | 4208 | Raiyati | Tand-III | 0.0041 | 0.0017 |
| 115 | 4617 | GM Khas | GM Khas | 0.1647 | 0.0667 |
| 116 | 4618 | GM Khas | GM Khas | 0.0645 | 0.0261 |
| 117 | 4619 | Raiyati | - | 0.0654 | 0.0265 |
| 118 | 4620 | Raiyati | Tand-III | 0.02 | 0.0081 |
| 119 | 4621 | - | - | 0.1004 | 0.0406 |
| 120 | 4622 | Raiyati | Tand-III | 0.0413 | 0.0167 |
| 121 | 4623 | - | - | 0.1165 | 0.0471 |
| 122 | 4624 | - | - | 0.0803 | 0.0325 |
| 123 | 4662 | Raiyati | - | 0.0103 | 0.0042 |
| 124 | 4661 | Raiyati | Tand-III | 0.1928 | 0.0780 |
| 125 | 4626 | Raiyati | - | 0.0077 | 0.0031 |
| 126 | 4627 | Raiyati | - | 0.0143 | 0.0058 |
| 127 | 4666 | Raiyati | Tand-III | 0.0186 | 0.0075 |
| 128 | 4651 | GM Aam | Rasta | 2.284 | 0.9243 |
| 129 | 3084 | GM Aam | Rasta | 0.8953 | 0.3623 |
| 130 | 3090 | GM Khas | Parti Kadim | 0.13026 | 0.0527 |
| | | | Sub Total- | 16.85276 | 6.8202 |

अमीन | संबंधित सहायक | प्रधान सहायक | कानूनगो | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी –सह– सक्षम पदाधिकारी, चतरा।

PR 347820 (Land Reforms) 24-25 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दृढ़ निश्चय कर लीजिए कि आप समस्याओं से प्रभावित नहीं होंगे, आप चिड़चिड़े नहीं बनेंगे, आप आदतों एवं मनोभावों के शिकार नहीं बनेंगे, आप एक पंछी की तरह स्वतंत्र बनेंगे। - श्री श्री परमहंस योगानंद

# संपादकीय

## बर्बाद पाकिस्तान की ओर बांग्लादेश के बढ़ते कदम

बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढ़ती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है।

*बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है।*

# भारत का तकनीकी पुनर्जागरण विकसित भारत की यात्रा को गति



महाराष्ट्र के बारामती में एक छोटा किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ कृषि के नियमों को फिर से निर्धारित करने में जुटा है। यह बात अपने-आप में अद्वितीय है। हम उर्वरक के इस्तेमाल में कमी, जल संसाधन के बेहतर इस्तेमाल से अधिक उपज के बारे में बात करते हैं, जो एआई समर्थित है। यह भारत की एआई-संचालित क्रांति की एक झलक मात्र है। तकनीक और नवाचार अब प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को बखूबी बदल रहे हैं। कई अर्थों में इस किसान की कहानी एक बहुत बड़े परिवर्तन का सूक्ष्म रूप है। यह सूक्ष्म रूप 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारे प्रस्थान का है।

### डिजिटल नियति का निर्धारण

भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर जोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। दशकों से, भारत सॉफ़्टवेयर के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहा है, किंतु अब यह हार्डवेयर विनिर्माण में भी बड़ी प्रगति कर रहा है। पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र निर्माणाधीन हैं, जो वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की भूमिका को मजबूत करते हैं। आज इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हमारे शीर्ष तीन निर्यातों में शुमार हैं और जल्द ही हम एक प्रमुख मील के पत्थर यानी इस साल भारत की पहली "मेक इन इंडिया" चिप के लॉन्च तक पहुंच जाएंगे।

### एआई का निर्माण : कंप्यूट, डेटा और इनोवेशन

सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इसकी रीढ़ हैं, जबकि डीपीआई भारत की तकनीकी क्रांति को आगे बढ़ाने वाली प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। भारत अपने तरह की एक एआई संरचना के माध्यम से इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर एआई का लोकतंत्रीकरण कर रहा है। इस संबंध में एक प्रमुख पहल 18,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) के साथ भारत की कॉमन कंप्यूट सुविधा है। 100 रुपए प्रति घंटे से कम की रियायती लागत पर उपलब्ध, यह पहल सुनिश्चित करेगी कि अत्याधुनिक अनुसंधानकर्ताओं, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों के लिए सुलभ हो। यह पहल मूलभूत मॉडल और अनुप्रयोगों सहित एआई-आधारित प्रणालियों को विकसित करने के लिए जीपीयू तक आसान पहुंच को सक्षम करेगी। भारत विविध और उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा पर एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर गैर-व्यक्तिगत अनाम डेटासेट भी विकसित कर रहा है। यह पहल पूर्वाग्रहों को कम करने और सटीकता में सुधार करने में मदद करेगी, जिससे एआई सिस्टम अधिक विश्वसनीय और समावेशी बनेंगे। ये डेटासेट कृषि, मौसम पूर्वानुमान और यातायात प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई-संचालित समाधानों को शक्ति प्रदान करेंगे। सरकार भारत के अपने आधारभूत मॉडलों के विकास में सहायता कर रही है, जिसमें बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समस्या-विशिष्ट एआई समाधान शामिल हैं। एआई से जुड़े अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, कई उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

### भारत का डीपीआई, डिजिटल नवाचार की रूपरेखा

डीपीआई में भारत के अग्रणी कार्य ने वैश्विक डिजिटल परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। कॉर्पोरेट या राज्य-नियंत्रित मॉडल के विपरीत, भारत का सरल सार्वजनिक-निजी दृष्टिकोण का आधार, यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे प्लेटफ़ॉर्म बनाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करता है। निजी क्षेत्र के दिग्गज डीपीआई के शीर्ष पर उपयोगकर्ता के अनुकूल, एप्लिकेशन-विशिष्ट समाधान बनाते हैं और नवाचार प्रस्तुत करते हैं। इस मॉडल को अब एआई के साथ सुपरचार्ज किया जा रहा है, क्योंकि यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे वित्तीय और शासन प्लेटफॉर्म बुद्धिमान समाधानों को एकीकृत करते हैं। भारत की डीपीआई संरचना में वैश्विक रुचि जी20 शिखर सम्मेलन में स्पष्ट थी, जहां विभिन्न देशों ने मॉडल को दोहराने की इच्छा व्यक्त की थी। जापान ने भारत की यूपीआई भुगतान प्रणाली को पेटेंट प्रदान किया है, जो इसकी व्यापकता का प्रमाण है।

आज की बात



अश्विनी वैष्णव

### महाकुंभ, परंपरा और तकनीक का संगम

भारत ने महाकुंभ 2025 के निर्बाध संचालन के लिए अपने डीपीआई और एआई-संचालित प्रबंधन का लाभ उठाया, जो अब तक का सबसे बड़ा मानव समागम है। एआई-संचालित उपकरणों ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तत्क्षण रेलवे यात्रियों की आवाजाही की निगरानी की।

भाषिणी, कुंभ सहायक चैटबॉट में एकीकृत, सभी के लिए आवाज आधारित खोया और पाया सुविधा, तत्क्षण अनुवाद और बहुभाषी सहायता सक्षम करती है। भारतीय रेल और उत्तर प्रदेश पुलिस जैसे विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संचार प्रणाली को सुव्यवस्थित किया। डीपीआई का लाभ उठाकर, महाकुंभ 2025 ने तकनीक-सक्षम प्रबंधन के लिए एक वैश्विक मानदंड स्थापित किया है, जो इसे अधिक समावेशी, कुशल और सुरक्षित बनाता है।

### भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण

भारत का कार्यबल इसकी डिजिटल क्रांति के केंद्र में है। देश हर हफ्ते एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) जोड़ रहा है, जो वैश्विक आरएंडआई और तकनीकी विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। हालांकि, इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए शिक्षा और कौशल विकास में निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार, एआई, 5जी और सेमीकंडक्टर डिजाइन को शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बदलाव करके इस चुनौती का समाधान कर रही है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि स्नातक रोजगार के लिए तैयार कौशल के साथ कार्यबल में प्रवेश करें, जिससे शिक्षा और रोजगार के बीच का फासला कम हो।

### एआई को विनियमित करने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण

भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर रहा है। इसकी एआई नियामक संरचना को उत्तरदायी तैनाती सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए। 'कठोर' नियामक संरचना के प्रतिकूल, जो नवाचार को दबाने का जोखिम उठाता है, या 'बाजार संचालित शासन', जो अक्सर कुछ लोगों के हाथों में शक्ति केंद्रित करता है, भारत एक व्यावहारिक, तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण का पालन कर रहा है। एआई से संबंधित जोखिमों को दूर करने के लिए केवल कानून पर निर्भर रहने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा से जुड़े उपायों में निवेश कर रही है। सरकार डीप फेक, गोपनीयता संबंधी सरोकारों और साइबर सुरक्षा के जोखिमों से निपटने के लिए उपकरण विकसित करने के क्रम में शीर्ष विश्वविद्यालयों और आईआईटी में एआई संचालित परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रही है।

***(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)***

## सुरक्षित जीवन के लिए सुरक्षा महत्वपूर्ण है

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस, जो हर साल 4 मार्च को मनाया जाता है, कार्यस्थलों से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक जीवन के सभी पहलुओं में सुरक्षा के महत्व की एक महत्वपूर्ण याद दिलाता है। 1972 में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) द्वारा शुरू किए गए इस दिन का उद्देश्य दुर्घटनाओं और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा चेतना, प्रतिबद्धता और सक्रिय उपायों की संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 के अवसर पर इसके महत्व, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विभिन्न तरीकों पर विचार करना अनिवार्य है, जिससे व्यक्ति और संगठन सभी के लिए सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने में भाग ले सकते हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हर साल 4 मार्च को मनाया जाता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस का प्रतीक है। 2025 में, यह मंगलवार को पड़ता है, जो सुरक्षा जागरूकता और कार्यान्वयन के लिए समर्पित एक सप्ताह के अभियान की शुरुआत है।राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 की थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण है। यह थीम भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में सुरक्षा और कल्याण की अभिन्न भूमिका को रेखांकित करती है। यह इस बात पर जोर देता है कि किसी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक विकास से नहीं बल्कि उसके नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण से भी मापी जाती है।भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना 4 मार्च, 1966 को भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा एक गैर-लाभकारी, स्व-वित्तपोषित निकाय के रूप में की गई थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण (एसएचई) पर एक स्वैच्छिक आंदोलन उत्पन्न करना, विकसित करना और बनाए रखना है। सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानते हुए, एनएससी ने 4 मार्च, 1972 को अपने स्थापना दिवस के साथ पहला राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस शुरू किया। तब से, यह पालन एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान बन गया है, जिसमें विभिन्न उद्योग, ट्रेड यूनियन, सरकारी क्षेत्र और आम जनता सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों में शामिल हो रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कई महत्वपूर्ण उद्देश्यों को पूरा करता है। जागरूकता पैदा करनाः यह लोगों और कर्मचारियों को दैनिक जीवन और कार्यस्थल में सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करता है। निवारक उपायः दुर्घटनाओं और व्यावसायिक खतरों को रोकने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



संजय गोस्वामी

## समानता के लिए समाज को बदलना चाहिए

भारत भले ही आज़ाद हो चुका है, लेकिन क्या सच में भारतीय मानसिकता गुलामी से मुक्त हुई है? घर से लेकर दफ्तर तक, समाज से लेकर राष्ट्र तक, क्या आज भी एक वर्ग को दूसरे पर शासन करने की मानसिकता से आज़ादी मिल पाई है?

"ज़रा एक गिलास पानी लाना। देखो, पानी गंदा है, गिलास भी गंदा है। बदलकर लाओ। पानी में कुछ पड़ा तो नहीं? देखकर नहीं देती? आंखों पर पर्दा पड़ा है क्या? ज़रा बत्ती बुझा दो। बाथरूम कितना गंदा हो गया है. साफ कर देना। तौलिया तो देना..."

वाह! क्या खूब! लेकिन सवाल यह है कि खुद पानी क्यों नहीं ले सकते? बाथरूम खुद क्यों नहीं साफ कर सकते? तौलिया खुद साथ लेकर क्यों नहीं जा सकते?

*गुलामी सिर्फ बाहरी नहीं, मानसिक भी है*

यह सिर्फ घर की बात नहीं है। ऑफिस जाओ तो वही मानसिकता- "ज़रा ये काम कर दो, हेड ऑफिस जाना है, चले जाना। सिन्हा साहब, आप कोई भी काम ढंग से करते क्यों नहीं? आपको कुछ आता भी है या नहीं?"

मतलब घर हो, दफ्तर हो, पड़ोस हो या फिर पूरा समाज-हर जगह मानसिक गुलामी व्याप्त है। आज समाज में प्रेम, संवेदनाएं और सहानुभूति कम होती जा रही हैं। अगर आप अच्छा काम करेंगे, तो शायद कोई तारीफ़ न मिले, लेकिन ज़रा सी गलती हुई तो आपका आत्म-सम्मान धज्जियां उड़ जाएगा। समाज आपको कटघरे में खड़ा कर देगा, उपेक्षा अलग मिलेगी, और सबसे बड़ी बात-आप खुद अपनी नज़रों में गिर जाएंगे।

आज का इंसान इतना स्वार्थी कैसे हो सकता है? खुशी देना ही असली खुशी है, प्यार का असली अर्थ त्याग है। लेकिन आज का समाज दो चेहरों वाला बन चुका है। ऊपर से ईमानदारी और सहिष्णुता का नकाब, लेकिन अंदर से स्वार्थ और संकीर्णता।

तो फिर सवाल उठता है-लोग इस मानसिक गुलामी को सह क्यों रहे हैं?

कहां गए भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्लाह खान जैसे विचार?

लोगों ने इतनी डिग्रियां क्यों ली हैं, अगर वे न्याय और अन्याय में फर्क तक नहीं कर सकते?

अब समय आ गया है कि ऐसे लोगों को उनकी हकीकत बताई जाए। सही और गलत में फर्क समझाया जाए। उन्हें न्याय और अन्याय की परिभाषा सिखाई जाए। सिर्फ खुद से प्यार करने की बजाय दूसरों के सम्मान को भी समझना होगा।

यह सच है कि आज भी कुछ लोग ईमानदार हैं, संवेदनशील हैं, दूसरों की परवाह करते हैं और भरोसा बनाए रखते हैं। लेकिन ऐसे लोग लाखों में एक हैं। समाज को बदलना होगा, तभी देश बदलेगा। परिवर्तन की शुरुआत घर, पड़ोस और समाज से होनी चाहिए, जो पूरे राष्ट्र तक फैले। वरना, भारतीय संस्कृति और संवेदनशीलता खोखली हो जाएगी और आने वाली पीढ़ियां भारतीय होने पर गर्व नहीं कर सकेंगी। अब वक्त आ गया है बदलाव का!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



प्रतिभा शांडिल्य
(स. शिक्षिका) राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बड़कागांव, मेदिनीनगर सदर (पलामू)।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

देश बढ़ा कुछ इस तरह, जैसे बढ़े उधार।
क ई देश ठुक ठुक करें, भारत बना लुहार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## भारत : बदलते विश्व आर्थिक परिदृश्य का नया नायक

व्यापार युद्ध की आंधी में भारत के लिए नए अवसर

भारत आज वैश्विक मंच पर एक नए, स्वर्णिम युग की ओर दृढ़ कदमों से अग्रसर हो रहा है। जब समूचा विश्व व्यापार युद्ध की उलझनों, आर्थिक अस्थिरता और अनिश्चितता के भँवर में फँसा हुआ है, तब भारत अपनी अद्वितीय रणनीतिक दूरदर्शिता, आत्मनिर्भरता की अटूट शक्ति और प्रखर सूझ-बूझ के बल पर नवीन संभावनाओं का सृजन कर रहा है। वैश्विक पटल पर अमेरिका, चीन, कनाडा और मैक्सिको के बीच व्यापारिक तनाव अपने चरम पर पहुँच चुका है। अमेरिका द्वारा नए टैरिफ लागू करने के साहसिक निर्णय ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था में भूचाल ला दिया है, तो वहीं चीन और कनाडा ने भी जवाबी शुल्कों के साथ इस युद्ध को और प्रचंड बना दिया है। ऐसे में भारत के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है कि वह स्वयं को एक अडिग, विश्वसनीय और प्रभावशाली व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करे।

टैरिफ की इस आंधी ने अनेक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को नए विनिर्माण ठिकानों की खोज के लिए विवश कर दिया है। यदि भारत अपने 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे दूरदर्शी अभियानों को और अधिक प्रबल गति प्रदान करे, तो वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अपरिहार्य अंग बनने की क्षमता रखता है। विदेशी निवेश को आकर्षित करने हेतु व्यावसायिक सुगमता को सशक्त करने, नवाचार को प्रोत्साहन देने और अनुसंधान के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाने से भारत इस व्यापार संग्राम से अभूतपूर्व लाभ अर्जित कर सकता है। यह समय भारत के लिए अपनी आर्थिक नींव को सुदृढ़ करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक नई पहचान गढ़ने का है।

भारतीय कृषि क्षेत्र भी इस संकटमय वैश्विक परिदृश्य में एक सुनहरे अवसर की प्रतीक्षा में है। जब विश्व खाद्य सुरक्षा और पोषण की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भारत अपनी प्राचीन और समृद्ध कृषि परंपरा का उपयोग कर वैश्विक बाजार में एक नया मुकाम हासिल कर सकता है। मोटे अनाज, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'श्री अन्न' का सम्मानजनक नाम देकर पुनर्जनन प्रदान किया, आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुपरफूड के रूप में उभर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित करना भारत की कृषि शक्ति और दूरदर्शिता का ज्वलंत प्रमाण है। यह पहल न केवल भारतीय किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि भारतीय कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर एक सम्मानजनक स्थान भी दिला रही है।

व्यापार और कृषि के साथ-साथ भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था भी एक अभूतपूर्व उड़ान भर रही है। 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने देश में तकनीकी क्रांति की नींव रखी है। जब वैश्विक कंपनियाँ नए तकनीकी केंद्रों की तलाश में हैं, तब भारत अपनी नवाचार क्षमता, कुशल मानव संसाधन और स्थिर नीतियों के दम पर एक डिजिटल महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर मिल रही मान्यता इस बात का साक्ष्य है कि भारत अब केवल एक उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता का एक सशक्त केंद्र बन चुका है। यह तकनीकी उन्नति भारत को विश्व में एक नई पहचान देने का संकल्प रखती है।

साथ ही, भारत की ऊर्जा नीति भी आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की ओर एक प्रेरक संकेत दे रही है। जब विश्व ऊर्जा संकट की चपेट में है और बड़े देश तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर संशय में हैं, तब भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनुपम कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में भारत ने अपनी प्रभावी उपस्थिति से विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया है। यह प्रगति न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी भारत को नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य, स्वच्छता और योग को एक नई ऊँचाई प्रदान की है। 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की अभूतपूर्व सफलता इस बात का प्रमाण है कि भारत न केवल आर्थिक व तकनीकी क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और जीवनशैली सुधारों में भी विश्व का मार्गदर्शक बन रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### औरंगजेब के बयान पर सपा पर बरसे सीएम योगी, कहा

# अबू आजमी को उत्तर प्रदेश भेज दो, इलाज हम कर देंगे

**लखनऊ (आईएएनएस)**



मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आज़मी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर आक्रोश निकाला। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अबू आजमी को पार्टी से बाहर निकालो और नहीं तो यूपी भेज दो, बाकी ऐसे लोगों का उपचार हम अपने आप करवा देंगे। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, "उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेज दीजिए, बाकी इलाज हम अपने आप करवा देंगे। जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की परंपरा पर गर्व करने के बजाय लज्जा महसूस कर रहा हो और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसे भारत के अंदर रहने का अधिकार होना चाहिए? समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, ''एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं, दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे क्रूर व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट किया हो। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उसके बयान की निंदा क्यों नहीं की? उन्होंने यह भी कहा कि शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि तुमसे (औरंगजेब) अच्छे तो हिन्दू हैं, जो माता-पिता की जीवित रहते तो सेवा करते ही हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात उन्हें तर्पण के माध्यम से जल तो देते हैं। महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को मिली।

उधर, औरंगजेब की तारीफ करने पर सपा नेता अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन के पटल पर अबू आजमी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, इस सत्र के दौरान अबू आसिम आजमी के विधानसभा परिसर में घुसने पर भी पाबंदी रहेगी। इससे पहले अबू आजमी ने औरंगजेब वाले बयान पर सोशल मीडिया के जरिए सफाई दी। उन्होंने कहा था कि उनके शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

**अबू आजमी ने कहा- मैंने अपमानजनक टिप्पणी नहीं की**

अबू आजमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है। औरंगजेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है, जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरुषों के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है। लेकिन, फिर भी मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं।

## यूपी विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर बैन, स्पीकर ने कहा- 1000 जुर्माना

**एजेंसी**



**उतर प्रदेश।** यूपी विधानसभा में पान-मसाला थूकने की घटना के एक दिन बाद, सदन के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर बैन लगा दिया है। साथ ही एक हजार जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है। सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन करता है, तो उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मंगलवार को स्पीकर सतीश महाना उस समय क्रोधित हो गए जब उन्होंने देखा कि विधानसभा के मुख्य द्वार पर किसी ने थूक दिया था। महाना ने जहां विधानसभा कर्मचारियों को दाग साफ कराने का आदेश दिया, वहीं उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया। महाना ने कहा कि सुबह मुझे सूचना मिली कि हमारी विधान सभा के इस कक्ष में किसी सदस्य ने पान मसाला खाकर थूक दिया है। इसलिए, मैं यहां आया और इसे बोल रहा।

## पीएम आवास की चाबी पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे सरकार का जताया आभार



**समस्तीपुर (आईएएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पीएम आवास योजना के तहत राज्य के 3 लाख परिवारों के खाते में 1,200 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए, जिनमें समस्तीपुर जिले के 35,114 लाभार्थी भी शामिल हैं। इसके साथ ही 4,509 लोगों को पीएम आवास योजना की चाबी भी सौंपी गई। दरअसल, समस्तीपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों के 35,114 लोगों को बुधवार को पीएम आवास की राशि की पहली किस्त 40-40 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर की गई।

## बिहार विधान परिषद में राबड़ी देवी के जवाब पर लगे ठहाके, दिलीप को बताया 'भाई'



**पटना (आईएएनएस)।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसकी धमक विधानमंडल के चालू बजट सत्र में भी देखने को मिल रही है, जहां विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोकझोंक हो रही है। इसी बीच, विधान परिषद में बुधवार को माहौल हल्का हुआ, जब पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के एक जवाब में जमकर ठहाके लगने लगे।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित किया, कहा-

# भारत एआई अनुसंधान के लिए भाषा मॉडल स्थापित करेगा : पीएम

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा। उन्होंने उद्योगों से इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार सृजन पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का केन्द्रीय बजट मजबूत कार्यबल और बढ़ती अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करता है। मोदी ने कहा कि देश का भविष्य इनोवेशन में किए जा रहे निवेश से निर्धारित होता है। भारत की अर्थव्यवस्था में एआई कई लाख करोड़ रुपये की ग्रोथ दे सकती है। उन्होंने कहा कि भारत एआई की क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) की स्थापना भी करेगा। इस दिशा में हमारे प्राइवेट सेक्टर को भी दुनिया से एक कदम आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय, सुरक्षित और लोकतांत्रिक देश जो एआई में किफायती समाधान दे सके विश्व को उसका इंतज़ार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश एक ऐसी थीम है, जो विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करती है। इस साल के बजट में इसका प्रभाव भी बहुत बड़े स्तर पर दिख रहा है। इसलिए ये बजट भारत के भविष्य का ब्लूप्रिंट बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमने निवेश में जितनी प्राथमिकता बुनियादी ढांचे और उद्योगों को दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और इनोवेशन को भी दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों में निवेश का विजन शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा जैसे तीन स्तंभों पर खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि आज भारत का शिक्षा प्रणाली कई दशक के बाद कितने बड़े परिवर्तन से गुजर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आईआईटी का विस्तार, शिक्षा में तकनीक को शामिल करना, एआई का इस्तेमाल और 22 भारतीय भाषाओं में शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना जैसे बड़े कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से अब तक 3 करोड़ से ज्यादा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया है। हमने एक हजार आईटीआई संस्थानों को अपग्रेड करने और 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का ऐलान किया है। हमारा लक्ष्य युवाओं को ऐसी ट्रेनिंग देना है, जो इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा कर सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने युवाओं को नए अवसर और व्यावहारिक कौशल देने के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की है। इस योजना में हर स्केल पर ज्यादा से ज्यादा उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि हमने इस बजट में 10 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटों की घोषणा की है। हम अगले 5 सालों में मेडिकल लाइन में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में टेलीमेडिसिन सुविधा का विस्तार हो रहा है। डे-केयर कैंसर सेंटर और डिजिटल हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को लास्ट माइल तक पहुंचाना चाहते हैं।



### देश भर में 50 गंतव्यों को **टूरिज्म** पर फोकस करते हुए विकसित किया जाएगा

प्रधानमंत्री ने पर्यटन की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि देश की जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र का 10 प्रतिशत तक योगदान रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में करोड़ों युवाओं को रोजगार देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिये गए हैं। देश भर में 50 गंतव्यों को टूरिज्म पर फोकस करते हुए विकसित किया जाएगा। इन गंतव्यों में होटलों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिए जाने से पर्यटन में आसानी बढ़ेगी, स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस बजट में कई कदम उठाए हैं। रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड पास किया गया है। इससे डीप टेक फंड ऑफ फंड्स के साथ उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन के माध्यम से भारत की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने की घोषणा बहुत ही अहम है। इस मिशन के माध्यम से एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को डिजिटल फॉर्म में बदला जाएगा।

## भरतपुर के गांठौली गांव का गुलाल कुंड, राधा-कृष्ण की 'होली लीला' का प्रमाण



**भरतपुर (आईएएनएस)**

हमारे देश में होली के कई रंग हैं। इस त्योहार से जुड़ी कई मान्यताएं हैं। राजस्थान के भरतपुर जिले के डीग बॉर्डर से सटे गांव गांठौली का 'गुलाल कुंड' भी ऐसी ही कहानी कहता है। ये कुंड कृष्ण राधा की होली लीला का साक्षात प्रमाण है। स्थानीय लोग दावा करते हैं कि भगवान कृष्ण और राधा ने अपनी सखियों संग होली इसी कुंड में खेली थी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस गांव का नाम गांठौली रखे जाने के पीछे की कहानी भी होली लीला से जुड़ी है। गांठौली वासी कहते हैं कि जब राधा और श्रीकृष्ण सखियों संग होली खेलकर थक गए, तो सखियों ने ठिठोली की। दोनों सिंहासन पर विराजे थे। यहीं पर श्रीकृष्ण के अंगवस्त्र और राधा की चुनरी से गांठ बांध दी गई। बस वो गांठ इसके नाम का सबब बनी। गांव का नाम पड़ गया गांठौली।

दोनों ने जिस कुंड में जी भरकर अबीर गुलाल उड़ाया, उसका नाम ही गुलाल कुंड पड़ गया। कहा ये भी जाता है कि राधा रानी और भगवान श्री कृष्ण ने इसी कुंड में अपने होली में भीगे कपड़े भी धोए थे। गुलाल कुंड की होली लीला में शामिल होने विभिन्न राज्यों और शहरों से वैष्णव आते हैं। होली की आभा वैसी ही होती है जैसे बरसाने और वृंदावन में। यहां के लोग मानते हैं कि होली तो युगल जोड़े ने यहीं खेली। इससे जुड़ा दिलचस्प तथ्य साझा करते हैं। कहते हैं बरसाना राधाजी का मायका था। कोई भी बेटी मायके में होली नहीं खेलती। इसलिए युगल ने गांठौली के गुलाल कुंड पर आकर होली खेली थी। हर बार की तरह इस बार भी भक्त गण जुटने लगे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## गोदावरी जल योजना के बारे में तेलंगाना को चिंता करने की जरूरत नहीं : नायडू

**एजेंसी**



**अमरावती ।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन। चंद्रबाबू नायडू ने तेलंगाना के लोगों को आश्वासन दिया कि गोदावरी नदी के पानी को पोलावरम से बानाकाचेरला की ओर मोड़ने की उनकी सरकार की योजना के बारे में उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल उस अतिरिक्त पानी का उपयोग करना है, जिसका इस्तेमाल नहीं किया गया तो वो समुद्र में बह जाएगा। विधान परिषद के दो स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) की जीत का जश्न मनाने के लिए वे आयोजित पार्टी बैठक में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक राजनीतिक पार्टी समुद्र में बह रहे पानी को बचाने की आंध्र प्रदेश की रणनीति का 'राजनीतिकरण' कर रही है। नायडू ने कहा, ''मैं फिर से अपील कर रहा हूं कि जब समुद्र में बहने वाले पानी को अकालग्रस्त क्षेत्र में ले जाया जाता है तो किसी को बुरा नहीं लगना चाहिए। सभी को इसके बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि आंध्र प्रदेश को समुद्र में जाने वाले पानी का मार्ग बदलने का क्या अधिकार है। नायडू ने आश्चर्य व्यक्त किया कि तेलुगु समाज किस ओर जा रहा है। पोलावरम-बनकाचेरला लिंक परियोजना का लक्ष्य पोलावरम में गोदावरी नदी से 200 टीएमसी बाढ़ के पानी को एक नहर के माध्यम से नंदयाल जिले के बनकाचेरला तक पहुंचाना है।

## बेटे की शादी का कार्ड बांटने गई मां की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवादा।** नवादा जिले में एक सड़क दुर्घटना में बुधवार को बेटे की शादी की कार्ड बांटने गई मां की जान चली गई। रूपौ थाना क्षेत्र के चारौल गांव की 45 वर्षीय किरण देवी अपने बड़े बेटे की शादी का निमंत्रण बांटने गई थीं। इस दौरान रोह प्रखंड के हरला गांव के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने किरण देवी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लेकिन दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेजा। परिजन ने बताया कि निमंत्रण बांटकर लौटते समय, जब वह सड़क किनारे खड़ी थीं, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## महानिर्वाणी अखाड़े के नागा साधु संतों ने शुरू की पंचकोसी यात्रा

- **काशी में एक दिन का निवास मनुष्य के जीवन को समृद्ध कर देता है**

**वाराणसी (आईएएनएस)**



महानिर्वाणी अखाड़े के नागा साधु-संतों ने बुधवार से पंचकोसी यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा पांच दिनों तक चलेगी। लगभग 500 नागा साधु इसमें शामिल होंगे। यात्रा वाराणसी के प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट से शुरू होकर वहीं समाप्त होगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पंचकोसी यात्रा प्रभु श्री राम और पांडवों द्वारा भी की गई थी। अब यह यात्रा महानिर्वाणी अखाड़े के साधु संतों द्वारा पुनः शुरू की गई है, जो विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करेंगे। महानिर्वाणी अखाड़ा के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने आईएएनएस को बताया कि पंचकोसी यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। यात्रा की शुरुआत प्रयाग के महाकुंभ से होती है, जो 2025 में अलौकिक और दिव्य अनुभव रहा। पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सभी श्री पंच परमेश्वर के सचिव भगवान कपिल महा मुनि, जो हमारे इष्ट देवता हैं, उनके विग्रह के साथ हम लोग काशी आते हैं। सबसे पहले महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक होता है। इसके बाद अंतरगिरि यात्रा की जाती है। फिर हम लोग शुक्ल पक्ष में पंचकोसी यात्रा करते हैं, जो एक प्राचीन परंपरा है। आज इस यात्रा का प्रारंभ हो रहा है।

उन्होंने कहा कि काशी खुद में एक अलौकिक और दिव्य नगरी है, जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है कि जो व्यक्ति काशी में एक दिन भी रहता है, उसे एक साल के बराबर पुण्य मिलता है। काशी में एक दिन का निवास मनुष्य के जीवन को समृद्ध कर देता है। हालांकि आजकल के व्यस्त जीवन में लोगों के पास समय नहीं है, फिर भी महानिर्वाणी अखाड़ा ने इस परंपरा को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में लगभग 1,000 से 1,200 महात्मा पैदल चलकर भगवान कपिल के आशीर्वाद से यात्रा करते हैं।

# दो बार फेल गांधी को पीएम बनाना गलत : अय्यर

**नई दिल्ली। एजेंसी**



कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने राजीव गांधी के अकादमिक रिकॉर्ड पर अपनी नवीनतम टिप्पणी से एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक साक्षात्कार में, अय्यर ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में असफल रहे, उन्होंने कहा कि असफल होना बहुत कठिन था क्योंकि विश्वविद्यालय कभी भी अपनी छवि खराब नहीं करेगा। भाजपा फिलहाल मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो साक्षा कर रही है। वीडियो साक्षा करते हुए भाजपा ने कहा कि राजीव गांधी को अकादमिक रूप से संघर्ष करना पड़ा, यहाँ तक कि कैम्ब्रिज में असफल भी हुए, जहाँ से उत्तीर्ण होना अपेक्षाकृत आसान है। अय्यर ने आगे बताया कि इसके बाद वह इंपीरियल कॉलेज लंदन चले गए लेकिन वहां भी असफल रहे। कई लोगों ने सवाल उठाया कि इतने अकादमिक रिकॉर्ड वाला कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है। बीजेपी ने आगे कहा, 'पर्दा हटने दीजिए।' अपने इंटरव्यू में अय्यर ने कहा, "जब राजीव पीएम बने तो मुझे लगा कि वह एक एयरलाइन पायलट हैं और दो बार फेल हो चुके हैं। मैंने उनके साथ कैंब्रिज में पढ़ाई की थी, जहां वह फेल हो गए। कैंब्रिज में फेल होना बहुत मुश्किल है क्योंकि वे यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा खराब नहीं करना चाहते। इसके बावजूद राजीव फेल हो गए।"इसके अलावा, अय्यर ने कहा, राजीव फिर इंपीरियल कॉलेज गए, जहां वह फिर से असफल हो गए। उन्होंने कहा, ''मैंने सोचा कि ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री क्यों बनाया जाए?'' अमित मालवीय ने लिखा कि स्वर्गीय के. कामराज की औपचारिक शिक्षा बहुत कम थी, फिर भी उन्होंने बेहद सफल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम की शुरुआत की, जो हर दिन 130 मिलियन से अधिक बच्चों को खाना खिलाता है। तो, मुद्दा शिक्षा या इसकी कमी नहीं है, बल्कि कांग्रेस द्वारा गांधी परिवार और उनकी कथित उपलब्धियों के बारे में फैलाया गया झूठ है, जिसे उजागर करने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार के अधिकांश सदस्य सामान्य व्यक्ति हैं, जिन्हें उनकी मेज़ के टुकड़ों पर पनपने वाले चापलूस पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा जीवन से भी बड़े दर्जे तक ऊपर उठाया गया है। अंततः, वामपंथी खान मार्केट प्रकार का सावधानी से तैयार किया गया मुखौटा ढह रहा है। यह इंटरव्यू भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर साझा किया है ।

## रोहतक में शिविर के बाहर पंचायत सदस्य ने किया आत्मदाह का प्रयास

**रोहतक।** गांव कंसाला निवासी बलवान ने रोहतक डीसी ऑफिस में चल रहे समाधान शिवर के बाहर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत काबू कर आग बुझाई। घटना के बाद उपायुक्त ने पीड़ित को अपने कमरे में बुलाया उससे पूछताछ कर इलाज के लिए पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। बलवान का आरोप है कि गांव सरपंच ने मनरेगा में धांधली की हुई है जिसकी शिकायत वह कई बार अधिकारियों से कर चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उसने आरोप लगाया कि अधिकारी सरपंच को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। आज भी उसने समाधान शिविर में अपनी बात रखी थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उपायुक्त ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। उपयुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि गांव कंसाला निवासी पंच बलवान ने मनरेगा में भ्रष्टाचार की शिकायत की हुई थी।

# चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत व न्यूज़ीलैंड में होगी टक्कर

**एजेंसी। लाहौर**

चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा. न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को पराजित किया. भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में एंट्री की थी। आईसीसी चैम्पयिंस ट्रॉफी 2025 में दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया. लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका पर 50 रनों से जीत हासिल की. साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का टारगेट मिला था, जिसके सामने उसके बैटर्स बेबस नजर आए. साउथ अफ्रीकी टीम 50 ओवरों में 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी. यानी बड़े मुकाबलों में अफ्रीकी टीम एक बार फिर चोकर्स साबित हुई.




### विलियमसन और रवींद्र के धमाकेदार शतक

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए न्यूज़ीलैंड ने 50 ओवरों में 6 विकेट पर 362 रन बनाए. चैम्पियंस ट्रॉफी के इतिहास का ये सबसे बड़ा स्कोर रहा. न्यूज़ीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिसने मौजूदा संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट पर 356 रन बनाकर मैच जीत लिया था.मुकाबले में न्यूज़ीलैंड की शुरुआत अच्छी रही. विल यंग और रचिन रवींद्र ने मिलकर 7.5 ओवरों में 48 रनों की पार्टनरशिप की. यंग 22 रन बनाकर लुंगी एनगिडी का शिकार बने. इसके बाद केन विलियमसन और रचिन रवींद्र ने मिलकर मिलकर दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की पार्टनरशिप की. इस दौरान रचिन रवींद्र ने अपने वनडे इंटरनेशनल करियर का पांचवां शतक पूरा किया. खास बात यह है कि रवींद्र ने ये पांचों शतक आईसीसी टूर्नामेंट्स में बनाए हैं. रचिन रवींद्र ने 13 चौके और एक सिक्स की मदद से 101 गेंदों पर 108 रन बनाए. रवींद्र को कगिसो रबाडा ने हेनरिक क्लासेन के हाथों कैच आउट कराया. रवींद्र के आउट होने के कुछ देर बाद केन विलियमसन ने भी अपना शतक पूरा कर लिया. विलियमसन के ओडीआई करियर का ये 15वां शतक रहा. विलियमसन भी शतक जड़ने के कुछ देर बाद वियान मुल्डर की गेंद पर लुंगी एनिगडी के हाथों लपके गए।

### मिलर का शतक, कीवी स्पिनर्स ने बिगाड़ा खेल

टेम्बा बावुमा के आउट होने के बाद विकेटों की झड़ी लग गई. सेंटनर ने बावुमा के बाद अपना दूसरा शिकार डुसेन को बनाया, जो शानदार बैटिंग कर रहे थे. डुसेन ने चार चौके और दो छक्के की मदद से 66 बॉल पर 69 रन बनाए. फिर क्लासेन भी सेंटनर की फिरकी में फंस गए. एडेन मार्करम (31) को रचिन रवींद्र ने चलता किया, जिससे साउथ अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 189 रन हो गया. इसके बाद वियान मुल्डर (8) स्पिनर माइकल ब्रेसवेल का शिकार बने. वहीं मार्को जानसेन (3) और केशव महाराज (1) को ग्लेन फिलिप्स ने चलता किया. 218 रनों पर आठ विकेट गिरने के बाद डेविड मिलर ने तूफानी शॉट्स लगाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## इटली में 7 से 17 मार्च तक होंगे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल




**नई दिल्ली ।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए 49 सदस्यीय भारतीय टीम के आधिकारिक विदाई समारोह में शामिल होंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 7 से 17 मार्च तक इटली के ट्यूरिन में आयोजित किए जाने हैं। भारतीय टीम में 30 एथलीट, तीन अधिकारी और कोच सहित 16 सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जो सबसे बड़ा दल है। विशेष एथलीट छह खेलों - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो शूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत केंद्रीय खेल मंत्रालय ने दिव्यांग एथलीटों को समर्थन देने पर जोर दिया है। इस संबंध में, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने इन एथलीटों के लिए विभिन्न भारतीय शहरों - चंडीगढ़, नारकंडा, नई दिल्ली, ग्वालियर, नोएडा और गुड़गांव में 11 राष्ट्रीय कोचिंग शिविर आयोजित किए, ताकि उन्हें विश्व शीतकालीन खेलों के लिए अच्छी तरह से तैयार होने में मदद मिल सके।

## सचिन तेंदुलकर ने पद्माकर शिवालकर को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई(आईएएनएस)**



भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पूर्व रणजी ट्रॉफी स्टार और मुंबई क्रिकेट के दिग्गज पद्माकर शिवालकर के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका सोमवार को उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। तेंदुलकर, जो खुद मुंबई से निकलकर प्रेरणास्रोत रहे हैं, ने 13 साल की उम्र में शिवालकर के खिलाफ खेलने को याद किया और उनकी 'सुगम क्रिया और लय देखना एक शानदार अनुभव था' की सराहना की। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया, "पैडी सर के रूप में मुंबई क्रिकेट ने एक बेहतरीन और शानदार इंसान को खो दिया है। मैं 13 साल का था जब मुझे शिवाजी पार्क में कुछ मौकों पर नेट्स में उनका सामना करने का मौका मिला। उनकी सहज क्रिया और लय देखने लायक थी। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना।'' मंगलवार को रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम बाएं हाथ के स्पिनर के सम्मान में ऑस्ट्रेलिया के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान काली पट्टी बांधे हुए थी। वह 84 वर्ष के थे और उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माना जाता था। 14 सितंबर, 1940 को जन्मे शिवालकर बाएं हाथ के स्पिनर थे, जिन्होंने दो दशक लंबे करियर में मुंबई क्रिकेट की शानदार सेवा की और 50 वर्ष की उम्र में संन्यास ले लिया।

शिवालकर दुर्भाग्यशाली रहे कि उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में नहीं चुना गया क्योंकि उनका करियर महान बाएं हाथ के स्पिनर बिशन सिंह बेदी के करियर के साथ मेल खाता था। शिवालकर, जिन्हें मुंबई क्रिकेट में पैडी सर के नाम से जाना जाता है, ने 124 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें उन्होंने 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। उन्होंने 43 बार पांच विकेट लिए और 13 मौकों पर एक मैच में 10 विकेट लिए और 1972-73 के रणजी ट्रॉफी सीज़न में तमिलनाडु के खिलाफ 8-16 का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया। घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड आज भी उनके नाम है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : राजीव शुक्ला ने लाहौर में पीसीबी अध्यक्ष नकवी के साथ सेमीफाइनल देखा

**लाहौर (आईएएनएस)**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला बुधवार को यहां गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधियों में शामिल थे।

भारत की पाकिस्तान में भागीदारी को लेकर हाल ही में राजनयिक तनाव को देखते हुए, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच हाई-प्रोफाइल मैच में शुक्ला की उपस्थिति ने काफी ध्यान आकर्षित किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुसार, नॉकआउट मुकाबले के लिए पांच अलग-अलग क्रिकेट बोर्डों के कुल पांच प्रतिनिधि उपस्थित थे। शुक्ला के अलावा, अन्य उपस्थित लोगों में रोजर ट्वोस (न्यूजीलैंड क्रिकेट), फारूक अहमद (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड), फोलेत्सी इसाक मोसेकी और डॉ. मोहम्मद मूसाजी (दोनों क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) शामिल थे। पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया, "पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के साथ गद्दाफी स्टेडियम में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में शामिल हुए। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी भी यह मैच देख रहे हैं।

## फीफा ने 2026 विश्व कप फाइनल के लिए पहली बार हाफ-टाइम शो की घोषणा की

**डलास (यूएसए)।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने घोषणा की है



कि फीफा विश्व कप 2026 में टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान मेटलाइफ स्टेडियम में पहली बार हाफ-टाइम शो होगा। टूर्नामेंट के अंतिम सप्ताहांत के दौरान टाइम्स स्क्वायर पर अलग-अलग कार्यक्रमों के साथ-साथ हाफ-टाइम शो को जोड़ने के निर्णय की घोषणा बुधवार को डलास में फीफा कमर्शियल एंड मीडिया पार्टनर्स कन्वेंशन में की गई।

"डलास में फीफा विश्व कप 26: फीफा कमर्शियल एंड मीडिया पार्टनर्स कन्वेंशन में भाग लेने वाले दोस्तों और सहकर्मियों के साथ बात करना मेरे लिए खुशी की बात थी, जहां हमने 2026 में सबसे बड़े फीफा विश्व कप के लिए कुछ बहुत ही रोमांचक योजनाओं पर चर्चा की। "मैं ग्लोबल सिटीजन के सहयोग से न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी में फीफा विश्व कप फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो की पुष्टि कर सकता हूं। यह फीफा विश्व कप के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा और दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन के लिए एक शो होगा।

## स्पेशल ओलंपिक भारत ने विश्व शीतकालीन खेलों के लिए अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल रवाना किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



स्पेशल ओलंपिक भारत ने इटली के ट्यूरिन में होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार 49 सदस्यीय दल (जिसमें 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी शामिल हैं) के लिए बुधवार को एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया।

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुए इस समारोह में युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया, स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक वी.के. महेंद्रू मौजूद थे।

मांडविया ने इस अवसर पर कहा, "स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में भाग लेने वाले हमारे अविश्वसनीय भारतीय एथलीट दृढ़ संकल्प, लचीलापन और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाते हैं। आपका समर्पण और जुनून देश को प्रेरित करता है, यह साबित करता है कि असली ताकत सीमाओं को लांघने के साहस में निहित है। पूरा देश आप सभी को एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित है। अपनी सफलता से तिरंगा ऊंचा फहराएं, पूरा देश आपका समर्थन कर रहा है।

8 से 15 मार्च तक इटली में होने वाले स्पेशल ओलंपिक विंटर वर्ल्ड गेम्स में टीम इंडिया के 30 खिलाड़ी 6 खेल विधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में 102 देशों के 1500 एथलीट हिस्सा लेंगे, जो आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



## भारत के टेबल टेनिस दिग्गज शरत कमल चेन्नई में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के बाद संन्यास लेंगे

**चेन्नई (आईएएनएस)**

पांच बार के ओलंपियन और भारत के सबसे मशहूर पैडलर अचंत शरत कमल ने टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की है, चेन्नई में होने वाला आगामी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर भारत के लिए उनका आखिरी मैच होगा। 42 वर्षीय शरत, जो रिकॉर्ड 10 बार राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं, वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी हैं, जिन्हें नवीनतम डब्ल्यूटीटी रैंकिंग सूची में 42वां स्थान मिला है। शरत ने चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "चूंकि मैंने चेन्नई में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला था और मैं अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी चेन्नई में ही खेलूंगा। मेरे पास राष्ट्रमंडल खेलों के पदक, एशियाई खेलों के पदक हैं, लेकिन ओलंपिक पदक कुछ ऐसा है जो मेरे पास नहीं है।

## हरमनप्रीत की टीम के खिलाफ दीप्ति एंड कंपनी का करो या मरो का मुकाबला

**लखनऊ (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ सुपर ओवर में मिली जीत के बाद यूपी वारियर्ज को लगातार दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। अब छह मैचों में उनके नाम सिर्फ चार अंक हैं और उनका नेट रन रेट (एनआरआर) भी सभी टीमों में सबसे ख़राब है। ऐसे में यह मैच उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। एक और हार से वह लगभग इस प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। पांच मैचों में छह अंक और पॉजिटिव एनआरआर के साथ एमआई फिलहाल अच्छी स्थिति में है। हालांकि उनकी अपनी चिंताएं हैं। यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने पांच पारियों में 14.60 की औसत और 5.03 के रन रेट से सिर्फ 73 रन जोड़े हैं। तीन बार तो ऐसा हुआ है कि 10 रन से पहले ही यह सलामी जोड़ी टूट गई है।

## सकारात्मक समापन के लिए भिड़ेंगे पंजाब एफसी और हैदराबाद एफसी

**हैदराबाद (आईएएनएस)**

हैदराबाद एफसी गुरुवार को शाम 7:30 बजे जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पंजाब एफसी की मेजबानी करेगी। ये दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं और वे अपने अभियान का सकारात्मक समापन करना चाहेंगी, ताकि अब तक किए गए काम को पूरा किया जा सके और आगामी अभियान की नींव रखी जा सके।

पंजाब एफसी 22 मैचों में सात जीत, तीन ड्रा और 12 हार से 24 अंक लेकर तालिका में दसवें स्थान पर है और आईएसएल में हैदराबाद एफसी पर लीग डबल पूरा करना चाहेगी, क्योंकि उसने रिवर्स फिक्स्चर 2-0 से जीता था। वहीं, हैदराबाद एफसी 22 मैचों में चार जीत, पांच ड्रा और 13 हार से 17 अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारतीय शेयर बाजार की दमदार वापसी

## सेंसेक्स 740 अंक बढ़ा, निवेशकों को हुआ 9 लाख करोड़ रुपये का फायदा

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबारी सत्र में दमदार तेजी देखने को मिली। निफ्टी ने लगातार 10 दिनों की गिरावट के ट्रेंड को तोड़ा और एक प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 740 अंक या 1.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,730 और निफ्टी 254 अंक या 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,337 पर था। बाजार में तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप 9 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 393 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कि मंगलवार को 384 लाख करोड़ रुपये था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,160 अंक या 2.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,168 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 436.50 अंक या 2.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,199 पर बंद हुआ।



बाजार में करीब सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और पीएसई सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। व्यापक बाजार का रुझान भी सकारात्मक था। बीएसई पर 3,241 शेयर हरे निशान में, 771 शेयर लाल निशान में और 89 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड में तकनीकी विश्लेषक, रोहन

## अदाणी ग्रुप के शेयरों में तूफानी तेजी, 11 प्रतिशत तक उछले स्टॉक

अदाणी ग्रुप के शेयरों में बुधवार को तूफानी तेजी देखने को मिली। पोर्ट्स से लेकर एनर्जी तक कारोबार करने वाले कारोबारी समूह के सभी शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। इस तेजी का नेतृत्व अदाणी ग्रीन एनर्जी की ओर से किया गया। अदाणी ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी का शेयर 81.40 रुपये या 10.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 849.95 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर ने 857.90 रुपये के उच्चतम स्तर और 769 रुपये के न्यूनतम स्तर को छुआ। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 60.35 रुपये या 9.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 707 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में शेयर ने 731.50 रुपये के उच्चतम स्तर और 646 रुपये के न्यूनतम स्तर को छुआ। अदाणी टोटल गैस का शेयर 35.05 रुपये या 6.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 582.20 रुपये पर बंद हुआ। दिन के दौरान शेयर ने 600 रुपये का उच्चतम स्तर और 544.35 रुपये का न्यूनतम स्तर बनाया।




## भारत का हाउसिंग फाइनेंस मार्केट अगले 6 वर्षों में दोगुना से ज्यादा हो जाएगा : रिपोर्ट

**मुंबई।** केयरएज रेटिंग्स द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इंडिविजुअल हाउसिंग फाइनेंस मार्केट, जिसका वर्तमान मूल्य 33 लाख करोड़ रुपये है, वित्त वर्ष 25-30 के बीच 15-16 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 77-81 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। केयरएज रेटिंग्स का मानना है कि यह वृद्धि मजबूत संरचनात्मक तत्वों और अनुकूल सरकारी प्रोत्साहनों की वजह से देखी जाएगी, जिससे 'हाउसिंग फाइनेंस' ऋणदाताओं के लिए एक आकर्षक परिसंपत्ति वर्ग बन जाएगा। इसमें कहा गया है कि आवासीय संपत्तियों का बाजार उछाल पर बना हुआ है, जो हाउसिंग फाइनेंस इंडस्ट्री का एक प्रमुख चालक है, जो 2019 से 2024 तक 4.6 लाख यूनिट तक 74 प्रतिशत की वृद्धि देख रहा है। जबकि, 2024 में बिक्री प्रदर्शन सामान्य हो गया। वित्त वर्ष 2021-24 के दौरान, बैंकों ने हाउसिंग लोन स्पेस में 17 प्रतिशत की सीएजीआर से वृद्धि की है, जबकि हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## भारतीय रेलवे वित्त निगम को मिला 'नवरत्न' का दर्जा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी), जो भारतीय रेलवे मंत्रालय के तहत एक प्रमुख वित्तीय संस्थान है, को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित 'नवरत्न' का दर्जा दिया गया है। यह मान्यता आईआरएफसी के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे को समर्थन देने वाला एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) है। अपने सफर का आंकड़ा जारी करते हुए सीएमडी और सीईओ मनोज कुमार दुबे ने बताया है कि 12 दिसंबर 1986 को 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली संस्था के रूप में स्थापित आईआरएफसी ने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समय के साथ, यह एक प्रमुख वित्तीय खिलाड़ी बन गया है, जिसने 1993 में कंपनी अधिनियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्था के रूप में पंजीकरण कराया, 1998 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत एनबीएफसी के रूप में पंजीकरण कराया और 2010 में एक इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी के रूप में रजिस्टर्ड हुआ। उन्होंने बताया कि मार्च 2018 में इसे मिनी-रत्न श्रेणी-I का दर्जा दिया गया था। इसके बाद कंपनी जनवरी 2021 में आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई थी, जिसकी कीमत 26 रुपये थी, जो अब बढ़कर करीब 140 रुपये हो गई है।

## टेक्नोलॉजी देश की विकास दर को 2 से 3 प्रतिशत बढ़ा सकती है, स्किल पर करना होगा निवेश : नीति आयोग सीईओ

**नई दिल्ली ।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि टेक्नोलॉजी हमारी विकास दर को 2 से 3 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है और हमें स्किल बढ़ाने के लिए अधिक निवेश करना होगा। भारत को एक टेक केंद्रित देश बनाने के लिए नीति आयोग ने नीति फ्रंटियर टेक हब (नीति-एफटीएच) को लॉन्च किया है, जो कि फ्रंटियर टेक एक्शन टैंक होगा। इसका उद्देश्य विकसित भारत की दिशा में तेज आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी इनोवेशन और उसके उपयोग को बढ़ाने के लिए देश को सक्षम बनाना है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले अदाणी फाउंडेशन ने मुंद्रा में 1,000 से ज्यादा 'लखपति दीदियों' को सम्मानित किया

**मुंद्रा ।** अदाणी फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले बुधवार को गुजरात के कच्छ के मुंद्रा में एक इवेंट में 1,000 से ज्यादा 'लखपति दीदियों' को सम्मानित किया। अदाणी फाउंडेशन कच्छ में महिलाओं के सशक्तीकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करके और उनके कौशल विकास और उद्यमिता के अवसरों को सुविधाजनक बनाकर, फाउंडेशन उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**आंखो देखा सदन** | बजट में आय-व्यय पर चर्चा के बाद सरकार ने दिया उत्तर

# अबुआ बजट गांधी व अंबेडकर के विचारों वाला बजट : वित्तमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधान सभा बजट सत्र 2025-26 के सातवें दिन आय व्यय पर चर्चा हुई, जिसके बाद सरकार ने अपना उत्तर सदन के समक्ष रखा। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशार ने बजट पर सरकार का उत्तर देते हुए कहा कि अबुआ बजट पर दो दिवसीय चर्चा हुई जिसमें 15 सदस्यों ने भाग लिया। वित्तमंत्री ने कहा कि बजट में राजनीति की गंजाइश नहीं रह जाती है, क्योंकि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता परिवार है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के मुखिया हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहती है कि कल्याणकारी योजनाओं में सरकार कटौती की है उनको बताना चाहता हूं कि योजनाओं में मामूली कटौती की गई है। वहीं यह भी बताना चाहूंगा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि किसी दूसरे योजना मद से नहीं ली जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र से हम भीख नहीं मांग रहे, केंद्रीय करों में राजस्व की हिस्सेदारी होती है उसी का अनुदान मांग रहे हैं। यह भी कहा कि हरिजन शब्द प्रयोग करना गलत है तो हरिजन

## हरिजन विद्यालय का नया नाम अनुसूचित जाति विद्यालय होगा




विद्यालय के जगह अनुसूचित जाति शब्द का प्रयोग किया जाएगा और सारे हरिजन विद्यालय के नाम बदलकर अनुसूचित जाति विद्यालय रखे जाएंगे। वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अबुआ बजट हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर के विचारों वाला बजट है।

वहीं विधानसभा में विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर कई आरोप लगाए। उन आरोपों को सत्ता पक्ष ने जवाब देने की कोशिश की और कुछ मामलों के जवाब के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। सदन में स्वर्ण रेखा परियोजना के अधीन शीर्ष कार्य मंडल में फर्जी खाता खोलकर करोड़ों रुपए के अवैध निकासी के मामले को लेकर गहमा गहमी रही और मंत्री योगेंद्र प्रसाद पर कार्यपालक अभियंता को बचाने के आरोप भी लगे। वहीं जल जीवन मिशन, पथों के निर्माण, गांवों को पंचायत का दर्जा, सरकारी नौकरी की मांग, बेरोजगारी भत्ते की मांग, विस्थापितों के पुर्नवास, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन की मांग सदन में गूंज रही थी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरन ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के अलावे अन्य जगहों पर भी भू-अर्जन सरकार ने की है। समय - समय पर उन विस्थापितों से बात होती आ रही है। उन्होंने कहा कि कुछ गांव ऐसे हैं जो निगम से संक्रमित है, जिनमें न तो निगम जैसी सुविधा उपलब्ध है और न ही पंचायती राज्य की योजनाएं। ऐसे में उन गांवों का विकास थम गया है। श्री सोरेन ने बताया कि उन गांवों को पंचायत का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार से वार्ता के बाद ही संभव है।

रमजान व होली पर स्वास्थ्य मंत्री का बड़ा तोहफा

# 1800 एमपीडब्ल्यू कर्मियों के मानदेय में 5000 की बढ़ोतरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के



स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मल्टी पर्पस वर्कर्स (एमपीडब्ल्यू) के मानदेय में बड़ी वृद्धि करते हुए 5,000 रुपये की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। अब एमपीडब्ल्यू कर्मियों को 25,000 रुपये मानदेय मिलेगा, जिसका एरियर 1 सितंबर 2024 से प्रभावी होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने यह निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश के ग 1,800 एमपीडब्ल्यू कर्मियों में खुशी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, ये सभी कर्मचारी जान हथेली पर रखकर जनता की सेवा कर रहे हैं। हमारी सरकार उनकी मेहनत और समर्पण का पूरा सम्मान करती है। यह केवल वेतन वृद्धि नहीं, बल्कि उनके अद्वितीय योगदान को सलाम करने का एक प्रयास है। जिस विश्वास के साथ झारखंड की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुना है, हम उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लंबे समय से वेतन बढ़ोतरी की मांग हो रही थी । रमजान और होली त्यौवहार पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के इस फैसले से एमपीडब्ल्यू कर्मियों में उत्साह है।

# चांदी के मुकुट पर भाजपा प्रवक्ता ने उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता रमाकांत



महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के चांदी के मुकुट पहनने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह झारखंडी संस्कृति के प्रतिकूल है। भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने मंईयां सम्मान योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि योजना की राशि सत्ताधारी दल के दलालों के खाते में भेजी गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आर्थिक नाकेबंदी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश में अशांति का वातावरण तैयार करने की कोशिश है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
Electric Supply Area, Medininagar
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office: By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102
email:-gm_mdnjseb@yahoo.in/ Telephone:-06562-295539

**e-Tender cancellation notice**

Due to unavoidable reason, NIT No-304/PR/JBVNL/2024-25and 305/PR/JBVNL/2024-25 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें

PR No. 345955

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR 347900 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.
CORRIGENDUM

Tenders Postponed vide PR No.- 342761 (Building) 24-25 (D) has been reinvited.

Date of Sale of BOQ will be on dated 10.03.2025 Time 1:00 PM and Received of the tenders BOQ will be on dated 11.03.2025 Time 3:00 PM and Opening dated 11.03.2025 of tenders will be Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 347865 Building(24-25)D


# स्पीकर की मनमानी के कारण भाजपा ने किया सदन से वॉकआउट : मरांडी

- *अवैध कोयला तस्करी के लिए झामुमो कर रहा नाकेबंदी का नाटक*
- *रॉयल्टी बकाया, विस्थापन कांग्रेस की देन जिसकी गोद में खेलता और खाता है झामुमो*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के विधायकों ने आज बजट पर चल रहे वाद विवाद के बीच सदन से वॉकआउट किया। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। सत्ता पक्ष को बोलने में तरजीह दी जाती है, आसन के द्वारा ज्यादा समय दिए जाते हैं ।

कहा कि वहीं जब विपक्ष के सदस्य जब बोलने के लिए खड़ा होते हैं तो बार बार टोका टोकी की जाती है। कहा कि आज भी कुछ



ऐसा . हुआ। भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रही थी तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने टोका।

कहा कि दुर्भाग्य जनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने स्पीकर ा से टोका टोकी में बर्बाद समय के बदले समय की मांग की तो अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। यह पूरी तरह से मनमानी है। सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्ष की बातों को दबाने की साजिश है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा के विधायकों ने आज इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करते हुए सदन से वॉकआउट किया। झामुमो द्वारा खनिजों की नाकेबंदी की घोषणा पर श्री मरांडी ने कहा कि यह झामुमो की पुरानी आदत है। ये सब केवल कोयले की अवैध ढुलाई के लिए दिखावा है। उन्होंने कहा कि आज प्रतिदिन धनबाद, बोकारो से 400 से 500ट्रक कोयले की अवैध ढुलाई हो रही। जिसे राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन का पूरा संरक्षण प्राप्त है।

केंद्र सरकार पर बकाए की बात पर कहा कि बार-बार ब्रेकअप मांगने के बाद भी झामुमो यह नहीं बताता कि कब का कितना बकाया है। उन्होंने कहा कि आज जिस कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठकर झामुमो खेल रहा है,खा रहा है,ये सब उसी कांग्रेस पार्टी की देन है।

राज्य में चाहे सीसीएल, बीसीसीएल, एचईसी के विस्थापितों की समस्या हो इसके समाधान केलिए कांग्रेस पार्टी ने 60वर्षों के शासन में कोई चिंता नहीं की। कहा कि आज मोदी सरकार राज्य की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है लेकिन कांग्रेस झामुमो को समाधान की चिंता नहीं। इन्हें राज्य को लूटने का केवल अवसर चाहिए।

# होली को लेकर विस की कार्यवाही 17 को स्थागित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आज बजट सत्र सातवें दिन सदन के कार्यवाहियों के अतिरिक्त झारखंड विधानसभा में अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। बैठक में होली के त्योहार के मद्देनजर सदस्यों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चलते बजट सत्र के 17 मार्च के कार्यदिवस को स्थगित करते हुए उस दिन होने वाली सदन में समस्त कार्यवाहियों को 22 मार्च को लिए जाने का निर्णय लिया गया।

विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड सेंटर के तत्वाधान में झारखंड विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस ब्लड डोनेशन कैंप में भारी संख्या में लोग रक्तदान कर रहे हैं। बुधवार को सांकेतिक रूप से विस अध्यक्ष के विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक कुमार, राहुल कुमार, स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर रविंद्र कुमार मिश्रा ,प्रशाखा पदाधिकारी झारखंड विधानसभा के अतिरिक्त अन्य लोगों ने भी रक्तदान किए।


कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone No. & FAX.:-06526-222064 zplohardaga@gmail.com

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**

कार्यालय उपयोग हेतु भाडे पर Innova Crysta लिया जाना है इच्छुक व्यक्ति / कम्पनी / फर्म / संस्था वाहन का Owner Book, Insurance एवं Pollution Certificate तथा अपना दर बन्द लिफाफे में जिला परिषद् कार्यालय में दिनांक 08.03.2025 को पूर्वाह्न 11:00 (ग्यारह) बजे तक जमा कर सकते हैं।

नोट : वाहन का रख रखाव वाहन मालिक के द्वारा किया जयेगा।
वाहन के ईंधन एवं चालक कार्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।
विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा में संपर्क करें।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 347836 Lohardaga (24-25)_D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

चैनपुर थाना काण्ड सं0–212/2022, दिनांक 11.09.2022, धारा–307/120बी0 भा0द0वि0 एवं 25(1–बी0)ए0/26/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त अखिलेश जी उर्फ अखिलेश यादव, पिता गुली यादव ग्राम होटाई थाना पांकी जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर :– 9431706239
थाना प्रभारी,चैनपुर :– 8340499749

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 347856 Police(24-25)#D


## पृष्ठ एक के शेष

**अंतरराज्यीय समन्वय से...**

इसके लिए संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित दोनों जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों ने सीमावर्ती क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को अवैध गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने का निर्देश दिया। बैठक में पलामू उपायुक्त शशि रंजन, औरंगाबाद जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहू, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, गौरांग महतो, उत्पाद अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी सहित कई वरीय अधिकारी और सीमावर्ती थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

**उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने...**

पुलिस प्रशासन और सीआरपीएफ बलों के प्रयास से इसे पूरी तरह नक्सलमुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यहां भयमुक्त वातावरण स्थापित किया गया है, जिससे विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सुरक्षा बल विषम परिस्थितियों में तैनात रहकर आमजन को सुरक्षित माहौल दे रहे हैं, जिसमें सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जवानों की समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीआरपीएफ कमांडेंट एन. के. सिंह, दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ एबिन बेन्नी एब्राह्म, एसडीओ रंका रुद्र प्रताप सिंह, एएसपी राहुल कुमार बराईक, ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता धर्मेंद्र कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह, बरगढ़ बीडीओ अमित कुमार, सीओ राकेश भूषण सिंह और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सभी के सहयोग से राज्य...**

औद्योगिक जगत में अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है। मजदूरों के कार्य भी मशीनों के जरिए हो रहे हैं। ऐसे में अगर समय के अनुरूप आप अपने हुनर को नहीं निखारेंगे तो जमाने से काफी पीछे रह जाएंगे। रोजगार प्राप्त करना आपके लिए बड़ी चुनौती बन जाएगी। हमारा प्रयास है कि नई -नई तकनीको के माध्यम से आपको प्रशिक्षण मिले ताकि रोजगार के रास्ते आपके लिए हमेशा खुले रहें।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को आईटीआई पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन का अहम हिस्सा बनता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तकनीक काफी आगे बढ़ चुका है। आज कृषि हो या उद्योग अथवा कोई और क्षेत्र- हर जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल तेज होता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से अब आप अपने को अलग नहीं रख सकते हैं। ऐसे में हमारे नौजवान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए आईटीआई संस्थानों के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों की मरम्मत का प्रशिक्षण देने के लिए भी कोर्स संचालित करने पर जोर दिया।

**प्रखंड स्तर पर कौशल विकास के प्रशिक्षण की है व्यवस्था :** मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अब प्रखंड स्तर पर ही कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। मेरा नौजवानों से आग्रह है कि वे कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में आएं और अपने को दक्ष बनाएं। आपकी दक्षता आपके करियर को नई दिशा देगी।

**युवाओं को एंटरप्रेन्योर एवं स्टार्टअप शुरू करने के लिए तैयार करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर ना सिर्फ उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं बल्कि उनके हुनर को इस तरह से निखारने का प्रयास हो रहा है कि वे एक एंटरप्रेन्योर के रूप में आगे आकर अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकें। इससे ना सिर्फ वे रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ने में सफल होंगे।

**कौशल विकास के साथ रोजगार उपलब्ध करा रही है सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं का कौशल विकास के साथ उनके रोजगार के लिए भी कार्य कर रही है। कैंपस प्लेसमेंट और रोजगार मेला तथा कई अन्य माध्यमों से पिछले वर्ष 50 हजार से अधिक युवाओं को देश-विदेश के संस्थानों में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी एक व्यक्ति के बलबूते राज्य आगे नहीं बढ़ सकता है । सभी की भागीदारी से झारखंड जैसे राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार , श्रम विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा एवं कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**गढ़वा में दिनदहाड़े 2.5 लाख की...**

नीचे गिर गए लेकिन उन्होंने बाइक नहीं छोड़ी। कुछ दूर तक घसीटे जाने के बाद बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इस दौरान एक लुटेरा भाग निकला, लेकिन दिलीप ने दूसरे को धर दबोचा।

**लोगों ने लुटेरे की जमकर पिटाई, पुलिस कर रही जांच :** घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और लुटेरे की पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार लुटेरे की तलाश जारी है। पीड़ित से लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

**सारंडा में नक्सलियों का...**

अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। जिसको लेकर सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सोमवार को नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अजय महतो और उनके दस्ता सदस्यों के सारंडा क्षेत्र में भ्रमणशील होने की सूचना मिली। जिसको लेकर गुवा थाना के आसपास के पहाड़ी और जंगली इलाकों में सर्च अभियान शुरू किया गया है।

**अभियंताओं पर करें कार्रवाई...**

वाला काम हो रहा है। इसका मतलब है कि अधिकारी को बचाया जा रहा है। पूरे मामले को सिर्फ संतोष कुमार रोकडपाल पर सिर्फ एफआईआर कर मामले को समाप्त नहीं किया जा सकता। मथुरा महतो और हेमलाल मुर्मू ने प्रदीप यादव का पक्ष लेते हुए कहा कि विभागीय जांच का मतलब लीपापोती है। इसलिए प्राथमिकी होनी चाहिए, क्योंकि इस मामले में सिर्फ रोकड़पाल संतोष कुमार पर कार्रवाई की गई है। जब वित विभाग ने सभी को दोषी पाया है तो कारेरवाई एक पर क्यों, इस बीच पूरे मामले में व्यंग करते हुए विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि यदि सत्ता पक्ष के विधायकों को दोषियों पर कार्रवाई करने में इतनी मशक्कत करनी पड़ रही है, तो विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कार्रवाई करने में क्या स्थिति होगी। फिर प्रभारी मंत्री द्वारा एफआईआर नहीं कराने पर प्रदीप यादव ने कहा कि ऐसे में वह सदन में धरना पर बैठ जाएंगे। वहीं हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बिना कार्यपालक अभियंता के रोकड़पाल गबन नहीं कर सकता है। प्रभारी मंत्री के रूख से लग रहा है कि वह बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी नीयत पर सवाल उठता है। देर तक चली बहस में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सात दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराया जायेगा। इस पर प्रदीप यादव ने आसन से आग्रह किया कि इस प्रश्न को 7 दिन के लिए स्थगित कर दिया जाए। जिसके बाद स्पीकर ने इस प्रश्न को सात दिन के लिए स्थगित कर दिया। अब इस प्रश्न पर सात दिन के बाद चर्चा होगी।


कार्यालय :- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
आम सूचना
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

एतद् द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों को ओ0डी0एफ0 प्लस (ODF +) घोषित किया गया है।

उक्त सूचना के आलोक में यदि किन्ही नागरिक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे दिनांक तीन दिनों के अंदर तक अपना आपत्ति/प्रतिक्रिया आदि कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर के शिकायत एवं सुझाव पेटी में लिखित रूप में जमा कर सकते हैं या ई–मेल (npsbnagar@gmail.com) कर सकते हैं। उक्त अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय द्वारा स्वीकार्य नहीं होगा।

प्रशासक, नगर पंचायत,
श्री बंशीधर नगर।

PR 347857 Rural Development(24-25)D



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
( भू-अर्जन शाखा )

**SCHEDULE**

**Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling Reconstruction of Duari To Roll Road in the district of CHATRA of the State of JHARKHAND.**

| State: Jharkhand | | | District : Chatra | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Survey / Plot No. | Type of Land | Nature of Land | Acquisition Area (in Acre.) | Acquisition Area (in Hectare) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk : Gidhour | | | | | |
| Village : Jokahi (69) | | | | | |
| 1 | 1 | - | - | 0.0562 | 0.0227 |
| 2 | 2 | - | - | 0.0823 | 0.0333 |
| 3 | 3 | - | - | 0.082 | 0.0332 |
| 4 | 86 | GM Khas | GM Khas | 0.4218 | 0.1707 |
| 5 | 130 | GM Aam | GM Aam Rasta | 1.5495 | 0.6271 |
| | | | Sub Total- | 2.1918 | 0.8870 |

अमीन संबंधित सहायक प्रधान सहायक कानूनगो

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
–सह–
सक्षम पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.347817 Land Reforms(24-25):D

## 'वेल्थ रिपोर्ट 2025 : अमेरिका और चीन के बाद भारत तीसरे स्थान पर

# बढ़ रही करोड़पतियों और अरबपतियों की संख्या

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नाइट फ्रैंक की ताजा 'वेल्थ रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत में करोड़पतियों और अरबपतियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 950 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई है, जो अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 83 करोड़ रुपए) से अधिक की संपत्ति वाले भारतीय उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्तियों की संख्या 2024 में 6% बढ़कर 85,698 हो गई। यह संख्या 2028 तक बढ़कर 93,753 होने का अनुमान है, जो भारत के धन सृजन की तेजी को दर्शाता है।



### संयुक्त संपत्ति 950 अरब डॉलर

भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 950 अरब अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, जो अमेरिका (5.7 ट्रिलियन डॉलर) और मेनलैंड चीन (1.34 ट्रिलियन डॉलर) के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत की यह संपत्ति वृद्धि देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालिक विकास क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय धनिक वर्ग न केवल संपत्ति बढ़ा रहा है, बल्कि अपनी निवेश प्राथमिकताओं में भी बदलाव कर रहा है। अब वे रियल एस्टेट के साथ वैश्विक इक्विटी और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में भी निवेश कर रहे हैं। बैजल के अनुसार, अगले दशक में भारत का वैश्विक संपत्ति सृजन में प्रभाव और अधिक मजबूत होने की संभावना है।

**भारत में अब 191 अरबपति**

भारत में अरबपतियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में देश में कुल 191 अरबपति हो चुके हैं, जिनमें से 26 नए अरबपति पिछले साल इस सूची में शामिल हुए। 2019 में यह संख्या मात्र 7 थी, जिससे स्पष्ट होता है कि भारत में संपत्ति सृजन की गति तेज हुई है।

## भारत वसूलता है 100 फीसदी ऑटो टैरिफ डोनाल्ड ट्रंप का आरोप कितना सही?

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पारस्परिक टैरिफ लगाने की अपनी धमकियों को दोहराते हुए भारत पर ऑटो पर 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाने का आरोप लगाया, जबकि भारत ने उच्चतम दर को घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपनी नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा, "भारत ऑटो पर 100 प्रतिशत से अधिक टैरिफ लगाता है।"
हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने अपने बजट में घोषणा की थी कि लग्जरी कारों पर टैरिफ को 125 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया जा रहा है। उन्होंने हाई-एंड मोटरसाइकिलों पर भी टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया।
वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकी अधिकारियों के साथ टैरिफ पर चर्चा करने के



लिए वाशिंगटन का दौरा करेंगे। ट्रंप ने टैरिफ बढ़ाने के अपने फैसले को उचित ठहराते हुए कहा, "अनगिनत अन्य देश जितना हम वसूलते हैं उससे बहुत अधिक टैरिफ वसूलते हैं।" उन्होंने घोषणा की कि, "वे हमसे जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे।" पारस्परिक टैरिफ या रेसिप्रोकल टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होंगे। बता दें टैरिफ उस कर को बोला जाता है जो देश में प्रवेश करने वाले सामानों पर लगाया जाता है, जो आयात के मूल्य के अनुपात में होता है।

## 30 लाख की 20 टन प्रतिबंधित खैर लकड़ी जब्त, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की मसूरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 टन प्रतिबंधित खैर प्रजाति की लकड़ी बरामद की। इसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया है। घटना के संबंध में थाना मसूरी पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया है कि आरोपियों की पहचान दीपक तिवारी (36), निवासी ग्राम बसई, थाना बसई, जिला दतिया, मध्य प्रदेश और हरी सिंह परिहार (38), निवासी ग्राम बसई, थाना बसई, जिला दतिया, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया है कि मसूरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रक में प्रतिबंधित खैर प्रजाति की लकड़ी का परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने ईस्टर्न पेरीफेरल अंडरपास के पास से ट्रक को रोका और जांच की। ट्रक से करीब 20 टन खैर प्रजाति की लकड़ी बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वे लकड़ी मध्य प्रदेश से चोरी-छुपे लेकर आ रहे थे और हिमाचल प्रदेश के सागर कत्था फैक्ट्री में पहुंचाने की योजना थी।

## बांग्लादेश चाहता है भारत से मजबूत संबंध

# ढाका को जल्द वीजा बहाली की उम्मीद

ढाका (आईएएनएस)

मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाना चाहता है और वे इस बारे में हमेशा स्पष्ट रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हुसैन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय उच्चायोग जल्द ही बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना फिर से शुरू कर देगा।

उन्होंने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के विचारों को दोहराया। युनूस ने कहा था कि भारत और बांग्लादेश के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए हुसैन ने कहा, "मुख्य सलाहकार की ओर व्यक्त किए गए विचार हमारे रुख को दर्शाते हैं। मैंने पहले भी आपसी सम्मान के आधार पर रचनात्मक कार्य संबंध की जरुरत पर जोर दिया है। बाकी बातें समय के साथ सामने आएंगी। दोनों पक्षों के अपने-अपने हित हैं और रिश्ते उसी के अनुसार विकसित होंगे। भारतीय उच्चायोग की तरफ से वीजा सेवाओं की बहाली के बारे में किसी भी अपडेट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने



कहा, "ऐसी जानकारी भारत से आनी चाहिए। हमने वीजा संबंधी जटिलताएं पैदा नहीं की हैं। वीजा जारी करना एक संप्रभु विशेषाधिकार है। यदि कोई देश कुछ व्यक्तियों या समूहों को वीजा न देने का निर्णय लेता है, तो यह उसका अधिकार है, और कोई आपत्ति नहीं उठाई जा सकती। हमें उम्मीद है कि वे अपने निर्णय की जानकारी हमें देंगे और संभावित यात्रियों के लिए प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने की कोशिश करेंगे। पिछले महीने हुसैन ने मस्कट में हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान भारत के विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर से मुलाकात की थी। इस बैठक के दौरान, दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों में चुनौतियों को पहचाना और उनसे निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर चर्चा की।
भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, ईएएम जयशंकर ने कहा था कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

### विरोध प्रदर्शन के बाद भारत ने बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना बंद कर दिया था

बैठक के बाद बांग्लादेशी मीडिया ने यह भी बताया कि विदेश मंत्री जयशंकर और हुसैन ने द्विपक्षीय संबंधों के मौजूदा संदर्भ में उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के लिए काम करने के महत्व पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने इस वर्ष के अंत में बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक के 'आयोजन के विषय' पर भी चर्चा की। पिछले वर्ष दक्षिण एशियाई देश में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद भारत ने बांग्लादेशियों को वीजा जारी करना बंद कर दिया था। इस विरोध प्रदर्शन के कारण दक्षिण एशियाई देश में हिंसा और दंगे भड़क उठे थे। भारत और बांग्लादेश के संबंध पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद से बिगड़ने लगे थे। हसीना के देश छोड़ने के बाद से देश में अल्पसंख्यक समुदायों और उनके धार्मिक स्थलों पर निशाना साधे जाने लगा जिसकी भारत ने आलोचना की।

## ट्रंप ने पाकिस्तान को कहा 'शुक्रिया'

# इस्लामिक स्टेट का एक आतंकवादी हुआ गिरफ्तार

वाशिंगटन (आईएएनएस)

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि काबुल एयर पोर्ट के बाहर 2021 में हुए एक घातक आत्मघाती बम विस्फोट के लिए कथित रूप से जिम्मेदार इस्लामिक स्टेट के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 26 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान से भागने की कोशिश कर रहे लोगों को निशाना बनाते हुए हमलावर ने एक डिवाइस में विस्फोट किया था। धमाके में लगभग 170 अफगानी और 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई थी।

अप्रैल 2023 में, व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि हमले की साजिश में शामिल इस्लामिक स्टेट के एक कमांडर को अफगानिस्तान की नई तालिबान सरकार के एक ऑपरेशन में मार दिया गया। अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार कांग्रेस को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि पाकिस्तान ने 'उस अत्याचार के लिए जिम्मेदार शीर्ष आतंकवादी' की गिरफ्तारी में मदद की। उन्होंने कहा, "और वह अमेरिकी न्याय की तेज तलवार का सामना करने के लिए



यहां आ रहा है। ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती जो बाइडेन की 'अफगानिस्तान से विनाशकारी और अक्षम वापसी' की निगरानी पर कटाक्ष किया। उन्होंने 'इस राक्षस को गिरफ्तार करने में मदद करने के लिए' पाकिस्तान को धन्यवाद दिया, लेकिन संदिग्ध या गिरफ्तारी अभियान का कोई विवरण नहीं दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद शरीफुल्लाह के रूप में की है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया, "मैं रिपोर्ट कर सकता हूं कि आज रात एफबीआई, डीओजे (न्याय विभाग), और सीआईए (केंद्रीय खुफिया एजेंसी) ने अफगानिस्तान से वापसी के दौरान एबी गेट पर 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों में से एक को प्रत्यर्पित किया।

## किसानों का चंडीगढ़ मार्च रोकने के लिए पुलिस ने की नाकेबंदी : डीआईजी गुरचरण सिंह भुल्लर

चंडीगढ़ (आईएएनएस)

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के चंडीगढ़ कूच के ऐलान के बाद पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी है और किसानों के मूवमेंट को रोकने के लिए कड़ी नाकेबंदी की है। पंजाब पुलिस के डीआईजी गुरचरण सिंह भुल्लर ने कहा कि सभी नाकों पर कड़ी नाकाबंदी की गई है और पुलिस मुस्तैद है। अब तक किसानों का कोई मूवमेंट नहीं हुआ है और सब कुछ शांतिपूर्वक चल रहा है। डीआईजी भुल्लर ने यह भी कहा कि प्रदेश के चंडीगढ़ को जोड़ने वाले सभी रास्ते सामान्य हैं और पूरे पंजाब में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों को चंडीगढ़ नहीं आने दिया जाएगा। पंजाब में सुरक्षा के लिए बहुत मजबूत नाके लगाए गए हैं और नाकेबंदी की गई है, जिससे किसानों की कोई भी गतिविधि रुक गई है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब में किसी भी स्थान पर किसानों को आने की कोशिश करने पर इलाके की पुलिस उन्हें रोककर अलग कर देती है, और पूरे पंजाब में ट्रैफिक सामान्य रूप से चल रहा है।

डीआईजी ने यह कहा कि किसानों को राउंड अप किया गया है तथा यदि और किसान आकर आंदोलन करने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें भी राउंड अप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पुलिस के साथ पूरा संयोजन स्थापित किया गया है और दोनों पुलिस बल मिलकर काम कर रहे हैं। चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी भी मदद कर रही हैं।

**हमें चाहिए बुनियादी हक**

## पाक-ईरान में मुश्किल हालात का सामना कर रहे अफगान शरणार्थियों ने मांगी मदद

**काबुल ।** पाकिस्तान और ईरान में लगातार उत्पीड़न का सामना कर रहे अफगानिस्तान के शरणार्थियों ने तालिबान सरकार और विभिन्न मानवाधिकार संगठनों से मदद की गुहार लगाई है। शरणार्थियों ने कहा कि वैध कानूनी दस्तावेज होने के बावजूद उन्हें स्थानीय अधिकारियों [खासकर पाकिस्तान में] की तरफ से अवैध हिरासत, निर्वासन और भेदभाव का खतरा बना हुआ है। एक शरणार्थी ने अफगानिस्तान के टोलो न्यूज नेटवर्क से कहा, "पुलिस अधिकारी किसी भी बहाने से अफगान शरणार्थियों को हिरासत में ले लेते हैं, चाहे उनके पास कानूनी दस्तावेज हों या नहीं। वे सभी को निर्वासित कर देते हैं, जिससे उनकी पत्नियां और बच्चे बिना किसी सहारे के फंस जाते हैं।

## ईरान से लौटे विद्वानों की गिरफ्तारी पर गिलगिट-बाल्टिस्तान में तनाव

लाहौर (आईएएनएस)

ईरान से लौटने के बाद तीन धार्मिक विद्वानों की गिरफ्तारी के खलिाफ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी खारमंग से सैयद

**सड़क पर उतरे लोग**

आगा अली अब्बास, स्कार्दू से शेख गुलाम अब्बास और शिगर से शेख अख्तर हुसैन की तत्काल रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें 25 फरवरी को बलूचिस्तान क्षेत्र में ईरान के साथ सीमा पार करके पाकिस्तान में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। अत्यधिक ठंड और भारी बर्फबारी के बावजूद, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पिछले एक सप्ताह से धरना दे रहे हैं और खारमंग में कारगिल मार्ग को भी अवरुद्ध कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि तीनों विद्वानों को पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों ने बिना किसी अपराध के हिरासत में लिया है। मंगलवार देर शाम अपुष्ट रिपोर्टों में कहा गया कि प्रदर्शनकारियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने दो विद्वानों को रिहा करने का वादा किया है, लेकिन शेख अख्तर हुसैन को हिरासत में रखने की योजना बनाई है।

**कहानी फिल्म जगत की**

## पिता की मौत के 6 दिन बाद प्रियंका ने मां को दिया था जॉन अब्राहम

ग्लोबल स्टार बन चुकी प्रियंका चोपड़ा का जन्म जमशेदपुर में गुमलावासी नाना के घर हुआ था, इन दिनों एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 के साथ भारतीय सिनेमा में एंट्री करने जा रही है। प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने लेहरन रेट्रो के दिए एक इंटरव्यू में उस पल को याद किया कि कैसे उनके पति की मौत के बाद प्रियंका ने जॉन अब्राहम के साथ मिलकर उन्हें एक बड़ा सरप्राइज दिया था। मधु चोपड़ा ने खुलासा किया कि प्रियंका ने उनके पति अशोक चोपड़ा के मौत के 6 दिन बाद ही उनके लिए जन्मदिन की पार्टी आयोजित करने पर जोर दिया और उस पल को याद किया। मधु ने आगे बताया कि "उनका निधन 10 जून को हुआ और मेरा जन्मदिन 16 जून को है। मैं 60 साल की होने वाली थी और प्रियंका ने मेरे लिए एक बड़ी पार्टी का प्लान बनाया था। पति की बीमारी के कारण पूरा परिवार पहले से ही वहां मौजूद था। उनके निधन के बाद, हम शोक में थे, लेकिन प्रियंका ने जोर देकर कहा कि हम पार्टी के साथ आगे बढ़ें और सभी को रुकने के लिए कहा। प्रियंका ने कहा, 'पिताजी यही चाहते थे'।

### मधु चोपड़ा जॉन अब्राहम की फैन

मधु चोपड़ा खुलासा किया कि वह जॉन अब्राहम की बहुत बड़ी फैन हैं और आगे बताया कि, " प्रियंका ने जॉन से आधी रात को आने का अनुरोध किया था और जॉन बर्थडे के गिफ्ट की तरह पैक होकर आए। कल्पना कीजिए! प्रियंका ने कहा, 'नहीं, मम्मी को अपना पल बिताना है।' यह डीजे और म्यूजिक के साथ एक मजेदार पार्टी थी। लेकिन परिवार के बाकी लोग उदास होकर बैठे रहे, और कह रहे थे, 'उसे देखो! वह नाच रही है! क्या मधु अपने पति के लिए दुखी नहीं है?' इस बीच, मैं सोच रही थी, 'मेरी बेटी ने यह सब व्यवस्थित किया है; मेरे बच्चों ने बहुत प्रयास किया है। वे सभी पीड़ित और दुखी हैं, लेकिन प्रियंका इस तरह से अपने पिता का सम्मान कर रही है।' प्रियंका ने यहां तक कहा, 'मैं उनकी इच्छा का सम्मान कर रही हूं, और बेहतर होगा कि आप भी उनके साथ चलें।' वह ऐसी ही इंसान हैं। मधु ने आगे बताया कि जॉन बो टाई पहने हुए आए थे और बहुत प्यारे लग रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने बर्थडे पार्टी की कोई फोटो ली है, तो मधु ने कहा कि उन्हें याद नहीं है कि किसी ने उस पल को कैद करने के बारे में सोचा भी था या नहीं।

### प्रियंका चोपड़ा के अपकमिंग प्रोजेक्ट

प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 में नजर आएगी। इस फिल्म में महेश बाबू भी है। बता दें कि, यह फिल्म इंडियाना जोन्स जैसी ही एक एक्शन-एडवेंचर है और यह इस साल जनवरी में हैदराबाद में लॉन्च किया गया था। प्रियंका के पास जॉन सीना और इदरीस एल्बा के साथ हेड्स ऑफ स्टेट और रुसो ब्रदर्स की सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन भी पाइपलाइन में है।



